# अब पात्रों को घर बैठे मिलेगा पारिवारिक लाभ

## योगी सरकार की पहल से बदली व्यवस्था, पारदर्शी पोर्टल से मिल रही तेजी से मदद, आवेदन से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना को अब और अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। अब पात्र परिवारों को योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने

- **आकस्मिक स्थिति में मिलेगी तत्काल सहायता, डीएम की अनुमति से होगा सीधे भुगतान**
- **हर जरूरतमंद तक पहुंचे योजना, तहसील स्तर पर प्रचार-प्रसार के निर्देश**

की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

इस नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

**जिला समाज कल्याण अधिकारी की अहम जिम्मेदारी :** योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी। बजट की कमी होने पर भी जिलाधिकारी ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो।

**त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था :** आकस्मिक परिस्थितियों में तत्काल सहायता के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं।जिला समाज कल्याण अधिकारी और जिलाधिकारी डिजिटल सिग्नेचर के जरिए आवेदन सत्यापित करेंगे और स्वीकृति के बाद तुरंत भुगतान होगा। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार और तकनीकी सुधार पर योगी सरकार का जोर :** योगी सरकार ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया है। तहसील दिवसों में लाभार्थियों की सूची और पात्रता की शर्तों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। होर्डिंग, पोस्टर और हैंडबिल के जरिए भी लोगों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद इस योजना का लाभ उठा सकें।योजना को लेकर तकनीकी स्तर पर भी सुधार किए जा रहे हैं। योगी सरकार इस योजना में तकनीकी सुधार भी कर रही है।जैसे छात्रवृत्ति योजनाओं में आधार से सीडिंग की पुष्टि की जाती है, उसी तरह अब पारिवारिक लाभ योजना में भी आधार आधारित स्टेटस चेकिंग के माध्यम से लाइव वेरिफिकेशन की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी, जिससे खाते की स्थिति तुरंत स्पष्ट हो सके।

**जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध दिख रही योगी सरकार :** योगी सरकार का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे और उनकी जिंदगी आसान बने।इसके लिए योगी सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है।जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एक मुश्त भुगतान करती है। योगी सरकार राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना को पारदर्शी और तेज बनाकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी पात्र परिवार मदद से वंचित न रहे।वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

## पढ़े-लिखे योग्य युवाओं के दरवाजे खुद पहुंच रही सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की सीएम युवा योजना अब सिर्फ योजना नहीं, बल्कि स्वरोजगार की नई क्रांति बनकर उभर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत अब सरकार स्वयं योग्य और शिक्षित युवाओं को खोजकर उन्हें 5 लाख रुपये तक का ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने जा रही है। इस योजना के तहत विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक जनपद में अधिकारियों की टीम विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में जाकर ऐसे युवाओं को चिन्हित करेगी जो या तो ग्रेजुएशन के अंतिम वर्ष में हैं या पढ़ाई पूरी करने के बाद भी बेरोजगार हैं। उन्हें चिह्नित कर योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का लोन बिना ब्याज और बिना गारंटी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वो स्वरोजगार से जुड़कर दूसरों के लिए भी रोजगार का प्रबंध कर सकें।

**क्वालिटी एजुकेटेड और फ्रेश टैलेंट पर फोकस :** सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार योगी सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि इस योजना से सभी योग्य, शिक्षित और प्रगतिशील सोच वाले युवाओं को जोड़ा जाए ताकि वे खुद का व्यवसाय स्थापित कर न केवल खुद को बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकें। सरकार चाहती है कि युवाओं को 'बेरोजगार' की जगह 'स्वरोजगार' के रास्ते पर लाया जाए। योजनाओं के तहत संबंधित ट्रेड में उन्हें 5 लाख रुपए

- **योग्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शिक्षण संस्थानों में चलेगा अभियान**
- **युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बिना ब्याज और बिना गारंटी के 5 लाख रुपए तक का मिल सकेगा लोन**

तक का लोन और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उनका स्टार्टअप या व्यवसाय सफल हो सके। इसके लिए इसी माह से टीमें गठित कर सभी 75 जनपदों में अभियान चलाया जाएगा। यूनिवर्सिटीज, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज समेत उच्च शिक्षण संस्थाओं में ऐसे युवाओं की तलाश होगी जो अपने प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए आर्थिक मदद की तलाश में हों। ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें बिना ब्याज और बिना गारंटी के 5 लाख तक का लोन उपलब्ध कराया जाएगा।

सीएम योगी के विजन के अनुरूप प्रदेश के युवाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई इस योजना को और गति देने के लिए अधिकारियों को भी विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके तहत, निर्यात भवन लखनऊ में दो दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है, जिसमें कैपेसिटी बिल्डिंग पर जोर दिया जा रहा है। इस कार्यशाला में अधिकारियों को सीएम युवा पोर्टल को और अधिक यूजर फ्रेंडली और उपयोगी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कैपेसिटी बिल्डिंग के अंतर्गत अब अधिकारियों की क्वेरीज के आधार पर फोकस्ड और टारगेटेड प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही प्रशिक्षित अधिकारी कॉलेजों में जाकर योजना को जमीनी स्तर पर लागू करेंगे।

## संगठन सृजन की गतिशीलता के लिए बैठक आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन सृजन अभियान पूरे जोर शोर से जारी है एवं प्रदेश में पांच स्तरीय संगठन निर्माण कर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य जारी है। संगठन निर्माण की कार्यप्रगति एवं उसे और अधिक गतिशील बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय की उपस्थिति में एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में 14 जून से 19 जून तक प्रदेश के सभी जनपदों के जिला/शहर अध्यक्षगण तथा कोऑर्डिनेटरों की बैठक आहूत की गई है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव, सह प्रभारी उप्र धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, सत्य नरायण पटेल, नीलांशू चतुर्वेदी, तौकीर आलम एवं प्रदीप नरवाल भी शामिल रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन अभियान के तहत चले रहे कार्यों की समीक्षा एवं 100 दिनों की समयबद्धता के अंदर संगठन सृजन कार्यक्रम पूर्ण करने का है। 14 जून को पश्चिम जोन, 15 जून को बृज जोन, 16 जून को बुंदेलखंड जोन, 17 जून को पूर्वांचल जोन, 18 जून को अवध जोन एवं 19 जून को प्रयाग जोन के जिला/शहर अध्यक्षगण एवं कोऑर्डिनटरों की बैठक संपन्न होगी।

## लोकदल अध्यक्ष ने की न्यायिक जांच की मांग

**लखनऊ।** लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने सरकार पर निजीकरण और अस्वस्थ रवैया का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया को निजी हाथों में देने का नतीजा सामने आया है। जब मुनाफे की होड़ होती है तो सुरक्षा और रखरखाव जैसे अहम पहलू दरकिनार कर दिए जाते हैं। एयर इंडिया का क्रैश हादसा नहीं, सरकार के नीति विफलता का प्रतीक है। एयरलाइन का निजीकरण एक नीतिगत फैसला था लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। चाहे सरकारी हो या निजी, यात्रियों की जान की जिम्मेदारी सबसे ऊपर है। क्रैश की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मृत परिवार के सदस्यों को तो वापस नहीं लाया जा सकता। लोकदल परिवार एयर इंडिया के विमान हादसे से बेहद आहत और शोकाकुल हैं। इस दुखद दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनी जान गंवायी, उनके परिजनों के प्रति लोकदल परिवार की गहरी संवेदना है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रियों को मिलेंगे किट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मत्री जयवीर सिंह 14 जून शनिवार को मैनपुरी में आम जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त गाजियाबाद में सायं 6:30 बजे कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किट वितरित करेंगे। अगले दिन 15 जून को सुबह 07:00 बजे कैलाश मानसरोवर के पहले जत्थे के यात्रियों को हरी झंडी दिखा कर यात्रा का शुभारम्भ करेंगे। इसके पश्चात आगरा के लिए प्रस्थान करेंगे दोपहर 12:00 बजे सर्किट हॉउस, आगरा जनपद में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में आयुक्त आगरा मंडल जिलाधिकारी आगरा तथा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी श्री शक्ति सिंह मौजूद रहेंगे। इसके उपरान्त ताज होटल एण्ड कन्वेंशन सेन्टर पूर्वी गेट, ताज आगरा में एमएसएमई, ओडीओपी एण्ड टूरिज्म समिट कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद रहनकलां टोल प्लाजा आगरा में मंत्री का स्वागत एवं सम्मान किया जायेगा।

## भारत की 1 बिलियन कार्बन बाजार क्षमता को न छोड़ें अनछुआ : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**नई दिल्ली/लखनऊ।** सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय पर्यावरणीय सेवा सम्मेलन एवं पर्यावरण मस्केटियर्स अवॉर्ड्स 2025 में भाग लिया, जिसका आयोजन सेवाएं निर्यात संवर्धन परिषद (एसईपीसी)

- **राष्ट्रीय पर्यावरणीय सेवा सम्मेलन एवं मस्केटियर्स अवॉर्ड्स डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया सम्बोधित**
- **डॉ. सिंह ने एसईपीसी की जलवायु नेतृत्व पहल की सराहना की**

द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में होटल द ललित, नई दिल्ली में किया गया।




विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ. सिंह ने भारत की हरित नेतृत्व क्षमता के लिए एक दूरदर्शी खाका प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने हरित नवाचार, ईएसजी सुधार, कौशल विकास और अंतरपीढ़ीय जलवायु न्याय। पर विशेष बल दिया।सरकारी अधिकारियों, जलवायु विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं और नवप्रवर्तकों की इस उच्चस्तरीय सभा को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा औद्योगिकीकरण के बाद से पृथ्वी का तापमान पहले ही 1.5 सी बढ़ चुका है। यदि यह 0.5सी और बढ़ा, तो अनेक पारिस्थितिकी तंत्र अपरिवर्तनीय क्षरण की ओर बढ़ सकते हैं। आज 8 मिलियन में से 1 मिलियन से अधिक प्रजातियाँ विलुप्ति के खतरे में हैं, और 2050 तक समुद्रों में मछलियों से अधिक प्लास्टिक हो सकता है। यह अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि नैतिक, संवैधानिक और अंतरपीढ़ीय उत्तरदायित्व का विषय है।

डॉ. सिंह के संबोधन से मुख्य बिंदुः भारत की हरित क्रेडिट एवं कार्बन व्यापार क्षमता प्रमुख रहा। 1 बिलियन का कार्बन क्रेडिट बाजारः भारत के पास 1 बिलियन से अधिक मूल्य का कार्बन क्रेडिट बाजार बनाने की क्षमता है, परंतु यह क्षेत्र अभी तक विकसित नहीं हो सका है। यदि इसे रणनीतिक रूप से सक्रिय किया जाए, तो वैश्विक निवेश आकर्षित किए जा सकते हैं और उत्सर्जन में कटौती को प्रोत्साहन मिल सकता है।

भारत की कृषि भूमि, 186 जीडब्ल्यू+ नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, और अपशिष्ट प्रबंधन नवाचार हर वर्ष लाखों ग्रीन क्रेडिट उत्पन्न करने की सामर्थ्य रखते हैं। वनीकरण, टिकाऊ कृषि, ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर और जैव-ऊर्जा जैसे क्षेत्र अब भी काफी हद तक अनछुए हैं, जबकि ये मजबूत और सत्यापन योग्य जलवायु क्रेडिट उत्पन्न कर सकते हैं। विश्व स्तर पर कार्बन ऑफसेट की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में भारत को ग्रीन क्रेडिट का वैश्विक केंद्र बनकर आर्थिक विकास और एसडीजीएस दोनों लक्ष्यों की पूर्ति करनी चाहिए। डॉ. सिंह ने नियामक ढांचे को सशक्त बनाने, सत्यापन प्रणाली को मजबूत करने, तथा ग्रीन/कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग को राष्ट्रीय जलवायु नीति में एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सिंह ने एसईपीसी के इस प्रयास की सराहना की, जो वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एक शीर्ष संस्था है और जिसने ईएसजी अनुपालन, कार्बन मार्केट, हरित वित्त एवं पर्यावरणीय सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए यह बहु-हितधारक मंच प्रदान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कॉप 26, ग्लासगो में प्रस्तुत पंचामृत संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अब भारत की उन्नत एनडीसी और निम्न-कार्बन विकास रणनीतियों में समाहित हो चुका है और 2070 तक नेट-जीरो के लक्ष्य में सहायक है।इस अवसर पर पर्यावरण मस्केटियर्स अवॉर्ड्स 2025 के माध्यम से उन व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने पर्यावरणीय स्थिरता एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सम्मेलन में नीतिगत संवाद, तकनीकी पैनल चर्चा, और नेटवर्किंग सत्र आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य भारत की पर्यावरणीय सेवा क्षमताओं और नवाचारों को वैश्विक स्तर तक पहुँचाना था।

## यूपी में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा अब जमीन पर असर दिखाने लगी है। उ.प्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक, वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87% से अधिक की कमी आई है।

इसी अवधि में 2022-23 में 7322 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 4906 हुई।

2024-25 में 3801 ट्रांसफार्मर फुंके, जबकि 2025-26 में अप्रैल-मई में केवल 2613 क्षतिग्रस्त हुए। यह वर्ष 2022-23 की तुलना में 64% से अधिक की गिरावट दर्शाता है। गर्मी और बरसात के दौरान ट्रांसफार्मर फुंकना आम समस्या मानी जाती थी, लेकिन अब यह मान्यता टूट रही है। वर्ष 2022-23 में जहां 34,350 ट्रांसफार्मर

- **भीषण गर्मी के बावजूद अप्रैल और मई दो महीनों में 3233 ट्रांसफार्मर कम फुंके, जनता को मिल रही राहत**
- **महज दो महीनों में 2022-23 की तुलना में 87% तक घटी पावर ट्रांसफार्मर क्षति**
- **100 के.वी.ए. और ऊपर के ट्रांसफार्मरों की क्षति में भी 64% तक की कमी**

फुंके थे, वहीं 2024-25 में यह संख्या घटकर 33,595 रही और 2025-26 के दो महीनों में यह और घटकर 31,580 पर आ गई। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में 2015 कम ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**अध्यक्ष की सख्ती और तकनीकी नवाचारों ने निभाई बड़ी भूमिका :** डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के डैमेज को रोकने हेतु कई ठोस उपाय लागू किए। इसके तहत, पावर ट्रांसफार्मरों पर बेल प्रोटेक्शन सिस्टम, वितरण ट्रांसफार्मरों पर टेललेस यूनिट और फ्यूज यूनिट लगाए गए। लगातार मॉनीटरिंग, मैकेनिकल फॉल्ट ट्रैकिंग और रखरखाव की समीक्षा की गई। जहां ट्रांसफार्मर फुंके, वहां जिम्मेदार अभियंताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्रदेश भर में कई अधिशासी अभियंता, रऊड और अवर अभियंता कार्रवाई की जद में आए।

डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि, प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी।₹ उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 के.वी.ए. से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह प्राथमिकता रही है कि प्रदेशवासियों को 24७7 गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिले। इसके लिए उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन को निर्देशित किया था कि ट्रांसफार्मर फुंकने जैसी समस्याओं को पूरी तरह नियंत्रित किया जाए। अब डॉ. गोयल की टीम इस दिशा में नतीजे दे रही है, और जनता को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

## अनिल दुबे ने विमान हादसे पर जताया दुख

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की अध्यक्षता में रालोद पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गये लोगो के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया गया और एक शोक सभा

- **अनिल दुबे की अध्यक्षता में हुई शोक सभा**

आयोजित की गयी जिसमें दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी कि वह दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में पूर्व मंत्री अवधपाल यादव और राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य डॉ. सुरेश यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।




राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि विमान हादसे से बहुत दुखी हूं। गुजरात के अहमदाबाद मे गुरुवार को हुए विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। हम विमान में सवार सभी प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। शोक सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, पीके पाठक, सत्यप्रकाश तिवारी, रविन्द्र मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रबंधन व राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मनोज कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश

- **मुख्य सचिव ने की सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वार्ता**
- **माइक्रोमैपिंग के आधार पर ग्राम स्तर पर बाढ़ की पूर्व तैयारियां समय से करायी जाये सुनिश्चित**
- **11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां करायी जाये सुनिश्चित**

की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा



कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने कराने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ प्रबंधन व 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के आयोजन की तैयारियों तथा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माइक्रोमैपिंग के आधार पर ग्राम स्तर पर बाढ़ की पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करा ली जायें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के 24 गुणा 7 संचालन के लिए अधिकारियों और कार्मिकों की ड्यूटी समय से लगा दी जाये। 20 जून तक सभी बाढ़ चौकियों की स्थापना का कार्य पूरा हो जाये। 26 जून को तहसील स्तर पर आयोजित मॉक ड्रिल में सभी 44 संवेदनशील जनपद अनिवार्य रूप से भाग लिया जाये। उन्होंने रेस्क्यू बलों एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के साथ पूर्व समन्वय स्थापित करने और उनके ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने बारिश से पूर्व अमृत सरोवर के इनलेट व आउटलेट की सफाई, अतिक्रमण हटाने और कैचमेंट एरिया को बेहतर बनाने के निर्देश दिये, जिससे अमृत सरोवर आगामी बरसात में पूरी तरह भर जाए। इसके अलावा कैच द रेन अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। योग दिवस के अवसर पर आगामी 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाना है। 15 जून को सभी जनपद मुख्यालय, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर योग सप्ताह का उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में 2-2 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कराया जाना है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को इन विद्यालयों के लिए भूमि चिन्हांकन की कार्यवाही एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराकर राज्य परियोजना कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि योग दिवस पर जनपद एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। इसमें निबंधए स्लोगनए योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा पोर्टल तैयार किया गया है। जनपद स्तर पर योग दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम में प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5100 चतुर्थ पुरस्कार 2100 व पंचम पुरस्कार 1100 रुपये का प्रदान किया जायेगा।

## 'एआई प्रज्ञा' प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को मिलेगा नयी तकनीकों का ज्ञान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में 'एआई प्रज्ञा' नामक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, राज्य समन्वयक, सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस नेहा जैन एवं प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

नेहा जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर सुरक्षा एवं नई उभरती तकनीकों में दक्ष बनाएगा। इससे उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि इस तरह के नवाचारात्मक प्रशिक्षण प्रदेश के अन्य आईटीआई संस्थानों में भी संचालित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान राज कुमार यादव, प्रधानाचाय, आईटीआई अलीगंज ने कहा कि एआई प्रज्ञा कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को सीखने का सीधा मौका मिलेगाए जो वर्तमान समय में रोजगार के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्र-छात्राएं भविष्य के औद्योगिक परिवेश में सफलतापूर्वक कदम रख सकेंगे।

'एआई प्रज्ञा' कार्यक्रम का आयोजन वन मिलियन फॉर वन बिलियन संस्था के सहयोग से किया गया। पहले चरण में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को एआई साइबर सुरक्षा, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी तथा प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। वन एम वन बी संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे छात्रों को इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स, नवाचार एवं मेंटरशिप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने भी इस प्रशिक्षण के प्रति अत्यंत उत्साह दिखाया और कहा कि पहली बार उन्हें ऐसी तकनीकें सीखने का अवसर मिला है जो सीधे औद्योगिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर आईटीआई के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अधिकारीगण तथा सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में निर्भय कुमार सिंहए कार्यदेशक एवं अन्य कर्मचारियों के योगदान की प्रधानाचार्य ने सराहना की।

# आग उगल रही गर्मी, लू और वॉर्म नाइट का अलर्ट

## इस साल जून सबसे गर्म, रिकॉर्ड तोड़ रहा तापमान

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, झांसी, उरई, गोरखपुर और रायबरेली समेत कई प्रमुख जिलों में तापमान का पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। कई जिलों में हीट इंडेक्स (गर्मी महसूस होने की तीव्रता) 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो सामान्य से कहीं अधिक है। मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 13 जिलों में अधिकतम तापमान औसतन 44 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज किया गया जबकि कई स्थानों पर दिन का तापमान भले ही 42-44 डिग्री हो, पर गर्म हवाओं और हवा में बढ़ती नमी के कारण महसूस होने वाला तापमान यानी हीट इंडेक्स, 48 से 50 डिग्री तक चला गया है। लखनऊ में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक रहा। सुबह से तेज चटक धूप के साथ उमसभरी गर्मी से लोग परेशान रहे।

इन जिलों में सुबह से ही घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय सड़कें भट्ठी की तरह तप रही हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अपने-अपने तरीके अपना रहे हैं। सड़कों पर निकलने वाले पुरुष जहां छतरी का सहारा लेते दिखे, वहीं महिलाएं और छात्राएं सिर से लेकर चेहरा तक दुपट्टों से खुद को ढंकती नजर आईं। गर्मी का पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया है, ऐसे में डॉक्टरों की सलाह है कि लोग हल्के और सूती कपड़े पहनें, खूब पानी पिएं और दोपहर के समय बाहर निकलने से बचें। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार गर्मी के प्रचंड रूप लेने के पीछे दो प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। गर्म हवाओं के साथ वातावरण में नमी के चलते हीट इंडेक्स काफी बढ़ गया है। हवा से पसीना सूख नहीं पाता, जिससे शरीर ज्यादा गर्म महसूस करता है। इसके अलावा जून के मध्य तक मानसून की सक्रियता उत्तर भारत में अपेक्षाकृत कम रही है। इस कारण वर्षा नहीं हो रही, जिससे धरती की सतह और वातावरण लगातार तप रहा है। विशेष तौर पर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिले लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल 15 जून तक इन इलाकों में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है।

■ **19 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी :** शनिवार के लिए मौसम विभाग ने बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, झांसी, जालौन, अलीगढ़, मथुरा समेत 19 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में दिन में उमस भरी गर्मी और लू जैसी परिस्थितियों के साथ रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी। हालांकि इस दौरान पूर्वी यूपी के कुछ जिलों बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज आदि में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी का पूवार्नुमान है।

■ **16 जून से बूंदाबांदी के संकेत :** शुक्रवार को झांसी, बांदा, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी आदि शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। यहां तपिश के साथ उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। शनिवार को पूर्वी-दक्षिणी यूपी और तराई के 35 जिलों में गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 15 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है। इसके बाद 16 जून से पश्चिम व पूरब दोनों संभागों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। रविवार से प्रदेश के पूर्वी हिस्से से प्री-मानसून आने से बूंदाबांदी की शुरूआत के आसार हैं। 16 जून से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बूंदाबांदी के संकेत हैं।

**इन जिलों में रहेंगे लू जैसे हालात :** मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, कानपुर देहात, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी व आसपास के इलाकों में लू जैसे हालात रहेंगे।

**इन जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना :** चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**जून का अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| 1959 | 38.4 |
| 1965 | 39.1 |
| 1970 | 40.1 |
| 1975 | 39.1 |
| 1980 | 40.9 |
| 1985 | 34.5 |
| 1990 | 36.8 |
| 1995 | 38.6 |
| 2000 | 37.7 |
| 2005 | 32.8 |
| 2010 | 41.5 |
| 2011 | 39.2 |
| 2012 | 39.7 |
| 2013 | 41.1 |
| 2014 | 38.1 |
| 2015 | 37.0 |
| 2016 | 39.4 |
| 2017 | 41.0 |
| 2018 | 40.8 |
| 2019 | 43.0 |
| 2020 | 42.0 |
| 2021 | 41.8 |
| 2022 | 41.1 |
| 2022 | 42.8 |
| 2023 | 43.8 |
| 2024 | 44.2 |
| 2025 | 44.1 |

# बसंतकुंज सेक्टर ए की जमीन पर अवैध कब्जे, एफआईआर के निर्देश

## कमिश्नर ने एलडीए के अफसरों को दिया कार्रवाई का निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एलडीए की बसंतकुंज योजना के सेक्टर ए में 272 आवंटियों को उनके आवंटित प्लाट का कब्जा नहीं मिल पा रहा है। वहीं भू माफियाओं के जमीनों से कब्जे न खाली होने से योजना प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को यहां निरीक्षण करने पहुंची कमिश्नर ने अवैध कब्जा देखकर नाराजगी जताई। भू माफिया यहां पर मौरंग-गिट्टी डालकर कब्जा करते जा रहे हैं। उन्होंने एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव को तत्काल भू माफियाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अवैध रूप से किए गए कब्जों को पुलिस की मदद से खाली कराएं। जरुरत पड़े तो एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए। कमिश्नर रोशन जैकब ने एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को भी फोन कर के इन अवैध कब्जों के बारे में नाराजगी जताई।

कमिश्नर ने कहा कि जमीन को जल्द खाली कराएं और आवंटियों को कब्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू करें। कमिश्नर ने कहा कि यदि कोई उपद्रव करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा कर जेल भेजें। एलडीए के अनुसार बसंतकुंज योजना सेक्टर ए में मुआवजा बांटा जा चुका है। जमीन एलडीए अपने कब्जे में ले रहा है। कुछ लोग मुआवजा मिलने के बाद भी नहीं हटे। वहीं, कुछ ऐसे हैं जिन्होंने खाली हुई जमीन पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। इन पर कार्रवाई की जानी है। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट की मदद ली जाएगी। संयुक्त टीम जल्द ही तैयार हो जाएगी। इसके बाद सीमांकन करते हुए जमीन कब्जे मे लेने का कार्य शुरू होगा।

**परिसंपत्तियों का होना है संयुक्त सर्वे :** बसंतकुंज योजना के सेक्टर ए के 272 भूखंडों से कब्जा हटाने के लिए प्राधिकरण अभियान लगा चुका है मगर गांव वालों के विरोध के आगे एलडीए की टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ गया था। वहीं पुलिस बल न होने की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकी। बीते दिनों टीम मौके पर पहुंची थी, बड़े अफसर भी पहुंचे थे। इसकी जानकारी होने पर गांव वालों ने विरोध शुरू कर दिया और थाने पहुंच गए। जहां पुलिस और गांव वालों के बीच पंचायत हुई। गांव वालों की ओर से मांग रखी गई कि उनकी परिसंपत्तियों व अधिग्रहित भूमि का सर्वे कराया जाए। इनका बढ़ी दर के आधार पर मूल्य का निर्धारण किया जाए। इसके बाद आगे निर्णय लिया जा सकेगा। सहमति बनी कि एलडीए की ओर से एक संयुक्त सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए टीम का गठन कर लिय गया लेकिन परिसंपत्तियों का सर्वे नहीं किया गया।

**पहले किसानों से कई दौर की हो चुकी है वार्ता, नहीं निकल सका समाधान :** एलडीए ने दो साल पहले योजना के पंजीकरण खोले थे। बड़े उत्साह के 72 से 200 वर्गमीटर तक के प्लॉटों के लिए 5,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया था। लॉटरी के जरिए 272 आवंटियों को भूखंड आवंटित किए गए और उनसे पूरी राशि भी जमा करा ली गई। एलडीए की समीक्षा बैठक में सामने आया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर-ए में कुल 272 भूखंड आवंटित किए गए थे, लेकिन जमीन पर किसानों का कब्जा होने के कारण न तो रजिस्ट्री हो पाई और न ही आवंटियों को कब्जा दिया जा सका। पिछले महीने एलडीए के अर्जन अनुभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों से कई दौर की वार्ता के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। विवादित भूखंडों के समाधान में देरी के चलते मॉन्यूमेंट कोर्ट, रेरा और अन्य न्यायालयों में एलडीए के खिलाफ आदेश पारित होने का खतरा बना हुआ है। इससे न केवल प्राधिकरण की छवि को नुकसान हो रहा है, बल्कि वित्तीय हानि भी उठानी पड़ रही है।

## विमान हादसे पर व्यापारियों ने जताया दुख



**लखनऊ।** अहमदाबाद में दर्दनाक दिल दहला देने वाली विमान दुर्घटना के बारे में जानकर व्यापार मण्डल ने दुख जताया है। यहियागंज उद्योग व्यापार मण्डल के वरिष्ठ महामंत्री नीरज गुप्ता, संसदीय महामंत्री प्रशान्त गर्ग, युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा ने बताया कि इस दर्दनाक दुर्घटना ने पूरी दुनिया के साथ साथ व्यापारी समाज को गमगीन कर दिया है। विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 265 यात्रियों की दुःखद मुत्यु पर दुःख जताते हुए 2 मिनट का मौन रख की श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कहा कि दुर्घटना में मरे हुए सभी यात्रियों के लिए भगवान से प्रार्थना की उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और घर वालों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। लखनऊ एवं यहियागंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र विदेश में होने के कारण शोक सभा में शामिल न हो सके परन्तु बताया कि कल जैसे ही हमें उक्त घटना की जानकारी मिली वैसे हम स्तब्ध रह गये। मैं यात्रियों की मौत पर मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और घायल हुए सभी लोगों को जल्द से जल्द स्वस्थ्य हों। मुख्य रूप से नीरज गुप्ता प्रशान्त गर्ग, नरेश कुमार, अनस शमसी, युवा अध्यक्ष कुश मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन, सतीश मिश्र धीरेन्द्र अवस्थी विनय गुप्ता, हर्षित जायसवाल, सोनू तिवारी, सोनू जायसवाल, सुमित दीक्षित, सनी लालवानी, विभू, ओम प्रकाश ठाकुर श्रवण बाजपाई अनुराग पाण्डेय वैभव रोहित गुप्ता जितेंद्र सुमनी विजय अग्रवाल विशम्भर पाण्डेय दिनेश मिश्र श्याम कुमार के साथ यहियागंज व्यापार मण्डल के सदस्य एवं व्यापारी सामिल हुए।

## छह महीने फाइल लंबित रखने पर सर्वेयर निलंबित

**लखनऊ।** व्यवसायिक सेल की पत्रावली पर कार्रवाई करने में लेटलतीफी के आरोप में उदय नारायण, सर्वेयर को निलंबित कर दिया गया है। उदय पर आरोप है कि गोमती नगर योजना विराम खण्ड-5 के भू-अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की पुष्टि के लिए व्यवसायिक सेल की ओर से प्रस्तुत पत्रावली पर 06 माह से अधिक विलम्ब किया गया, जिस के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की ओर से निलंबन आदेश जारी कर दिया गया है। आरोप है कि 20 जनवरी 2024 को अपर जिलाधिकारी भू.अ. को पत्र भेजा गया। इसके बाद पत्रावली पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। न ही पत्रावली व्यवसायिक सेल को भेजी गई। उदय नारायण पर आरोप है कि जानबूझकर पत्रावली को अपने पास लम्बित रखा। 24 जनवरी 2023 को हुई लाटरी के आवंटन पत्र सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रेषित नहीं किए जा सके, जिसके फलस्वरूप आवंटित दुकानों के सम्बंध में प्राधिकरण को धनराशि प्राप्त नहीं हो सकी, जिससे प्राधिकरण को वित्तीय हानि हुई। अपचारी कार्मिक के उक्त कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के प्राविधानों के सर्वथा विपरीत हैं।

## आवास विकास में संपत्ति प्रबंधकों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद में बड़े पैमाने पर सम्पत्ति प्रबंधकों के तबादले जारी किए गए हैं। शुक्रवार को आवास आयुक्त बलकार सिंह ने सम्पत्ति प्रबंध कार्यालय गोंडा, बलरामपुर और बहराइच के प्रशासनिक अधिकारी हरिमोहन को अपने कार्यों के साथ सम्पत्ति प्रबंधक गोरखपुर, बस्ती का प्रभार भी सौंपा गया है। इसी तरह अलीगढ़, कासगंज, मथुरा और हाथरस की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार सिंह को सिकंदरा, कमलानगर योजना, आगरा की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासनिक अधिकारी देशराज को सम्पत्ति प्रबंधक कार्यालय गोरखपुर, बस्ती से स्थानांतरित करते हुए अलीगढ़, कासगंज, मथुरा और हाथरस का दायित्व मिला है। प्रशासनिक अधिकारी विद्युत वृत्त लखनऊ को सम्पत्ति प्रबंध कार्यालय प्रयागराज, मिजार्पुर, प्रतापगढ़ और फतेहपुर योजना की जिम्मेदारी दी गई है।

# दूषित जल की शिकायत पर पानी की गुणवत्ता की हुई जांच

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए जलकल विभाग ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त दूषित पानी की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई जोनों में व्यापक निरीक्षण करते हुए पानी की गुणवत्ता की जांच की और आवश्यक निर्देश भी दिए। जीएम ने जोन-1 के अंतर्गत आने वाले प्रमुख पंपिंग स्टेशनों और इलाकों का निरीक्षण किया।

लालबाग जोनल पंपिंग स्टेशन, मीराबाई जोनल पंपिंग स्टेशन तथा नरही बाजार के सेठ रामजस लेन, बालेश्वर मंदिर लेन, रामजस रोड और तुफैल अहमद लेन में पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान अधिशासी अभियंता उत्कर्ष राय, अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव, अवर अभियंता हरेंद्र यादव और जल परीक्षण के विशेषज्ञ कैमिस्ट पुष्पेंद्र भी मौजूद रहे। जोन-2 में राजाजीपुरम क्षेत्र की जिम्मेदारी पीएसएस राजेश कपूर को दी गई थी, जिन्होंने क्षेत्र में जल आपूर्ति का निरीक्षण करते हुए नमूनों की जांच की। वहीं जोन-3 के अंतर्गत खदरा, निराला नगर, अलीगंज और रविंद्र गार्डन जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पीएसएस अरुण सिंह ने पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए गहन निरीक्षण किया।

आजाद नगर, नटखेड़ा, कैलाशपुर, प्रेम नगर और चंदन नगर में अधिशासी अभियंता विश्वनाथ गुप्ता और अवर अभियंता देवेन्द्र बहादुर ने जल आपूर्ति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वहां की जल आपूर्ति प्रणाली की स्थिति की समीक्षा की और लोगों से संवाद कर समस्याएं भी जानीं। महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने कहा कि जलकल विभाग नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जहां कहीं से भी जल प्रदूषण की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां तुरंत जांच कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जल नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक तकनीकी सुधार किए जाएंगे और दोषी पाइपलाइनों को बदलने या मरम्मत के निर्देश भी जारी किए गए हैं। यह निरीक्षण अभियान दर्शाता है कि लखनऊ नगर निगम एवं जलकल विभाग जनस्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील और सजग है।

नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उन्हें कहीं भी जल गुणवत्ता में कमी दिखाई दे तो वे विभाग के कंट्रोल रूम नंबर एवं अधिकारियों व कर्मचारियों से तत्काल संपर्क करें।

# दुबग्गा में 05 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त मोहनलालगंज में अवैध निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 05 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, मोहनलालगंज के खुजौली में 01 अवैध निर्माण सील किया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि तौहीन व अन्य की ओर से दुबग्गा में रिंग रोड पर एसएचएम हॉस्टिपल एंड रिसर्च सेंटर के पास लगभग 2,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

वहीं, मान सिंह व अन्य द्वारा दुबग्गा के लीलाखेड़ा में लगभग 5,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह राम किशोर यादव व अन्य की ओर से लीलाखेड़ा में सिद्धेश्वर मंदिर के पास लगभग 2,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा अंकित यादव व अन्य द्वारा दुबग्गा के बनियाखेड़ा में लगभग 10,000 वर्गमीटर व श्रवण कुमार व अन्य द्वारा बनियाखेड़ा में लगभग 2,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन पांचों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त करा दिया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि धीरेन्द्र मिश्रा व अन्य की ओर से मोहनलालगंज के खुजौली के जगन्नाथगंज में अवैध रूप से भवन का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने निमार्णाधीन भवन को सील करा दिया।

# यूपी के नगरीय स्कूलों के स्मार्ट क्लास रूम ला रहे हैं शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल क्रांति

## नगर विकास विभाग 324.56 करोड़ से बना रहा हैं 2,700 स्मार्ट क्लास रूम, प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 1,780 स्मार्ट क्लास रूम बन कर हो चुके हैं तैयार

विशेष संवाददाता (vol)



● **स्मार्ट क्लास रूम से प्रदेश के निम्न वर्ग के छात्रों को मिल रहा है डिजीटल शिक्षा का लाभ**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजन के अनुरूप नगर विकास विभाग ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों विशेष रूप से परिषदीय स्कूलों में शिक्षा को डिजिटल और आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। नगर विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 324.56 करोड़ रुपये की लागत से 2,700 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम्स की स्थापना की गई है। जिनमें से लगभग 1,780 स्मार्ट क्लास रूम पूरी तरह तैयार हो कर संचालित हैं। विभाग के इस सराहनीय पहल का लाभ विशेष रूप से शहर के निम्न आय वर्ग के छात्रों को मिल रहा है। जो एक ओर डिजिटल व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं साथ ही वो तकनीकि रूप से भी सक्षम बन रहे हैं। इसका परिणाम है कि प्रदेश के शहरी परिषदीय स्कूलों के नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

नगर विकास विभाग ने प्रदेश के शहरी क्षेत्र स्कूलों विशेष रूप से परिषदीय स्कूलों में शिक्षा सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 2,700 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की है। विभाग ने अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 324.56 करोड़ रुपये की मद से स्मार्ट क्लास रूम स्थापित कर रहा है। इसके तहत सर्वाधिक स्मार्ट क्लास रूम स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत लगभग 160.83 करोड़ रुपए की लागत से कुल 1,183 स्मार्ट क्लास रूम की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। जिनमें से प्रदेश के स्मार्ट सिटीज में 1,088 कक्षाएं पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं। साथ ही 'कायाकल्प' पहल के तहत लगभग 190 स्मार्ट क्लास रूम 57.66 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई हैं।

■ **नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत बने हैं स्मार्ट क्लास रूम :** यूपी के नगर विकास योजना के आकांक्षी नगर योजना के तहत आकांक्षी नगरों में लगभग 29.43 करोड़ रुपये की लागत से 913 स्मार्ट क्लासरूम्स की स्वीकृति मिली थी जिसमें से 408 कक्षाएं स्मार्ट क्लासेज बन कर तैयार हो कर संचालित हो रही हैं जबकि 505 निमार्णाधीन हैं। साथ ही 398 नई कक्षाओं को भी स्वीकृति प्रदान की है। वहीं सीएम अभ्युदय कॉम्पोजिट स्कूल योजना के अंतर्गत 25 विशेष क्लासरूम बनाये जा रहे हैं। वहीं वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 13 और कायाकल्प परियोजनाएं के तहत 4.25 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट क्लास रूम की निर्माण किया जा रहा है।

■ **शहर के निम्न वर्ग के छात्रों को मिल रहा है डिजीटल शिक्षा का लाभ :** नगर विकास विभाग ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निम्न आय वर्ग के छात्रों को आधुनिक एवं डिजीटल शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये हैं। ये क्लासरूम्स इंटरएक्टिव डिजिटल बोर्ड्स, मल्टीमीडिया लर्निंग कंटेंट और हाई-स्पीड इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं, जिससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली और इंटरैक्टिव बनाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास रूम के बारे में बताते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि हम शहरी शिक्षा को एक नए आयाम में ले जा रहे हैं। ये स्मार्ट क्लासरूम्स न केवल छात्रों को तकनीक से जोड़ रहे हैं बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का सकारात्मक परिणाम विशेष रूप से शहर के परिषदीय स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति दर और नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

■ **यूपी के परिषदीय स्कूलों में नामांकन दर बढ़ कर हो गई है 60 फीसदी :** नगर विकास विभाग की यह पहल न केवल डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि यह प्रदेश के शहरी क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार भी ला रहा है। नगर विकास विभाग के प्रयास से विभिन्न योजनाओं के तहत 2022 से शुरू हुये इस अभियान के तहत स्वीकृत 65 प्रतिशत से अधिक स्मार्ट क्लास रूम का संचालन हो रहा है। जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में नामांकन दर बढ़कर 59.6 प्रतिशत हो गई है जो राष्ट्रीय औसत से भी लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। यही नहीं स्मार्ट क्लास रूम से छात्रों की सीखने की क्षमता और शिक्षा के प्रति रूझान में वृद्धि हुई है। परिषदीय स्कूलों में छात्रों के ड्राप आउट में भी उल्लेखनीय कमी आई है।



## दीप जलाकर विमान हादसे में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मंडल के तत्वावधान में राजाजीपुरम स्थित पाल तिराहा चौराहे पर शुक्रवार की शाम को लखनऊ के विभिन्न बाजारो के पदाधिकारी दीप जलाकर विमान हादसे में मारे गए लोगो के लिए प्रार्थना व शोक व्यक्त किया। इसमे संगठन के प्रमुख ऋषभ गुप्ता, जफरुल खान, राज कुमार कन्नौजिया, चमन बाबू, मोहम्मद आमिर, चरण यादव, राम कुमार रस्तोगी, अंकित वाजपेयी, नवल यादव, विजेंद्र सिंह, अभय पांडे, तनीष गुप्ता, नितिन केसरिया, हरप्रीत साहनी, संजय रस्तोगी, शिखर सक्सेना, आशय खन्ना, टोनी बिंद्रा, विकास सिंह, अंकित सिंह, अमित द्विवेदी, आकाश लोधी, अंकुर मित्तल, शिव स्वरूप गुप्ता, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# चेन गायब होने पर मां ने डांटा तो बेटी ने लगा ली फांसी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाजारखाला में सोने की चेन गायब होने पर मां की डांट से नाराज होकर बेटी ने गुरुवार रात फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भवानीगंज निवासी शालू (21) ने बीते वर्ष स्नातक पूरा किया था। रिक्शा ड्राइवर पिता संजय के मुताबिक बेटी शालू कुछ दिन मां मन्नो की चेन पहनकर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। गुरुवार रात मां ने बेटी शालू से चेन मांगी तो उसने अलमारी में रखे होने की बात कही। अलमारी मे खोजने के बाद भी चेन नहीं मिली। इस पर मन्नो ने शालू को डांट दिया। इसके बाद शालू ने कमरे में जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर बाद भी शालू के कमरे से बाहर न निकलने पर आवाज दी। दूसरे दरवाजे से वह कमरे में गए तो शालू पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकी हुई थी। आनन-फानन में फंदे उतारकर ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने शालू को मृत घोषत कर दिया। इंस्पेक्टर बाजारखाला के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तीन वर्ष में मां, पिता और भाई की मौत से आहत युवक ने जान दी

लखनऊ। तकरोही इलाके में शुक्रवार को किसान ने फांसी लगा ली। तीन वर्ष में पिता, मां और भाई की मौत से वह परेशान चल रहे थे। इंदिरानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तकरोही में विजय (45) परिवार के साथ रहते थे। भाई नंतू ने बताया कि वर्ष 2022 में बीमारी से पिता मुरली प्रसाद की मौत हो गई। कुछ माह बाद मां जमुना देवी और भाई बबलू की मौत हो गई। परिवार में तीन वर्ष में तीन मौत से भाई विजय डिप्रेशन में आ गए थे। अक्सर वह माता, पिता और भाई को याद कर परेशान हो जाते थे। शुक्रवार को सुबह विजय ने पूजा की। इसके बाद कमरे में पंखे से कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। विजय के परिवार में पत्नी बबिता, बेटे आदित्य, आदर्श और बेटी कनक हैं। इंस्पेक्टर इंदिरानगर के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गोसाईंगंज में रेलवे के निर्माणाधीन पुल के नीचे मिला शव:** गोसाईंगंज इलाके में अनूपगंज रेलवे स्टेशन के पास बन रहे ओवरब्रिज के नीचे शुक्रवार की शाम एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज कस्बे में मोहनलालगंज रोड पर बन रहे ओवर ब्रिज रेलवे क्रॉसिंग के पास मिले शव की शिनाख्त लाला रावत (35) निवासी ग्राम सीताराम पुरवा मजरा बक्कास के रूप में हुई। मृतक लाला की ससुराल डालखेड़ा थाना गोसाईगंज में है जहां पर अपनी पत्नी खुशबू व एक पुत्र के साथ रहता था। घर वालों के अनुसार मृतक शराब का अत्यधिक सेवन करता था, पूर्व मे भी बीमार हो चुका है। शुक्रवार की सुबह साइकिल से काम के लिए निकला था। जिसका शव पुल ने नीचे पड़ा मिला।

**पीएसी कैंप ऑफिस के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव:** सरोजनीनगर में 32 बटालियन पीएसी के गेट नंबर 4 के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। गुरुवार रात करीब 11 बजे एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र लगभग 48 वर्ष है। वह क्रीम रंग की हाफ शर्ट और स्लेटी रंग की पैंट पहने हुए था। शव को देखकर लग रहा है कि यह 2-3 दिन पुराना है।

सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि शव के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। आसपास के लोगों को दिखाने पर भी शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रारंभिक जांच में व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा है। मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में उसके फोटो भेज दिए हैं।

## डायल 112 ने बारह मिनट में पहुंच कर बचायी जान

### आत्महत्या करने जा रहा था छात्र, डीजीपी तक पहुंची जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डीजीपी के निर्देश पर पुलिस नें 12 मिनट के अन्दर मौके पर पहुँच कर एक छात्र की जान बचाई। छात्र आत्महत्या करने जा रहा था।

मिली जानकारी के मुताबिक देवरिया के थाना भलुअनी निवासी करीब 20 वर्षीय युवक नें गले में फाँसी का फन्दा लगाये हुए दिखाकर भाई लोग माफ करना आज मैं मरने जा रहा हूँ यह टेक्स्ट लिखकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसको लेकर शुक्रवार को 03:44 बजे मेटा कंपनी नें डीजीपी मुख्यालय के सोशल मीडिया सेन्टर को ई-मेल के जरिए एलर्ट भेजा। जिसे डीजीपी को बताया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण नें तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इसको लेकर मुख्यालय की सोशल मीडिया सेन्टर नें मिले मोबाइल नम्बर के आधार पर युवक की लोकेशन की जानकारी करके जनपद देवरिया को अवगत कराते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। इस पर थाना भलुअनी के उप निरीक्षक बारह मिनट के अंदर युवक के घर पहुंच गए, जहां उन्होंने परिजनों से तत्काल युवक के सम्बन्ध में जानकारी की जिस पर परिजनों ने बताया कि वह कमरे में होगा। पुलिसजन अविलम्ब परिजनों के साथ उसके कमरे की तरफ दौड़े व दरवाजे को धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया। कमरे में युवक नें गले में गमछा कसकर फाँसी लगाने का प्रयास किया जा रहा था तत्काल उसके गले से फन्दे को निकाला गया।

युवक पसीने से तरबतर था तथा जोर-जोर से हाफ रहा था एवं अवसाद की स्थिति में था। पुलिस नें परिजनों के सहयोग से घरेलू प्राथमिक उपचार के उपरान्त युवक के सामान्य होने पर जानकारी की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि वह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है, उसके माता-पिता द्वारा बैंक से लोन लिया गया था। जिसे वह अदा नही कर पाया था। जिसका नोटिस छात्र को प्राप्त हुआ तथा लोन अदा करने हेतु छात्र से कुछ कहासुनी भी हुयी थी। जिससे क्षुब्ध होकर उसे आत्मग्लानि महसूस हुयी। इसके कारण उसके मन में आत्महत्या की बात आयी और यह कदम उठाया गया था।

#### अब तक 986 लोगों की बचायी गयी जान

यूपी पुलिस व मेटा कम्पनी के मध्य 2022 से प्रचलित व्यवस्था के तहत यदि कोई भी व्यक्ति फेसबुक अथवा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने की पोस्ट करता है तो ऐसी पोस्ट को लेकर मेटा कम्पनी उत्तर प्रदेश पुलिस को ई-मेल एवं फोन के माध्यम से अलर्ट भेजकर सूचित करती है। एक जनवरी 2023 से 31 जून 2025 के बीच आत्महत्या की पोस्ट पर प्राप्त अलर्ट का संज्ञान लेकर कुल 986 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा यूपी पुलिस नें की है।

पुलिस नें समय से पहुँच कर युवक को आत्महत्या करने से रोका गया एवं काउन्सलिंग की गयी। जिस पर युवक द्वारा भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस की तत्परता पर युवक के परिजनों नें पुलिसकर्मियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## दोस्त पर ब्लेड से किया हमला, पुलिस ने दबोचा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिरहाना पार्क के पास गुरुवार रात युवक पर उसके ही दोस्त ने ब्लेड से हमला कर दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने भागे रहे आरोपित को दबोच लिया। सूचना पर इंस्पेक्टर वजीरगंज मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वहीं, आरोपित से पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक पाण्डेयगंज निवासी सोनी उर्फ सोनू (45) दोस्त श्याम सुंदर के साथ रहता है। गुरुवार को दोनों लोग बिरहाना पार्क के पास थे, जहां किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। विवाद के दौरान श्याम सुंदर ने सोनी पर ब्लेड से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपित ने भगने का प्रयास किया। पीड़ित सोनी के शोर मचाने पर राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। आरोपित को दबोच कर भीड़ ने पीट दिया। वहीं, वजीरगंज पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि सोनी और श्यामसुंदर काफी वक्त से एक ही कमरे में रहते हैं। विवाद के कारण की जानकारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोनी की हालत स्थिर बनी हुई है।

## लखनऊ में 6 साल की बच्ची से रेप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी 75 वर्षीय व्यक्ति पीड़िता का रिश्ते में बाबा है। घटना 8 मई की है। पीड़िता कक्षा 2 की छात्रा है। घटना के दिन उसके पिता मजदूरी पर गए थे और मां रिश्तेदारी में गई थीं। बच्ची अपनी 4 वर्षीय बहन और ढाई वर्षीय भाई के साथ घर पर थी। दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपी वहां पहुंचा।

**बाबा ने दुष्कर्म किया:** आरोपी ने बच्ची को आम खिलाने का लालच दिया और 20 रुपए देकर अपने पुराने घर ले गया। यह घर पीड़िता के घर से करीब 100 मीटर दूर है। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

**पुलिस में शिकायत दर्ज कराई:** शाम को जब मां घर लौटीं, तब बच्ची ने पूरी घटना बताई। पहले गांव के कुछ लोगों ने मामले को दबाने की कोशिश की। बाद में कुछ लोगों की सलाह पर पीड़िता की मां ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बंथरा थाने के प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।

## हवाई अड्डे पर 15.46 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक कैनबिस जब्त

**लखनऊ।** डीआरआई ने लखनऊ के सीसीएस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 15.46 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक कैनबिस जब्त किया। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा विकसित विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, डीआरआई, लखनऊ के अधिकारियों ने 10.06.2025 को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बैंकॉक से उड़ान संख्या क104 से आए दो भारतीय नागरिकों को रोका। उनके चेक-इन बैगेज की जांच के दौरान, एल्युमिनियम फॉयल में लिपटे कई वैक्यूम-सीलबंद पैकेट बरामद किए गए। सामग्री - एक हरे रंग का, गांठदार पदार्थ - क्षेत्र परीक्षण के अधीन था और भांग होने की पुष्टि हुई। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 15.46 करोड़ है। दोनों व्यक्तियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अनुसार गिरफ्तार किया गया।

## ब्लैक में बेच रहे थे वाटर पार्क के टिकट, विरोध पर पीटा

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र के बहुचर्चित नीलांश वाटर टीम पार्क के ब्लैक में टिकट बेचने का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी सूचना पाकर मौके पर जानकारी करने पहुंचे वाटरपार्क कर्मचारी को आरोपियों ने जमकर पीट दिया। वही नीलांश वाटर पार्क के डायरेक्टर संदीप श्रीवास्तव के मुताबिक वाटर पार्क के टिकट ब्लैक में बेचने की सूचना पाकर मौके पर वाटर पार्क के कर्मचारी इटौंजा थाना क्षेत्र के गोराही गांव निवासी हरि शंकर पासी को मौके पर भेजा गया था, जहां पहुंचने पर उसने देखा कि लखनऊ के हरदा निवासी विशाल उर्फ राजीव व दीपक पुत्र रामपाल नीलांश वाटर पार्क के टिकट ब्लैक में बेच रहे थे। जिसका उसने विरोध किया तो विशाल व दीपक ने कर्मचारी को मारने पीटने लगे। चिल्लाने की आवाज सुन अगल बगल के राहगीरों को आता देख पुलिस से शिकायत न करने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। जिसके बाद पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक को देकर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। वही इटौंजा थाना प्रभारी के मुताबिक तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## घर से 1 किमी दूर मिला व्यक्ति का खून से लथ पथ शव

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सुबह 10 बजे सूचना मिली। मृतक की पहचान धर्मराज के रूप में हुई है। वो राम प्रसाद हरिजन का बेटा था। पूरनपुर थाना मोहनलालगंज का निवासी था। उसकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी। उसका शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर सड़क के किनारे पाया गया। प्रारंभिक जांच में शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, नाक से थोड़ा खून निकला हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। मामले की जांच जारी है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बख्शी का तालाब साढामऊ स्थित रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह नौ बजे से होगा। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.वी.के.शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14जून को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है' इस दिन पूरे विश्व में स्वैच्छिक रूप से नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून, 2025 का स्लोग्न रक्त दें, आशा दें:साथ मिलकर हम जीवन बचाते है।

वृहद रक्तदान शिविर का उद्घाटन पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा के द्वारा किया जाएगा' रक्तदान, रक्त कोष, बलरामपुर चिकित्सालय की टीम के द्वारा किया जाएगा ' राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में ब्लड स्टोरेज यूनिट का संचालन किया जा रहा है। साथ ही इस अवसर पर मुख्यअतिथि द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कर प्रत्येक मां को सम्मान समर्पित करेंगे।

**वी.एस.ए.वी. पी.जी. कालेज,** गोला, गोरखपुर (उ.प्र.)

**आवश्यकता है**

विश्वविद्यालय परिनियमावली व शासनादेश के विहित प्रावधान के अन्तर्गत महाविद्यालय के लिए स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के लिए 3 प्रवक्ता एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत 01 अंग्रेजी एवं 01 कम्प्यूटर एप्लीकेशन प्रवक्ता की आवश्यकता है।

आवेदन पत्र विज्ञापित तिथि से 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक के द्वारा महाविद्यालय के पते पर भेजें।

**प्रबन्धक**
**वी.एस.ए.वी. पी.जी. कालेज**
**गोला गोरखपुर, पिन.-273408**
**मो. -9936044344**

## इंडियन ऑयल के टैंकरों में लगी भीषण आग, क्षेत्र में अफरातफरी

### फायर ब्रिगेड व टैंकर चालकों की सूझबूझ से पाया गया आग पर काबू, आग लगने के कारणों की हो रही जांच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तपिश वाली भीषण गर्मी के कारण इन दिनों आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होती जा रही है। राजधानी लखनऊ के थाना सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर में इंडियन आयल के डिपो में खड़े टैंकर में आग लग गई।

आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि टैंकर खाली था और फायर ब्रिगेड व टैंकर चालकों की सूझबूझ से आग बढ़ी नहीं अन्यथा एयरपोर्ट के लिए सप्लाई होने वाली पाइप लाइन भी चपेट में आ सकती थी। सरोजनी नगर में सुभम पैलेस के सामने पार्किंग एरिया खड़े इंडियन ऑयल अमौसी बॉटलिंग प्लांट के तीन तेल टैंकरों में भीषण



आग लग गई। जिसके कारण तीन टैंकर खाक हो गए। यह क्षेत्र अमौसी एयरपोर्ट से मात्र पांच किलोमीटर दूर है। लखनऊ में अमौसी इंडस्ट्रियल इलाके में शुक्रवार को दोपहर में इंडियन आयल के डिपो में खड़े टैंकर में आग लग गई। आग लगने की वजह भीषण गर्मी बताई जा रही है।

टैंकर में आग लगने के कारण पास में खड़े अन्य टैंकर चपेट में आये और जलकर खाक हो गए। टैंकर चालकों ने देखा कि दो टैंकर आग की चपेट में आए हैं तो अन्य चालक टैंकर लेकर भागे और बड़ी घटना को टाला। फायर ब्रिगेड की टीम सूचना के बाद मौके पर पहुंची और टैंकर चालकों की सूझबूझ से अन्य टैंकरों को आग से बचाया। फायर स्टेशन अफसर सरोजनी नगर सुमित कुमार सिंह ने बताया कि आग की सूचना पर आसपास के अन्य स्टेशन से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गई हैं। आग कैसे लगी अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के पास से ही चौधरी चरण सिंह (अमौसी) एयरपोर्ट के लिए भी एक पाइपलाइन से ईंधन सप्लाई किया जाता है। हालांकि, अभी तक दमकल विभाग की तरफ से पाइपलाइन के संबंध में कोई बयान नहीं आया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, सरोजनी नगर फायर टेंडर और अग्निशमन यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि तीन खाली टैंकरों में आग लगी थी और तीनों भीषण रूप से जल रहे थे। इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट से पानी की व्यवस्था करते हुए लगभग एक घंटा बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## यूपी में नये सिपाहियों को दी जायेगी ट्रेनिंग की बेहतर सुविधा

**लखनऊ।** यूपी में नए सिपाहियों को ट्रेनिंग की बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। यूपी पुलिस का हिस्सा बनने जा रहे 60244 सिपाहियों की ट्रेनिंग इसी महीने से शुरू हो रही है। इसके लिए पुलिस लाइन और पीटीसी तैयार हो गई है। 15 जून को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाने के बाद ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। ट्रेनिंग शुरू होते ही नए सिपाहियों को विशेष किट दी जाएगी। इस किट में दो ट्रैक शूट, दो जोड़ी जूते, शू-शाइनर के साथ ही कई और सामान होंगे। साथ ही इनके खाने और रहने की अच्छी सुविधा मिलेगी। एक महीने की जिलों में ट्रेनिंग के बाद इन सिपाहियों को पुलिसिंग और शस्त्र समेत कई अन्य विद्या में पारंगत करने के लिए पुलिस लाइन और पीटीसी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस ट्रेनिंग में उनको कई तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। इस बार ट्रेनिंग में कई विशेष सत्र भी आयोजित होंगे। इसमें सिपाहियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के साथ ही साइबर अपराध के बारे में भी बताया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञ भी बुलाए जाएंगे। इसके अलावा इन रंगरूटों को नागरिकों से अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। बताया जाएगा कि किस तरह से कई बार छोटी सी गलती की वजह से महकमे की बदनामी हो जाती है। इतनी बड़ी संख्या में इस भर्ती का आयोजन भी काफी बड़ा किया जा रहा है।

## आईपीएस अधिकारी हेमंत कुटियाल को प्रतिनियुक्ति पर जाने की मिली एनओसी

लखनऊ। यूपी कैडर के 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हेमंत कुटियाल को हाल ही में राज्य सरकार से केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह कदम दशार्ता है कि आने वाले समय में 2011 बैच के अफसरों का केंद्रीय सेवाओं में दबदबा और भी मजबूत हो सकता है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में भी कई प्रमुख केंद्रीय पदों पर उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी नियुक्त हैं। जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि यूपी कैडर की केंद्रीय प्रशासन में सशक्त उपस्थिति बनी हुई है। आपको बता दें कि आईपीएस हेमंत कुटियाल अपनी पारंपरिक पुलिसिंग से इतर कार्यशैली के लिए भी जाने जाते हैं। जनपदों में तैनाती के दौरान उन्होंने जनसेवा और पुलिसिंग में संवेदनशीलता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। वे अक्सर रात के समय अकेले बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकलते थे। कई बार उन्होंने सामान्य वेश में थानों का औचक निरीक्षण किया और लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई भी की। इसके अलावा, वे समाज के कमजोर वर्गों की सहायता कर अन्य पुलिसकर्मियों को भी सेवा भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहे। उनके कार्यकाल में पुलिस की छवि सुधारने और जनता के साथ विश्वास का रिश्ता मजबूत करने की दिशा में कई सकारात्मक प्रयास हुए। अब जब वे केंद्र सरकार की सेवा में जा रहे हैं, तो उम्मीद है कि वे वहां भी अपनी संवेदनशील, सक्रिय और प्रतिबद्ध कार्यशैली से प्रभाव छोड़ेंगे।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश घायल

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन पर गुरुवार देर रात जीआरपी और एक मोबाइल चोर के बीच मुठभेड़ हो गई। रात 12:18 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 6 और 7 पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति ने जीआरपी टीम पर फायरिंग कर दी। जीआरपी की जवाबी कार्रवाई में चोर के दाहिने पैर में गोली लगी। आरोपी की पहचान हरदोई जिले के इमलिया निवासी फिरोज के रूप में हुई। घायल फिरोज को इलाज के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि 12 जून की रात में चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और सर्विलांस टीम संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। प्लेटफार्म नंबर 6-7 के आउटर पर संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका, तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। उसकी पहचान ट्रेनों में चोरी करने वाले हरदोई निवासी फिरोज के रूप में हुई। उसके खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया, लखनऊ**

ई-निविदा सूचना : 17/EUDC-Purania/2025-26 दिनांक 13.06.2025

कार्य का नाम : विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-पुरनिया, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ के कार्यालय प्रयोगार्थ आवश्यक विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी की छपाई व आपूर्ति का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु. 1180.00 धरोहर धनराशि : रु. 1500.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 25 जून 2025, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**
**(पत्रांक : 3867, दिनांक : 13.06.2025)**

## फिजियोथेरेपिस्ट की नौकरी देने का झांसा देकर ठगी




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक ठग ने युवक को फिजियोथेरेपिस्ट की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर ली। ठग खुद को कैंसर अस्पताल का कर्मचारी बताता था। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकाने का मुकदमा दर्ज किया है।

बाराबंकी सफेदाबाद निवासी नीरज यादव ने बताया कि 2024 नौकरी तलाश रहे थे। इसी दौरान गोमतीनगर हनीमैन चौराहा के पास रहने वाले धर्मेंद्र से मुलाकात हुई। उसने खुद को कैंसर अस्पताल का कर्मी बताते हुए अपने अस्पातल में नौकरी लगवाने का वादा किया। उसने कहा कि हमारे यहां फिजियोथेरेपिस्ट की एक पोस्ट खाली है। नौकरी के लिए 1.20 लाख रुपए की मांग की। उसकी बातों में आकर 3 जून 2024 को 1.20 रुपए दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने पीड़ित को कैंसर अस्पताल बुलाया। यहां एचआर ने नीरज से मिलवाया। उसके बाद कई बार बुलाते, लेकिन ज्वाइनिंग लेटर नहीं दिया। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकाने देकर भगा दिया और बाद में फोन बंद कर लिया। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

**होटल कर्मचारी ने किराना व्यापारी से 1.12 लाख ठगा:** कैंट थाना क्षेत्र में एक किराना व्यापारी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक होटल कर्मचारी ने पार्टनरशिप का झांसा देकर व्यापारी से 1.12 लाख रुपए की ठगी कर ली।

पीड़िता दीपमाला केशरवनी छप्पन भोग के पास दिव्यांश प्रोविजन स्टोर चलाती हैं। आरोपी शफीकउर रहमान सैफ किचन होटल में बावर्ची था। वह दुकान से राशन और अन्य सामान खरीदता था। 8 महीने तक उसने नियमित भुगतान किया और विश्वास जीता। इसके बाद शफीकउर ने फास्ट फूड का टेक-अवे बिजनेस शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उसने दीपमाला से 60000 रुपए जीपे के जरिए और 52000 रुपए का सामान नगद में लिया। इस सामान को उसने अन्य होटलों में सप्लाई कर दिया। आरोपी 1 मार्च 2024 से पीड़िता के संपर्क में था। 6 जून 2024 को आखिरी बार बात करने के बाद वह मोबाइल बंद करके फरार हो गया।

**Madhyanchal Vidyut Vitran Nigam**
**SE(MM-I), 4-A, Gokhale Marg, Lucknow**

**E-Tender Notice** **Date: 13.06.2025**

**Tender No. and description of material**

1. MEDCO/3036/2025, Three Phase Four Wire Direct Connected Static Electronic Energy Meter (10-60 Amp.) DLMS Compliant with Box & Seals-230000 Nos., Tender Fee Rs. 11,800, EMDRs. 35.066 Lacs.
2. MEDCO/3037/2025, LT TVM 3PX240V -/5A Cat-C-16500 Nos., Tender Fee - Rs. 7,080, EMDRs. 4.905 Lacs.

E-tender last date: 15.07.2025, 14:00 Hrs.

Detailed information and documents are available on website: https://etender.up.nic.in. Further all information shall be published only on website.

**(Yatendra Kumar)**
**Superintending Engineer (MM-I)**

**"Save electricity in national interest"**
**(RO No. : 615, Dated : 13.06.2025)**

# लखनऊ जू : गर्मी से बचने के लिए बाड़े में दुबके रहे चिंपैंजी और भालू






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान घूमने पहुंचे दर्शकों में थोड़ी उदासी दिखी। वजह यह रही कि आम दिनों में उछलकदमी करने वाले चिपैंजी और भालू तपिश में अपने बाड़े में दुबके रहे। जू प्रशासन ने हर बाड़े में जीव-जंतुओं के लिए एक नहीं, दो-दो कूलर लगाए हैं। कुल 55 कूलर बाड़ों में लगाए गए हैं। जानवरों की खुराक भी आधी हो गई है। फिर भी अक्सर स्कूलों में जेड से जेब्रा पढ़ने वाले बच्चे शुक्रवार को जेब्रा को नहीं देख सके। जू प्रशासन ने दावा किया है कि गर्मी को देखते शाम को पशु डॉक्टरों की टीम बाड़े में जाकर जीव-जंतुओं के हरकतों पर नजर रखती है। उदास या हांफने जैसी स्थिति में जीव-जंतुओं का विशेष ध्यान रखा जाता है।

**खानपान में किया गया बदलाव:** उन्होंने कहा कि जानवरों के खानपान में भी थोड़ा बदलाव किया गया है। शाकाहारी जानवरों को हम जूसी फ्रूट्स और वेजिटेबल्स दे रहे हैं। इसके अलावा मांसाहारी जानवरों के डाइट में मिलने वाली मीट में थोड़ी बहुत कमी की गई है। इस समय हम भी देखते हैं कि इंसान को भी खाना खाने का कम मन करता है, पानी की क्वांटिटी हम बढ़ा देते हैं, तो यही व्यवस्था जानवरों के लिए की जाती है।

**हिरण के बाड़े में लगाये गये छोटे फव्वारे :** भीषण गर्मी के कारण अधिकतर जानवर अपना अधिकांश समय पानी में अठखेलियां करके ही बिता रहे हैं। वहीं, हिरण के बाड़े में लगाए गए छोटे फव्वारे जानवरों को राहत पहुंचा रहे हैं। हाथियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सुबह.शाम नहलाया जा रहा है। शेर, तेंदुआ व बाघ के पिंजरे में कूलर लगाए गए हैं। खुले में घूमने वाले जानवरों के लिए अस्थायी छप्पर का निर्माण किया गया है, जिससे वन्यजीवों को छाव मिल सके। साथ ही उनके पानी पीने के लिए छोटे छोटे तालाब का निर्माण किया गया है।

**बाड़ों में लगे घास और टाट के परदे:** आपको बता दें कि सूरज की गर्मी शांत होने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच लखनऊ के प्राणी उद्यान में गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए उद्यान प्रशासन तरह-तरह के इंतजाम कर रहा है। जानवरों को बढ़ती गर्मी और लू से बचाने के लिए चिड़ियों के बाड़ों में घास और टाट के परदे लगाए गए हैं, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके।

**डॉक्टर लगातार रहते हैं संपर्क में:** उन्होंने बताया कि जंगल में जानवर रहते हैं, तो वह अपने आप को धीरे-धीरे एडजस्ट कर लेते हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में बैठ जाते हैं, लेकिन कैप्टिव एनिमल्स के लिए आपको विभिन्न व्यवस्था करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में इंसानों की तरह जानवरों में कई बीमारियों की शिकायतें भी आती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि हम बोल देते हैं। जानवर बोल नहीं पाता, लेकिन हमारे जो कीपर्स हैं और डॉक्टर हैं, उनके लगातार ऑब्जर्वेशन में ये जानवर रहते हैं। अगर हमें जानवरों के व्यवहार में जरा भी अंतर दिखता है, तो हमारे कीपर डॉक्टर को बताते हैं और फिर डॉक्टर की सलाह पर उन्हें दवाइयां दी जाती हैं।

### मौसमी फलों की दी जा रही है खुराक

मौसम के बदलते ही जानवरों की खुराक में बदलाव किया गया है। चिड़ियाघर के एक अधिकारी के मुताबिकए मांसाहारी जानवरों को दी जाने वाली मांस की मात्रा कम कर दी गई है। साथ ही अन्य ठोस व पेय पदार्थों में बढ़ोतरी की गई है। जानवरों को तरबूज, खरबूज, ककड़ी व खीरा दिया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि मौसमी फलों के माध्यम से जानवर तरोताजा महसूस करेंगे व उन्हें गर्मी का अहसास भी कम होगा। इसलिए प्रशासन की ओर से इन फलों को खाने में शामिल किया गया है।

## गर्मी से निजात दिलाने के लिए लगे कूलर



**लखनऊ।** देशभर में बढ़ती गर्मी से हर कोई बेहाल नजर आ रहा है। तेजी से बढ़ रहे टेंपरेचर से बचने के लिए लोग अपने घरों के अंदर एसी, कूलर का सहारा ले रहे हैं। दोपहर के वक्त गर्म हवा के चलते लोग बाहर निकलने से बचते हुए नजर आ रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग अपने लिए हर संभव इंतजाम कर रहे हैं। इस समय जानवर भी छांव वाली जगह देखकर आराम फरमाते हुए नजर आ रहे हैं। चिड़ियाघर में रहने वाले जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए क्या व्यवस्था की गई है, अदिति शर्मा बताती हैं कि गर्मी के मौसम में चिड़ियाघर में रह रहे जानवरों के लिए खास व्यवस्था करना जरूरी हो जाता है। जानवरों के लिए टेंपरेचर को कंट्रोल करने के लिए हमने स्प्रिंकलर लगाया है। कूलर की व्यवस्था की गई है। 45 से 50 कूलर बाड़ों के अंदर लगाए गए हैं, ताकि उनको ज्यादा गर्मी न लगे। इसके अलावा बाड़ों के बाहर स्प्रिंकलर लगाए गए हैं।

**स्प्रिंकलर लगाये गये:** दरअसल, स्प्रिंकलर लगाने के पीछे की एक और वजह यह है कि गर्मी में धूल मिट्टी उड़ती है और काफी सूखापन हो जाता है। ड्राइनेस होने की वजह से जानवरों में आपसी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, इसलिए इन चीजों से निपटने के लिए हमने स्प्रिंकलर लगाए हैं। इसके अलावा खस और बांस की चटाइयां भी लगाई गई हैं, ताकि सूर्य की किरण डायरेक्ट बाड़ों पर न पड़ें, उसका टेम्प्रेचर बहुत ज्यादा न बढ़ जाए।

# कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी आज, होगी बप्पा की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सनातन धर्म में चतुर्थी तिथि का खास महत्व है। यह पर्व हर महीने धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता और सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 जून को दोपहर 03 बजकर 46 मिनट पर आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि शुरू होगी। वहीं, 15 जून को दोपहर 03 बजकर 51 मिनट पर आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का समापन होगा। तिथि गणना से 14 जून को कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर चन्द्रोदय का शुभ समय 10 बजकर 07 मिनट है।

**कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी पर शुभ योग:** आषाढ़ महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर इंद्र योग का संयोग दोपहर 03 बजकर 13 मिनट से हो रहा है। साथ ही भद्रवास का भी योग है। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होगी। कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी पर शिववास योग का संयोग है। इस योग का निर्माण दोपहर 03 बजकर 46 मिनट से हो रहा है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव कैलाश पर जगत की देवी मां पार्वती के साथ विराजमान रहेंगे इस समय में भगवान शिव का अभिषेक करने से साधक को सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी।

**कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी की पूजा विधि:** कृष्णपिंगल संकष्टी चतुर्थी 2025 की पूजा विधि में, आप सबसे पहले सुबह उठकर स्नान करें और स्वच्छ कपड़े पहनें। फिर, एक साफ चौकी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें और उन्हें फूल, दूर्वा, सिंदूर, चंदन, अक्षत आदि अर्पित करें। मोदक या लड्डू का भोग लगाएं, आरती करें और गणेश जी के मंत्रों का जाप करें। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें और व्रत का पारण करें। सुबह जल्दी उठें, स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। पूजा स्थल को साफ करें और चौकी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें। भगवान गणेश को फूल, दूर्वा, सिंदूर, चंदन, अक्षत, मोदक या लड्डू अर्पित करें। धूप, दीप जलाएं, आरती करें, गणेश जी के मंत्रों का जाप करें, व्रत कथा का पाठ करें।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

- सूर्योदय – सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर
- सूर्यास्त – शाम 07 बजकर 20 मिनट पर
- चंद्रोदय – रात 10 बजकर 07 मिनट पर
- चंद्रास्त – सुबह 07 बजकर 44 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 02 मिनट से 04 बजकर 43 मिनट तक
- विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 41 मिनट से 03 बजकर 37 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त – शाम 07 बजकर 19 मिनट से 07 बजकर 39 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त – रात 12 बजकर 01 मिनट से 12 बजकर 42 मिनट तक

# नृत्य और गायन की कार्यशाला संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ एवं लैंड पोर्ट अथॉरिटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित गायन, नृत्य की प्रस्तुतीकरण कार्यशाला का आयोजन 1 जून से सरस्वती विद्या मंदिर में किया जा रहा था उसका आज समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, चेयरमैन आदर्श नगर पालिका रुपईडीहा ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रमाण पत्र प्रदान किये।

कार्यक्रम के संयोजक लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मैनेजर सुधीर शर्मा ने संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की विशेष सचिव एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर सृष्टि धवन के विशेष सहयोग की सराहना की एवं आशा व्यक्त की की भविष्य में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश इस तरह की कार्यशाला का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु करता रहेगा।

इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा कथक नृत्य की विभिन्न मुद्राओं का सजीव प्रदर्शन किया गया जिसकी करतल ध्वनि से सभी ने प्रशंसा की। कथक की भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की मिल्की गुप्ता ने कथक का प्रशिक्षण प्रदान किया। गायन के प्रतिभागियों द्वारा शास्त्रीय संगीत के अलाप की प्रस्तुति की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की गायन का प्रशिक्षण में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय इति तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देखकर कार्यक्रम के संयोजक सुधीर शर्मा, कथक व गायन की इति तिवारी व मिल्की गुप्ता, प्रधानाचार्य अनुज कुमार सिंह व सुश्री सोनाली को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी, प्रचारक अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## संतों को समर्पित है पुस्तक 'अयोध्या के संत'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या को श्रीराम की जन्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। आरंभ से यह वशिष्ठ, वामदेव, जावालि, सुयज्ञ, मांडव्य तथा पराशर आदि मुनियों की कर्मभूमि रही है। विभिन्न कालखण्डों में यहां उत्पन्न हुए सन्तों के जनोपयोगी और श्रेष्ठ विचार मानवता को सन्मार्ग पर चलने को प्रेरित करते रहे हैं। यहां देश के विभिन्न भागों से भवबंधन के पार जाने के निमित्त सन्त महापुरुषों का आगमन होता रहा है। प्रत्येक युग में सभी मतावलम्बियों के जिज्ञासुओं को यह पूरी आकर्षित करती रही है। परिस्थितियों के प्रतिकूल होने पर भी यह सन्तों द्वारा सदा सेवित रही है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की वर्तमान कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रतिभा गोयल की यह पुस्तक इन्हीं महान सन्तों को समर्पित है। प्रो. (डॉ.) प्रतिभा गोयल एक सफल शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता होने के साथ-साथ उच्चकोटि की लेखिका, सम्पादिका एवं प्रभावशाली वक्ता हैं। वह हिन्दी, पंजाबी और अंग्रेजी में साधिकार लिखती हैं।

# सुनील कुमार वाजपेयी की चार कृतियों का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इं. सुनील कुमार वाजपेयी जी की चार कृतियों, मैं शाश्वत सत्य सनातन हूँ, शाश्वत भाव प्रवाह, बीते तीन प्रहर, जो उमड़ा सो बरसा का लोकार्पण यू.पी. प्रेस क्लब, हजरतगंज में विधिवत सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिशंकर मिश्र थे। श्रीमद्भगवद्गीता में परमात्मा को सनातन तो माना गया है। साथ ही जीवात्मा को भी सनातन धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है। अर्थात कहने का तात्पर्य यह है कि सनातन धर्म में सभी चीजें सनातन हैं और यह अनादिकाल से हैं। कहा जाता है कि यतो धार्मस्ततो जयः अर्थात जहां धर्म हैं वहां विजय निश्चित है। इसलिए मनुष्य को धर्मनिष्ठ रहना चाहिए। ये बाते प्रो हरि शंकर मिश्र ने प्रेस क्लब में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में कही, जहां इ सुनील कुमार वाजपेयी की चार पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री विद्या विंदु सिंह ने कहा कि सनातन का अर्थ है शाश्वत, सदा रहने वाला, अर्थात ऐसा धर्म जो अनादि और अनंत है। जिसके मूल में सर्व कल्याण की भावना व्याप्त है। वाजपेयी जी का लेखन इसी भावना से परिपूर्ण है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित जी ने अपने वक्तव्य में सुनील कुमार वाजपेयी की रचना धर्मिता को रेखांकित करते हुए कहा कि सृजन का मुख्य उद्देश्य लोक मंगल के साथ सत्य, दया, क्षमा, परोपकार जैसे नैतिक व सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना है। जब इस उद्देश्य के निहितार्थ कोई रचना की जाती है तो वह स्थाई मूल्य की होती है। वाजपेयी जी की रचना धर्मिता इसी सकारात्मक उद्देश्य से परिपूर्ण दिखाई देती है। डॉ मृदुल शर्मा ने 'शाश्वत भाव प्रवाह' पर कहा शाश्वत भाव प्रवाह कवित्त संग्रह के छंदों की विषय वस्तु और शिल्प दोनों ही बहुत समृद्ध हैं। कविवर सुनील कुमार वाजपेयी ने देव स्तुति के साथ ही अनेक नगरों, ऋतुओं, पर्वों एवं सम-सामयिक समस्याओं एवं विचारणीय मुद्दों को अपने काव्य का कथ्य बनाया है जो उनकी विशद काव्य दृष्टि और व्यापक सोच का परिचायक है। उ.प्र. हिन्दी संस्थान की मुख्य संपादक डॉ. अमिता दुबे ने 'बीते तीन प्रहर' पर अपने विचार रखें और इं. सुनील कुमार वाजपेयी को परिवार के प्रति अत्यन्त संवेदनशील बताया। कार्यक्रम का आरंभ वीणापाणि सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। वाणी वन्दना घनानन्द पाण्डेय 'मेघ' ने, स्वागत वक्तव्य संस्था के संरक्षक डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी जी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष सुशील चन्द्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की महामंत्री डॉ. रश्मिशील ने व संयोजन आवारा नवीन एवं नवीन शुक्ल नवीन ने किया।

## राजस्थानी व हरियाणवीं नृत्य ने जीता दिल



**लखनऊ।** समर कार्निवल 2025 के सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशा नृत्यांगा फाउंडेशन द्वारा अनुराधा यादव के नेतृत्व में कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई नृत्य सिर्फ एक कला नहीं आत्मा की आवाज है। इन्हीं विचारों को प्रस्तुत करने के लिए कलाकार दिन रात की मेहनत करते हैं। अनुराधा यादव एक निर्देशिका के साथ-साथ नृत्य की शिक्षिका भी है बच्चों को नृत्य की हर बारीकियां दिखती हैं। क्लासिकल, देवी स्तुति, राम स्तुति, कथक, सोलो सहित कई विधाओं का नृत्य समर कार्निवल 2025 में देखने को मिला जिन कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी उनमे गुनगुन, प्रगति, रूही, हरलीन अप्पू, नित्या, अंजलि, अंशिका, जानवी, मैत्री, सानिया, रुचिका ,जोली, कशवी, रुचिका आदि। सांस्कृतिक संध्या में ध्वनि फाउंडेशन कि प्राची तिवारी के नेतृत्व मे कृष्ण कव्वाली अदिति दिव्या, ओसनिक, अंकित, राजस्थानी नृत्य दिव्या और अनिता, मत छेड़ बलम हरियाणवी डांस अंकित ओसनिक, अद्ववित्ति, रात सुहानी दिव्या अंशिता पहाड़ी लोक नृत्य समूह नृत्य घर मोरे परदेसिया अदिती हरि स्त्रोतम, आफरीन आफरीन अंकित सरस्वती वंदना कशवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी कलाकारों को एनबी सिंह द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सभी को आशीर्वाद और उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

# नृत्य नाटिका वतन के वास्ते में दिखा देशभक्ति और बलिदान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रंगसंस्था कामायनी द्वारा संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में पुनीत मित्तल के निर्देशन में नृत्य नाटिका वतन के वास्ते का मंचन किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने बताया कि अभी हाल ही में पहलगाम हमले के पश्चात भारतीय फौज ने जिस प्रकार पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया तथा उनके तमाम लड़ाकू जहाजों को हवा में ही मार गिराया। संस्था ने उन वीर सैनिकों के नाम एक शाम नृत्य नाटिका वतन के वास्ते का मंचन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल एमसी जायसवाल, एलके तिवारी व राकेश जायसवाल, कैप्टन एके गुप्ता, वाईपीएन सिंह, एचके कनौजिया, कर्नल तुषार बाछिल, सूबेदार जोगेन्द्र यादव का सम्मान किया गया। यह नृत्य नाटिका देशभक्ति, बलिदान और पारिवारिक संवेदनाओं का अद्वितीय संगम रही।

कहानी भारतीय सेना के वीर जवान कैप्टन राघव की गाथा को जीवंत करती है अपनी पत्नी और पुत्र को छोड़कर छुट्टियों के मध्य ही फौज में वापस चला जाता है और फिर शुरू होता है पत्रों के माध्यम से उनके प्रेम, संघर्ष और त्याग की गाथा। नारी सशक्तिकरण और सैन्य शौर्य का चित्रण करते हुये बीएसएफ की महिला बटालियन को बहुत अच्छे ढंग से भरतनाट्यम के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। शौर्य के साथ-साथ ही सपने में कैप्टन राघव लट्ठमार होली खेलते हैं वहीं पिता से प्राप्त शिक्षा के आधार पर बेटा सोनू अपने विद्यालय में वंदे मातरम्-गीत पर चन्द्रशेखर आजाद की भूमिका बखूबी निर्वाह करता है। कशमीर में आतंकवादी विरोधी अभियान के दौरान कैप्टन राघव जान की बाजी लगाकर लड़ते है और अंतिम आपरेशन में नौ गोलियाँ लगने के बाद भी तीन आतंकवादियों को मार गिराते हैं और भारत माता की जय के उद्घोष से वीरगति को प्राप्त होते हैं। नाटिका में कथक, भरतनाट्यम और लोकनृत्य का सुन्दर तालमेल दशार्या गया है। इस नाटिका की लेखिका है छवि मिश्रा ने वहीं प्रकाश का भार संभाला वरिष्ठ रंगकर्मी मो. हफीज ने। कलाकारों में आशीष सिंह, विनय गुज्जर, सुश्रत गुप्ता, अभिषेक गुज्जर, सर्वजीत, सीमापाल, प्रियम यादव, वंशिका शर्मा, अंशिका पाठक, दिलप्रीत कौर,, अक्षिता मिश्रा, शैलेन्द्र, ईशानी कनौजिया आदि ने अपने सशक्त अभिनय के बल पर दर्शकों को अन्त तक बांधे रखा।

## 'ज्ञान और अनुभव का संगम योग' कार्यक्रम में देश-विदेश की विभूतियां होंगी शामिल

**लखनऊ।** राज्यपाल कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे प्राप्त निर्देश के क्रम में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा ज्ञान और अनुभव का संगम योग शीर्षक पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया है जिसका शुभारंभ शास्त्रीय नृत्य विधा में पारंगत भरतनाट्यम एवं ओड़ीसी नृत्य शैली की महान गुरू पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह वर्चुअल रूप से करेंगी। दो दिवसीय वेबिनार 17 एवं 18 जून को चार सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। वेबिनार में देश एवं विदेश के ख्याति प्राप्त योग साधक कलाकार एवं धर्मगुरु योग पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। 17 जून को वेबिनार के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र (प्रातः 09:30 से 11:00) में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह एवं डॉ. कामता प्रसाद साहू विभागाध्यक्ष मानव चेतना एवं योग विज्ञान, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार से वर्चुअल रूप से ज्ञान और अनुभव का संगम योग शीर्षक पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। इस सत्र में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह प्रारम्भ में स्वागत उद्बोधन देंगी। 17 जून प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र (अपराह्न 12:30 से 02:30) में पद्मश्री रंजना गौहर ,ओड़िसी नृत्यांगना-दिल्ली, पद्मश्री डॉ. राजेश्वर आचार्य, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष-ललित कला एवं संगीत विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, डॉ. प्रेम दवे, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, डॉ. केवल नायक विभागाध्यक्ष-स्कूल ऑफ इन्डोलाजिकल स्टडीज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट, मॉरिशस से योग पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। 18 जून को द्वितीय दिवस के तृतीय सत्र (प्रातः 09:30 से 11:30) में अयोध्या से जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज, डॉ. पतुम चामरा कथक नृत्य विशेषज्ञ, श्रीलंका, डॉ. आलोक तिवारी, योग शिक्षक, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से योग पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक -39/ई.ई.-6/एल.जे.एस./2025-26 दिनांक 13/06/2025

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 20/06/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 20/06/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 20/06/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reparing of 1.50 HP Submersible Pump 07 Nos at different places of Kanhiya Madhopur I Ward and New Haiderganj I Ward Lko. | 4200.00 | Rs. 250 | 07 दिवस |
| 2 | Reparing of 1.50 HP Submersible Pump 12 Nos at different places of Kanhiya Madhopur II Ward, Sahadatganj Shitla Devi Ward and Lodhpurwa Ward, Lko | 6300.00 | Rs. 350 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-6**
**जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

# कई ट्रेनों के फेरों में किया गया विस्तार, समय भी बदला

## यात्रियों की सुविधाओं के उन्नयन के लिए लिया फैसला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आधारभूत संरचना में विस्तार एवं यात्री सुविधाओं में उन्नयन के लिए गोरखपुर स्थित ओल्ड पिट लाइन संख्या-1 एवं 2 के पुनर्निर्माण के परिप्रेक्ष्य में डिस्मेंटल कार्य के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण निम्नलिखित गाड़ियों का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार किया गया था। इन गाड़ियों के कुछ स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया है।

11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर वाया मऊ गोदान एक्सप्रेस 16 जून से 07 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.55 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये दूसरे दिन संशोधित समयानुसार गोरखपुर से 20.45 बजे तथा बस्ती से 21.47 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग गोण्डा स्टेशन पर 23.05 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वाया मऊ गोदान एक्सप्रेस 18 जून से 07 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को विस्तारित मार्ग गोण्डा स्टेशन से 03.10 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 04.18 बजे तथा गोरखपुर से 06.40 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये दूसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 15.30 बजे पहुंचेगी।

20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर वाया ऐशबाग, गोण्डा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 16 जून से 05 दिसम्बर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 05.23 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये दूसरे दिन गोरखपुर 12.05 बजे, देवरिया सदर से 12.55 बजे, भटनी से 13.14 बजे तथा मऊ से 14.12 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग आजमगढ़ 15.15 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 20104 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वाया गोण्डा, ऐशबाग सुपरफास्ट एक्सप्रेस 17 जून से 06 दिसम्बर तक विस्तारित मार्ग आजमगढ़ से 18.50 बजे प्रस्थान कर मऊ से 19.30 बजे, संशोधित समयानुसार भटनी से 20.54 बजे, देवरिया सदर से 21.16 बजे, गोरखपुर 22.10 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 04.35 बजे पहुंचेगी।

19409 साबरमती-गोरखपुर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 19 जून से 06 दिसम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार एवं शनिवार को साबरमती से 10.35 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये दूसरे दिन गोरखपुर से 17.00 बजे, विस्तारित मार्ग पर कप्तानगंज से 18.07 बजे, पड़रौना से 18.44 बजे तथा तमकुही रोड से 19.22 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग थावे 20.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 19410 गोरखपुर-साबरमती द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 21 जून से 08 दिसम्बर,2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को विस्तारित मार्ग थावे से 01.00 बजे प्रस्थान कर तमकुहीरोड से 01.45 बजे, पड़रौना से 02.32 बजे, कप्तानगंज से 03.32 बजे तथा गोरखपुर से 04.55 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये दूसरे दिन साबरमती 09.55 बजे पहुंचेगी।

## 16 आईआरएमएस-ट्रैफिक अधिकारी भारतीय रेलवे में शामिल हुए

### भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के 2022 बैच के अधिकारियों के पहले बैच का इरिटेम लखनऊ में संपन्न हुआ दीक्षांत समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के प्रथम बैच के अधिकारियों का समापन समारोह शुक्रवार को भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरआईटीएम), लखनऊ में आयोजित किया गया। रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (पर्यटन एवं खानपान) अमित वर्धन ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का आरम्भ रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (पर्यटन एवं खानपान) अमित वर्धन, संस्थान के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी तथा अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद आईआरआईटीएम के डीन शिशिर सोमवंशी ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को शपथ दिलाई। नये प्रशिक्षुओं को विरासत सौंपने के प्रतीक के रूप में 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा 2023 बैच को आईआरआईटीएम ध्वज सौंपा गया।

2022 बैच के भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के अधिकारियों ने रेलवे प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में 104 सप्ताह का प्रशिक्षण लिया है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, 16 प्रोबेशनरी अधिकारी आज भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनल रेलवे में तैनात होने के लिए पास आउट हो गए।

रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (पर्यटन और खानपान) अमित वर्धन ने अधिकारियों को संबोधित किया और उन्हें आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत कार्य नैतिकता विकसित करने के बारे में बताया और उनके करियर में सफलता की कामना की। संस्थान के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित अतिथियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को अवगत कराया और आईआरआईटीएम में चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रशिक्षण सुविधाओं के उन्नयन के लिए किए गए बुनियादी ढांचे के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने आईआरएमएस अधिकारियों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल और सफल करियर की कामना की।

इस अवसर पर दिए गए प्रशिक्षण के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार दिए गए। कृतिका मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ आईआरएमएस अधिकारी प्रशिक्षु का पुरस्कार दिया गया, विशाल आनंद को सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, अभिषेक कुमार सिंह को एस्प्रिट डी कॉर्प्स के लिए सम्मानित किया गया।

कृतिका मिश्रा (महिला) और मोहन दान को सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी प्रशिक्षु होने के लिए सम्मानित किया गया, रया हिम्मतरामका (महिला) और अक्षय कुमार राजगौड़ा पाटिल को खेल गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ होने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ के दोनों मंडलों के अन्य विशिष्ट अतिथि और अधिकारी भी उपस्थित थे। 2022 बैच के आईआरएमएस अधिकारियों के पाठ्यक्रम निदेशक अंबर प्रताप सिंह ने पाठ्यक्रम निदेशक की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन आईआरआईटीएम के डीन शिशिर सोमवंशी द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। समारोह के दौरान अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

# गो-सेवा आयोग ने महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया : श्याम बिहारी गुप्त

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित न रहकर अब प्राकृतिक खेती, ग्रामीण अर्थव्यवस्थाए महिला सशक्तिकरण और ऊर्जा उत्पादन जैसे बहुआयामी क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में बरेली मंडल की गोशालाओं की समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। बरेली में आयोजित बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, सदस्यगण रमाकान्त उपाध्याय, राजेश सिंह सेंगर एवं दीपक गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के द्वारा गो-आधारित प्राकृतिक खेती, आत्मनिर्भर गोशालाओं की स्थापना एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में दिए गए मार्गदर्शन के क्रम में कई ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरेली मंडल सहित प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना अंतर्गत इन समूहों को एक से चार गायें सुपुर्द की जाएगी, जिससे न केवल गोवंश संरक्षण होगा, बल्कि महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। जहां-जहां स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता है, वहां पर एमएनआरईजी। जैसी योजनाओं के माध्यम से पशु शेड, नाद, गोबर संग्रह केंद्र आदि की संरचनाएं निर्मित कर गोबर और गोमूत्र का संग्रह एवं प्रयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इनसे प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा। सभी पंजीकृत गोशालाओं में बायोगैस, रेक बायोगैस या अन्य प्रकार के जैविक ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगीए जिससे किसानों और गोशालाओं को ऊर्जा तथा आय का नया साधन मिलेगा और यह आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना नेशनल मिशन फॉर नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत गोशालाओं में संरक्षित गोवंश से प्राप्त गोबर और गोमूत्र का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित कर उसे जैविक उत्पादन और कृषि कार्यों में जोड़ा जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि एमएसएमई (माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइसेस) के अंतर्गत पंचगव्य आधारित उत्पाद जैसे दवाए अर्कए खाद आदि के निर्माण के लिए पंचायत स्तर पर छोटे-छोटे उद्यम विकसित किए जाएंगे, जिनमें युवाओं को प्रशिक्षण देकर जोड़ा जाएगा और इन उत्पादों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राज्य में एग्री टूरिज्मए इको टूरिज्म तथा रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए उन गोशालाओं को पर्यटन केंद्रों से जोड़ा जाएगा जहाँ पर उच्च नस्ल के गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। इससे गोशालाओं को एक नया राजस्व स्रोत प्राप्त होगा। आयुष विभाग के सहयोग से पंचगव्य पर आधारित आयुर्वेदिक उत्पादों के लिए पंचायत स्तर पर इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिनमें देसी गाय के दूध, गोबर व गोमूत्र का उपयोग कर आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण किया जाएगा। घरेलू एवं औद्योगिक स्तर पर बायोगैस संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे सीएनजी, खाद व जैविक ऊर्जा का उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके। सहकारिता विभाग के सहयोग से जैविक खाद की उत्पादन इकाइयां स्थापित की जाएंगीए जिससे रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी और किसानों को सस्ती तथा प्राकृतिक खाद उपलब्ध कराई जा सकेगी। प्रदेश के सभी आश्रय स्थलों या गोशालाओं में उपलब्ध अनुपयोगी भूमि का उपयोग कर हरे चारे का उत्पादन किया जाएगा, जिससे गोशालाएं चारा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन सकें और चारे पर होने वाला व्यय कम हो।

## भाषा विवि ने डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परिणाम किये घोषित

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा मई 2025 सत्र के सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इन परिणामों में फ्रेंच भाषा में दक्षता प्रमाणपत्र, कैपिटल मार्केट एवं निवेश, पत्रकारिता एवं जनसंचार (उर्दू माध्यम) का पीजी डिप्लोमा, अरबी भाषा का पीजी डिप्लोमा और अंडरग्रेजुएट डिप्लोमा, तथा जीएसटी डिप्लोमा शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा ने कहा कि सभी विद्यार्थी, समर्थ पोर्टल पर अपनी अपनी लॉग-इन-आई डी के माध्यम से अपने-अपने पाठ्यक्रमों के परिणाम देख सकते हैं। साथ ही उप परीक्षा नियंत्रक एवं नोडल अधिकारी समर्थ ने बताया कि विद्यार्थी अपने परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या के निवारण के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## दी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**नगराम।** ग्रामीणों को उनके नजदीक ही लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगराम के कनेरी स्थित पंचायत भवन में चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, पंचायत, खाद्य रसद, दिव्यांग विभाग द्वारा स्टाल लगाकर समस्याओं का समाधान किया गया। वहीं आर्यावर्त ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के क्रेडिट कार्ड जारी किए गए। नोडल अधिकारी डाङ्नीरज पटेल ने बताया कि किसान सम्मान निधि के 5 पात्र लाभार्थियों के आवेदन स्वीकृत किए गए।

## लखनऊ में मिले पांच नये कोरोना के मरीज

**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ में 5 कोरोना के नये (3 पुरुष एवं 2 महिला) रोगी पाये गय। इनमें 25 वर्षीय महिला कल्ली पश्चिम, 07 वर्षीय महिला बच्ची मलिहाबाद, 79 वर्षीय पुरुष कल्ली पूर्व, 52 वर्षीय पुरुष इंदिरा नगर, 25 वर्षीय पुरुष चौक निवासी है। जनपद में अब तक कुल 28 कोविड धनात्मक रोगी पाये गये। जनपद में एक्टिव कोविड केसेस की संख्या 20 है।

## अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में दक्ष राज को प्रथम रैंक



**लखनऊ।** सीएमएस के इंदिरा नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-9 के मेधावी छात्र दक्ष राज सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सिंगापुर एवं एशियन स्कूल्स मैथ ओलम्पियाड (एसएएसएमओ - 2025) में देश में प्रथम रैंक एवं विश्व स्तर पर द्वितीय रैंक अर्जित कर अंतर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने सीएमएस छात्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

## पुनर्वास विवि के चार खिलाड़ी थाईलैंड रवाना

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने 17 से 21 जून तक थाईलैंड में आयोजित होने वाले एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में चयनित विश्वविद्यालय के चार खिलाड़िओं राहुल कुमार वर्मा एमए हिन्दी, हामिद सलमानी डी फार्मा, कनक सिंह जादौन एमबीए और स्वाति बीए को थाईलैंड रवाना होने से पूर्व एक लाख रुपये का बैडमिंटन किट देकर सम्मानित किया। इससे पहले भी यह सभी विद्यार्थी इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं तथा कई पदक भी अर्जित कर चुके हैं।



सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुख्यमंत्री आवास पर भेंट की

# रेलवे कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

## आरडीएसओ में विशेष योग कार्यशाला का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आरडीएसओ द्वाराअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून)के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही गतिविधियों की श्रृंखला में शुक्रवार को एक विशेष योग कार्यशालाका भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कार्मिक निदेशालय द्वारा संस्थान के ऑडिटोरियम में विशेष रूप से आउटसोर्स एवं लेवल-वन कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी, ताकि उन्हें भी योग की महत्ता से परिचित कराया जा सके।

कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ स्मृति वंदना अर्णवाल, राज्य समन्वयक, पतंजलि योग समिति, उत्तर प्रदेशद्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग केमूल सिद्धांतों, प्राणायाम, ध्यान, एवंसरल योगासनोंका अभ्यास करवाया।उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कियोग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह एक समग्र जीवनशैली है, जो मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित करता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

आरडीएसओ प्रशासन ने इस पहल की भूरी-भूरी सराहना की तथा यह आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की स्वास्थ्य-संबंधी कार्यशालाएं सभी श्रेणी के कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जाती रहेंगी।

# योग कार्यक्रम की जियो टैग के जरिये हो रिकॉर्डिंग

## योग दिवस की तैयारियों को लेकर लविवि कुलपति ने की समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को प्रशासनिक भवन के मंथन कक्ष में 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर पुनः समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कुलपति ने उपस्थित हितधारकों को प्रतिभागियों की संख्या सुनिश्चित करने के लिए कहा। राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए योग दिवस पर 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गयी है। कुलपति ने कहा कि इसमें एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हॉस्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

इस बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य/अधिकारी भी ऑनलाइन मोड में जुड़े हुए थे। इस बैठक के तुरन्त बाद लखनऊ में स्थित कुछ महाविद्यालयों के प्राचार्य गण ने भी इस बैठक में सहभागिता की। कुलपति ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम को रिकॉर्ड करके जियो टैग युक्त पांच फोटो और 30 सेकेंड का वीडियो लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये लिंक पर अपलोड किये जायेंगे। आने वाले दिनों में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के कुछ महाविद्यालयों में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति, कुलसचिव, डीन सीडीसी, डीन एकेडमिक्स अलग अलग वहां जाकर 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तैयारी की समीक्षा भी करेंगे। इसी क्रम में कुलपति ने बताया कि 17, 18 और 19 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित योग संकाय में एक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक आकर विभिन्न योगासनों की जानकारी कर सकते हैं और अपने-अपने महाविद्यालय में 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न आसनों का संचालन करेंगे।

कुलपति ने बैठक में सभी को प्रेरित किया कि इस विश्व रिकॉर्ड को पूर्ण करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को निर्धारित 51000 की संख्या से कहीं अधिक हम लोगों की भागीदारी रहेगी। बैठक की समाप्ति पर कल दिनांक 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में हुए वायुयान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

# बीटेक छात्रा आकांक्षा नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट पद पर चयनित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग), 2024 बैच की छात्रा आकांक्षा सिंह का चयन भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने आकांक्षा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता आकांक्षा की लगन, परिश्रम एवं संकाय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। इस प्रकार की उपलब्धियां हमारे विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा के लिए और अधिक प्रेरित करती हैं। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने जानकारी दी कि आकांक्षा सिंह का भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयन शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत हुआ है, जिसके तहत वह इलेक्ट्रिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। उन्हें लगभग 13 लाख वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि आकांक्षा सिंह हमारे संकाय की एक अत्यंत प्रतिभाशाली एवं समर्पित छात्रा रही हैं। भारतीय नौसेना में चयन के अतिरिक्त, उन्होंने संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में भी पांच प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन प्राप्त किया था, जो उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है।

# ग्रामीण ऊर्जा खपत की पूर्ण पूर्ति की दिशा में कार्य करें छात्र

## आईईटी में एडवांसिज इन कंट्रोल एंड मैनेजमेंट ऑफ माइक्रोग्रिड ऑपरेशंस शीर्षक पर दो दिवसीय कार्यशाला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एडवांसिज इन कंट्रोल एंड मैनेजमेंट ऑफ माइक्रोग्रिड ऑपरेशंस शीर्षक पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार की परियोजना के अंतर्गत संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल ने किया। डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल ने ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिकल माइक्रोग्रिड का सफल उपयोग करके ग्रामीण उर्जा खपत की पूर्ण पूर्ति की दिशा में कार्य करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने ग्लोबल वार्मिंग जैसे विश्वव्यापी समस्याओं से निपटने के लिए ग्रीन ऊर्जा उत्पादित माइक्रोग्रिड के निर्माण के लिए छात्रों को जागरूक किया। कार्यशाला की कोऑर्डिनेटर प्रो. सीतालक्ष्मी के. ने माइक्रोग्रिड के क्षेत्र में, आईईटी लखनऊ स्थित इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में की जा रही रिसर्च को सभी के समक्ष साझा किया।

कार्यशाला के प्रथम दिन, आईआईटी रुड़की के प्रो. विशाल कुमार ने एफपीजीए आधारित डिजिटल रिले के उपयोग से माइक्रोग्रिड को सभी प्रकार के फॉल्ट से सुरक्षित रखने की तकनीक पर छात्रों एवं फेकल्टी को जागरूक किया। कार्यशाला के प्रथम दिन अन्य वक्ताओं में डॉ बालाकृष्णन पी. सीनियर इंजीनियर जीई ने स्मार्ट ग्रिड की उपयोगिता और साइबर सुरक्षा के अंतर्गत स्मार्ट ग्रिड के उपयोग पर चर्चा की। डॉ राहुल कुमार दुबे, विशेषज्ञ, बॉश ग्लोबल सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज द्वारा स्मार्ट ग्रिड में आने वाली समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रो. अंकुश शर्मा, प्रोफेसर आईआईटी कानपुर ने ऊर्जा की बढ़ती मांग और उसकी उपलब्धता को बनाए रखने के लिए एनर्जी उत्पादन के बारे में जानकारी दी एवं प्रो. चिंतापल्ली वीवीएस भास्करा रेड्डी, प्रो. एयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग विशाखापत्तनम द्वारा माइक्रोग्रिड द्वारा विद्युत के सफल संचालन और इसके प्रबंधन में आने वाली जटिलताओं के बारे में छात्रों एवं फैक्टी के साथ इस विषय पर शोध की जानकारी साझा की। कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ. विग्नेश वी. (प्रोफेसर, आईआईटी तिरुपति) ने साइबर फिजिकल स्मार्ट ग्रिड की जटिलताओं एवं शोध विषयों पर व्याख्यान दिया। वहीं अरुण कुमार चौधरी (साइंटिस्ट/ डिप्टी डायरेक्टर, एमएनआरई, भारत सरकार) ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की नीतियों व पहलों पर प्रकाश डाला। शोधार्थियों आकाश सिंह एवं विदित शर्मा (आईईटी लखनऊ) द्वारा हार्डवेयर-इन-द-लूप (एचआईएल) पर हैंड्स-ऑन सत्र आयोजित किया गया। कार्यशाला की समापन पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रो. सीता लक्ष्मी ने संस्थान के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल का एवं सभी वक्ताओं और उपस्थित छात्रों एवं फैकल्टी को धन्यवाद दिया। कार्यशाला का संचालन राहत नाज द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्रो. अरुणिमा वर्मा, डॉ नितिन आनंद श्रीवास्तव, डॉ सचिन सिंह, अदीब उद्दीन अहमद, डॉ अरविंद कुमार, डॉ अनुराग वर्मा, रानीतेश गुप्ता, मुकेश कुमार, प्रेरणा बाजपेई, आकाश सिंह, मृत्युञ्जय मनी त्रिपाठी, विदित शर्मा एवं इलेक्ट्रिकल विभाग के 60 से अधिक छात्र उपस्थित रहे।

# लविवि के शिक्षक ने की विवादित पोस्ट, मचा हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के एक शिक्षक का फेसबुक में विवादित बयान पोस्ट करने का मामला सामने आया है। यह पोस्ट सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना है। इस पोस्ट में शिक्षक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर एक विवादित बयान दिया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज देश में महिलाएं अपने पतियों की हत्या करवा रही हैं और इसके पीछे आरएसएस की हिंसा और नफरत की मानसिकता जिम्मेदार है। जैसे यह पोस्ट लोगों के बीच में आया तो तेजी के साथ वायरल हो गया।

बताया जा रहा है कि शिक्षक के इस बयान के सामने आते ही हंगामा मच गया है। सोशल मीडिया पर लोग इस बयान की आलोचना कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे समाज में नफरत फैलाने वाला बताया है। इस मामले में छात्र नेता कार्तिक पांडेय ने कुलपति से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के एक शिक्षक को इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि आगे कोई भी शिक्षक इस तरह की गैरजिम्मेदाराना बात करने से पहले सोचना चाहिए था। इस तरह के बयान से विश्विद्यालय की तरफ गलत मैसेज जा रहा है। छात्र नेता कार्तिक पांडेय ने यह भी कहा कि शिक्षक का काम समाज को जोड़ने का है, न कि उसे बांटने का। एक शिक्षक अगर इस तरह की पोस्ट करेगा तो छात्रों पर उसका गलत असर पड़ेगा। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, अब तक शिक्षक की ओर से भी कोई सफाई सामने नहीं आई है।

संक्षेप

### योग दिवस पर जनपद स्तर पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी

**देवरिया ।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विशाल चौधरी ने बताया कि आयुष अनुभाग द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2025) के सफल आयोजन हेतु जनपद एवं राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य सभी वर्गों एवं आयु वर्ग के लोगों को योग से अधिकाधिक जोड़ना है।

डॉ. चौधरी ने बताया कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ निर्धारित की गई है। इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, योग चित्रकला प्रतियोगिता तथा योगासन प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है।

प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर 16 जून, को सायं 5:00 बजे तक अपलोड कर सकते हैं। प्राप्त प्रविष्टियों का जनपद स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा, जिसके उपरांत चयनित प्रविष्टियाँ राज्य स्तर की प्रतियोगिता हेतु प्रेषित की जाएंगी।

### वांछित अभियुक्त के घर दफा 82का नोटिस चस्पा

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआअफगान निवासी वांछित अभियुक्त मुकदमा अपराध संख्या 380/23 धारा 3/5अ/5ब/8गोवध निवारण अधिनियम 11(1)अवधु क्रूरता अधिनियम वांछित चल रहा था ।न्यायालय से लगातार समन आने के बावजूद भी न्यायालय मे उपस्थित नही हो रहा था ।

शुक्रवार के दिन भटनी पुलिस न्यायालय के आदेश पर धारा 82की नोटिस गाँव मे डुगडुगी के माध्यम से मुनादी कराकर वांछित अभियुक्त सुनील कुशवाहा पुत्र नन्दकिशोर कुशवाहा के घर सहित सार्वजनिक स्थान पंचायत घर व प्राथमिक स्कूल पर चस्पा किया गया ।

# प्रेम प्रसंग में दोस्त की चाकू गोदकर हत्या

जिला संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। तमकुहीराज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरवा में प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर दोस्त ने ही दूसरे दोस्त की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको जेल भेजने की कारवाई में जुटी हुई है। मित्रता को कलंकित करने वाली एक घटना को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही है।

गुरुवार की देर रात्रि तमकुहीराज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरवा निवासी फैयाज उर्फ तितली पुत्र सत्तार अंसारी 20 वर्ष को घायलावस्था में गांव के बाहर एक सुनसान स्थान पर अचेत अवस्था में देखा गया। उसके शरीर पर धारदार हथियार से कई वार करके उसे गंभीर रूप से घायल किया गया था। घटना की जानकारी पीड़ित परिजनों को हुई तो आनन फानन में उसे इलाज के लिए लेकर सीएचसी तमकुहीराज पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग के कारण मृतक के करीबी दोस्त उमेश बारी ने अपने दोस्त को चाकुओं से गोदकर हत्या कर दिया। घटना में शामिल आरोपी गिरफ्तार होने के बाद खुद अपना जुर्म स्वीकार कर रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कारवाई की जा रही है।

### प्रेम प्रसंग में गई अनिल यादव की जान

कुशीनगर। बीते 11 जून को सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम मठिया भोखरिया नौका टोला के बड़ी नहर के पीच रोड के किनारे झाड़ी में अनिल यादव पुत्र बब्बन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सखवनिया बतर डेरा थाना कसया का शव मिला था। हत्या की घटना में थाना सेवरही पर मु0अ0सं0-180/2025 पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को थाना सेवरही व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का खुलासा करते हुए थाना सेवरही क्षेत्र से घटना में सम्मिलित बालेन्द्र उर्फ बलिंदर यादव पुत्र भृगुराशन यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास, राहुल कुमार यादव उर्फ राजा यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास, बादल यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास व एक महिला अर्चना यादव पुत्री बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में प्रेम प्रसंग का मामला निकल कर आया है। मृतक अनिल कुमार यादव का अर्चना के साथ लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्चना यादव की शादी मार्च 2025 में हो गयी थी। शादी के बाद भी मृतक अनिल यादव लगातार महिला से संबंध रखने हेतु दबाव बनाया जा रहा था। इसी से तंग आकर उसके पति नें अर्चना को उसके मायके लाकर छोड़ दिया गया था। इन्ही सब बातों से क्षुब्ध होकर अर्चना यादव व उसके परिजनों द्वारा मृतक अनिल को फोन कर बुलाया और फावड़े व हेलमेट इत्यादी से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### ग्रीन जोन पावर सोलर का हुआ शुभारंभ

अयोध्या। शहर के चैक बजाजा मे ग्रीन जोन पावर एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमटेड सोलर ब्रांच का हुआ शोभारंभ। मुख्य अतिथि के तौर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल हेड ऋषि सारस्वत ने ग्रीन जोन पावर एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमटेड सोलर मुफ्त बिजली योजना ब्रांच का फीता काट कर किया शुभारंभ।

### कुम्हारों व शिल्पियों को पुरस्कृत करेगी सरकार

अयोध्या। योगी सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड कुम्हारों और शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में मण्डल स्तरीय माटीकला प्रतियोगिता आयोजित करेगा। प्रतियोगिता में शिल्पियों का चयन फाइन आर्ट्स के विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम द्वारा उनके प्रदर्शित उत्पादों के आधार पर होगा। इच्छुक कुम्हार और शिल्पी अपने उत्पादों की फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक के साथ माटीकला बोर्ड के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन जमा करने के लिए कार्यदिवसों में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सत्यवती सदन, बड़ी देवकाली मंदिर के निकट, बेनीगंज रोड, अयोध्या में संपर्क करना होगा। इस पहल के तहत शिल्पियों के उत्कृष्ट उत्पादों को पुरस्कृत करने के लिए प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 12 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

## 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यशाला आयोजित

जिला संवाददाता

भटनी(देवरिया)।भाजपा मण्डल भटनी द्वारा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्रा की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मन्दिर हतवा बाजार प्रा पाठशाला के प्रांगण में विकसित भारत का अमृत काल सेवा,सुशासन व गरीब कल्याणकारी योजनाओं के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों द्वारा एक बैठक कर कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा भटनी मण्डल के गठन के पहले बैठक का शुभारंभ कर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाउपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि विजय कुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष सहित मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्रा की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया जिस दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने संबोधन में प्रधान मंत्री के 11 वर्ष के कार्यकाल पर प्रकाश डाला और जनकल्याणकारी योजनाओं सहित सुशासन व गरीब कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।साथ ही अपने सभी कार्यकताओं को भारतीय जनता पार्टी के कल्याणकारी योजनाओं को घर घर चाक चौराहों सहित गाँव गाँव जाकर अवगत कराने की जिम्मेदारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति विजय कुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष रोशन जमीर कल्लू क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा विनोद दीक्षित शकुन्तला यादव सत्य प्रकाश श्रीवास्तव रविभूषण श्रीवास्तव दीपक वर्मा कृष्ण देव मिश्रा आशीष पासवान शेषनाथ कुशवाहा कृपाशंकर मिश्रा दुर्गेश शर्मा अभय तिवारी संजय भारती बलवंत सिंह शिव सरदार मिश्रा गोरखनाथ यादव रईश अंसारी विशम्भर तिवारी मुन्ना राय अवधेश मिश्रा विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित कार्यकर्ता एवम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्माण के लिएआवंटित भूमि का बदलेगा भू उपयोग

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अवगत कराया है कि जनपद कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु मैत्रेय परियोजना क्षेत्र की कुल 145.82 एकड आवन्टित भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में सहयुक्त नियोजक गोरखपुर से आख्या प्राप्त किया गया सहयुक्त नियोजक गोरखपुर के पत्र, प्रेषित आख्या में उल्लिखित है कि अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड (भवन) लो०नि०वि० गोरखपुर के पत्र में भू-उपयोग परिवर्तन के आवेदन तथा उसके साथ संलग्न अभिलेखों के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन के लिए अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार कसाडा बोर्ड बैठक के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही की जाय।कुशीनगर विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण चोर्ड की बैठक दिनांक-06.02.2025 के एजेण्डा विन्दु सं० 19.10 पर प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करते हुए कुशीनगर विशेष क्षेत्र महायोजना-2021 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग ₹मैत्रेय परियोजना क्षेत्र₹ से ₹सार्वजनिक सुविधाएं (शैक्षिक)₹ परिवर्तित करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ जिलाधिकारी कुशीनगर को निर्देशित किया गया है। अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग। मैत्रेय परियोजना की भूमि को कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने हेतु राजस्व अभिलेखों में अमलदरामद की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। तत्क्रम में मैत्रेय परियोजना हेतु अर्जित कुल 195.82 एकड़ भूमि में से 145.82 एकड़ कृषि विश्वविद्यालय को हस्तान्तरण हेतु गाटावार सूची व नजरी नक्शा तैयार कर प्रस्ताव इस कार्यालय के पत्रांक-735/भूमि सुधार सहा0-2023 दिनांक- 15.07.2024 (संलग्नक-7) तथा पत्रांक-06/भूमि सुधार सहा0-2024 दिनांक-18.11.2024 (संलग्नक-8) द्वारा अपर मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान लखनऊ एवं प्रमुख सचिव उ०प्र० शासन, संस्कृति अनुभाग, लखनऊ को प्रेषित किया गया है, जो शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है। कुशीनगर विशेष क्षेत्र महायोजना-2021 में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के पक्ष में आवंटित 145.82 एकड भूमि का भू-उपयोग ₹मैत्रेय परियोजना क्षेत्र₹ अंकित है।अतः अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड (भवन), लो०नि०वि० गोरखपुर द्वारा प्रेषित भू-उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पत्र प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग 5 उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि शासन से अनुमति प्राप्त होने की प्रत्याशा में संलग्न गाटावार सूची में अपरिवर्तित कर उसके स्थान पर सार्वजनिक सुविधाएँ (शैक्षिक)₹ अंकित करने का कष्ट करें।

## संपूर्ण समाधान दिवस में भू माफिया की शिकायत आने पर डीएम ने की जांच टीम गठित

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने अवगत कराया है कि दिनाँक 09.06.2025 को तहसील तमकुहीराज में आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में 1-विनय चौरसिया पुत्र गजेन्द्र ग्राम-पड़री राजा पो०-पगरा प्रसाद गिरी जनपद कुशीनगर, शुभकर शुक्ला ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग पो०-पटहेरवा तहसील तमकुहीराज, विद्याधर शुक्ल पुत्र लक्ष्मी शुक्ल ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग तहसील तमकुहीराज, हीरा गुप्ता पुत्र गोपाल ग्राम पड़ी राजा तहसील तमकुहीराज, बनारसी गुप्ता आदि ग्राम-पड़ी राजा मेंहदिया बुजुर्ग तहसील तमकुहीराज, गजेन्द्र पुत्र श्रीनाथ ग्राम पड़ी राजा तहसील तमकुहीराज द्वारा इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उनके प्रार्थना पत्र के अनुसार भू-माफिया धनंजय पुत्र रमायन उपाध्याय ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग ने बैनामे की भूमि/अन्य जमीनों को प्रशासनिक अधिकारियों के मिली भगत से हड़पने के लिए की गई जालसाजी, कूटरचना की जा रही है। आवेदकगण द्वारा उक्त प्रार्थना पत्रों की जाँच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त प्रकरणो की जॉच हेतु उप जिलाधिकारी एवं पुलिस, क्षेत्राधिकारी, तमकुहीराज ,सब रजिस्ट्रार, तमकुहीराज अधिकारियों की जॉच टीम गठित कर उन्हें इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रकरणो की जाँच कर अपनी आख्या सात दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## हज यात्रियों की पहली वापसी उड़ान पहुंची लखनऊ

**कुशीनगर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भारत लाल गोंड ने बताया कि हज-2025 के लखनऊ उड़ान स्थल से गए हज यात्रियों की पहली वापसी उड़ान आज तड़के लखनऊ पहुंची। जेद्दा से चलकर आई उड़ान संख्या एसवी-3106 निर्धारित समय 00:25 के बजाय 00:05 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। इस फ्लाइट से 288 हज यात्री सकुशल लौटे।

एयरपोर्ट पर यात्रियों के स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण) एवं राज्य हज समिति के अध्यक्ष जनाब दानिश आजाद अंसारी स्वयं मौजूद रहे। उन्होंने सभी यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और फूल भेंट कर उन्हें बधाई दी। मंत्री दानिश आजाद ने यात्रियों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और हज यात्रा के दौरान मिली सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। यात्रियों ने मिना, अराफात और मुजदलिफा में की गई व्यवस्थाओं की विशेष सराहना की और हज यात्रा की संपूर्ण प्रक्रिया को सुविधाजनक एवं संतोषजनक बताया। उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की सेवाओं और स्टेट हज इंस्पेक्टर की तत्परता की भी प्रशंसा की। मंत्री के साथ नवगठित राज्य हज समिति के सदस्यगण जनाब वली मोहम्मद, नदीमुल हसन, सैयद अली वारसी, हाफिज एजाज अहमद, कल्बे हुसैन, मोहम्मद इफ्तेखार हुसैन, कामरान खान, जुनैद अहमद अंसारी, जावेद कमर खान और कमरुद्दीन (जुगनू) भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। दूसरी वापसी उड़ान रश-3108 भी शुक्रवार की सुबह 5:22 बजे लखनऊ पहुंची, जिसमें 287 हज यात्री लौटे। इस अवसर पर सचिव/कार्यपालक अधिकारी श्री एस.पी. तिवारी, विशेष कार्याधिकारी श्री मोहम्मद जावेद खान, प्रशासनिक अधिकारी श्री आरिफ रऊफ सहित अन्य कर्मचारी और बड़ी संख्या में वालंटियर्स यात्रियों की सहायता के लिए मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए दिव्यांगजन से 25 जून तक प्रस्ताव आमंत्रित

**देवरिया ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती प्रियंका चौधरी ने जानकारी दी है कि आगामी विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसम्बर) के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार के लिए निर्धारित श्रेणियों में पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपने प्रस्ताव 25 जून 2028 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, देवरिया के कार्यालय में आवश्यक प्रपत्रों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के तहत कुल 12 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी या स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजनों को रोजगार देने वाले श्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट एजेंसियां अथवा अधिकारी, दिव्यांगजन के हित में कार्य करने वाले व्यक्ति और संस्थाएं, प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व, दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने वाले अनुसंधान या नवाचार, बाधा मुक्त वातावरण सृजन करने वाले व्यक्ति या संस्थाएं, पुनर्वास सेवाएं देने वाले श्रेष्ठ जिले, सृजनात्मक प्रतिभा से युक्त दिव्यांग वयस्क व बालक/बालिका, दिव्यांगजन के लिए सर्वाधिक अनुकूल वेबसाइट, श्रेष्ठ मीडिया प्रकाशन (प्रेस) तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु कार्यरत अधिकारी अथवा कर्मचारी को पुरस्कृत किया जाएगा।

## पातन अनुज्ञा पत्र धारकों को 15 जुलाई तक आवेदन करने का निर्देश

**देवरिया ।** प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग देवरिया, कासरला राजू ने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम-1976 (यथा संशोधित) के अंतर्गत जारी पातन अनुज्ञा पत्र धारकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 तथा 2018-19 में एक वृक्ष के पातन के पश्चात दो पौधे तथा वर्ष 2019-20 में एक वृक्ष पातन के उपरांत दस पौधे रोपित किए जाने की शर्त निर्धारित थी यदि संबंधित पातन अनुज्ञा धारकों ने उक्त शर्तों के अनुसार सफलतापूर्वक पौधरोपण कर लिया है, तो वे 15 जुलाई 2025 तक संबंधित क्षेत्रीय वन अधिकारी की सत्यापित आख्या के साथ प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, देवरिया के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ वृक्षारोपण स्थल का पूर्ण विवरण, प्लॉट संख्या (खतौनी की नकल), रोपित पौधों के जीपीएस लोकेशन सहित फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## ई-श्रम कार्ड धारकों को आर्थिक सहायता के लिए आवेदन आमंत्रित

**देवरिया ।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, लखनऊ के अंतर्गत पंजीकृत ई-श्रम कार्ड धारक मजदूरों एवं उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह सहायता उन श्रमिकों को दी जाएगी, जिनका ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 के मध्य हुआ है तथा जो आयकर दाता नहीं हैं और न ही ईपीएफओ अथवा ईएसआईसी के सक्रिय सदस्य हैं इस अवधि में यदि किसी पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु किसी अप्रत्याशित, बाह्य, हिंसक एवं दृश्यमान कारणों से हुई दुर्घटना के कारण हुई हो, तो उसके आश्रितों को दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार, यदि किसी दुर्घटना के कारण श्रमिक दिव्यांग हो गया है, तो उसे एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## विश्व रक्तदाता दिवस के पहले स्वैच्छिक रक्तदान और नेत्र जांच शिविर का आयोजन

जिला संवाददाता




**देवरिया।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज फातिमा अस्पताल, गोरखपुर द्वारा देवरिया पुलिस के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम थी – *₹रक्त दो, आशा दो, मिलकर हम ज़िंदगियाँ बचाएँगे।₹ इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विक्रांत वीर पुलिस अधीक्षक, एवं उनकी धर्मपत्नी अध्यक्षा वामा सारथी *श्रीमती मेघना गुप्ता।

* फातिमा अस्पताल के एसोसिएट डायरेक्टर फादर शिजो एवं सेंट पुष्पा स्कूल, देवरिया के प्राचार्य फादर शिजो द्वारा मुख्य अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिस्टर रेम्या ने रक्तदान से होने वाले शारीरिक, सामाजिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, स्थानीय नागरिकों एवं छात्रों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ नेत्र जांच शिविर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई और विशेषज्ञों से सलाह प्राप्त की। यह आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, मानवता और सेवा भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा।फातिमा अस्पताल परिवार ने इस आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, रक्तदाताओं, पुलिस विभाग, सेंट पुष्पा स्कूल एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया।

## मृत यात्रियों, चालक दल की आत्मा की शांति लिए भिक्षुओं ने किया पाठ



**कसया, कुशीनगर।** एयर इंडिया के विमान की गुजरात में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के प्रति धम्म दूत वाट थाई बोध गया, भारत ने गहरा शोक प्रकट किया है। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मंदिर में बने स्तूप के समक्ष भिक्षु संघ कुशीनगर ने शांति पाठ किया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शुक्रवार को थाई बुद्ध बिहार के प्रमुख/धम्म दूत थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्वचिरायन (डा0 पी सोम पोंग) के निर्देशन में भंते डॉ नन्द रतन, भंते महेंद्र, भंते अशोक, भंते राजेंद्र, भंते विनय कीर्ति, भंते डॉ कितिफान, भंते पी पविन, भंते पी दम, पी नरोंग, अचान अनुवत, भंते मुलायम, भंते यशपाल, पी भंते उपाली, ने कैंडल जलाया, शांति पाठ किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भंते डॉ रतन ने संचालन करते हुए कहा कि यह हादसा बहुत ही दुःखद है। हादसे में मारे गए परिवार के लिए कष्टदाई है। आभार भंते सों क्रान ने व्यक्त किया। इसी क्रम में मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में

भंते अशोक की अगुआई में भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध को चीवर चढ़ाया और पूजन के पश्चात परिसर में कैंडल जलाकर शांति पाठ किया। भंते अशोक ने कहा कि घटना बहुत ही दुःखद है जिसे शब्दों में बयान करना कठिन है। ऐसी त्रासदी किसी के साथ न हो। ईश्वर मृतकों के परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान सभी बौद्ध विहारों के भिक्षु सहित ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, अमित यादव, गौतम शर्मा, नन्हे सिंह, राजन गोंड, मनीष सिंह, सुबोध शर्मा सहित उपासक गण मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने विमान दुर्घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी



देवरिया ।जिला कांग्रेस कार्यालय में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।जिला कोआर्डिनेटर सैय्यद जमाल अहमद के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। जिसमें मुख्य रूप से जिला कोआर्डिनेटर सतेन्द्र कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरी, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, नागेंद्र शुक्ला,सुभाष राय, ऋषिकेश मिश्रा, आनन्द देव गिरी चुन्नू, जयदीप त्रिपाठी,जवाहरलाल बरनवाल, संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, मनोज मणि त्रिपाठी, रत्नेश मल्ल पिंटू, आलोक त्रिपाठी राजन, सुनील कुमार तिवारी,जुलेखा खातून, निलेश त्रिपाठी, रामशीष साहनी, अशोक कुशवाहा, इस्लाम खान,बदरे आलम, मार्कण्डेय मिश्रा, विनोद दुबे, संदीप पाण्डेय,प्रेम लाल भारती, अशोक गोंड इत्यादि।

### धौरहरा सांसद ने वितरित की निःशुल्क सहायक उपकरण व ट्राई साईकिल



हरगांव (सीतापुर)।हरगांव नगर पंचायत परिसर में धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने दिव्यांगजन एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत पात्रों को निःशुल्क सहायक उपकरण एवं बैटरी चालित ट्राई साइकिलें, लोकसभा धौरहरा क्षेत्रांतर्गत विधानसभा हरगांव नगर पंचायत परिसर में बुधवार 11 जून को दोपहर 12 बजे से धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने दिव्यांगजन एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण एवं बैटरी चालित ट्राई साइकिलें, व्हील चेयर वितरित उपकरणों की कुल 1381, उपकरण 521 पंजीकृत पात्रों के बीच वितरित किए गये। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव चेयरमैन गफ्फार खान, विधानसभा अध्यक्ष फुरकान खां, नजीर अहमद गुड्डू, जसवंत राजहंस, लतीफ कुरैशी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्षयरोग के खिलाफ जंग में संतुलित एवं पौष्टिक आहार का महत्वपूर्ण योगदान: सीएमओ

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम गुरुवार को जिला क्षयरोग केंद्र पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 50 क्षय रोगियों को होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा कुशीनगर द्वारा पोषण पोटली दिया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर ने कहा कि क्षयरोग के खिलाफ जंग में पौष्टिक एवं संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ भास्कर ने कहा कि क्षय रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। सीएमओ ने गोद लेने वाले होमियोपैथिक चिकित्सको की प्रसंशा करते हुये उन्हें साधुवाद दिया।उन्होंने ने कहा कि आप अपने ओपीडी से भी टीबी के संभावित मरीजों को चिन्हित कर अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल पर भेजे। सीएमओ द्वारा समाज के सम्भ्रांत व्यक्तियों से क्षय रोगियों को गोद लेने की अपील भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में निक्षय मित्रों के सहयोग से क्षयरोगियो को पोषण पोटली दिया जा रहा है।

उन्होनें कहा कि इस पुनीत कार्य मे जो भी व्यक्ति क्षयरोगियो को गोद लेता वह निक्षय मित्र कहलाता है। मैं सभी निक्षय मित्रों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने कहा कि होमियोपैथिक एसोसिएशन के सभी सदस्यों के सहयोग से 50 क्षयरोगियो में प्रोटीनयुक्त पोषण आहार वितरित किया गया। उन्होंने आयुष चिकित्सकों से अपील किया कि जो भी उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों तथा टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों के बलगम जाँच एवं एक्सरे हेतु नजदीकी सरकारी अस्पताल में भेजे।

कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आंगतुकों का स्वागत एसटीएस विवेक यादव ने किया तथा आभार एसटीएलएस विशाल जयसवाल ने ज्ञापित किया। इस दौरान डीपीसी अनुपम मिश्र,पीपीएम नितेश राय, होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा कुशीनगर के अध्यक्ष डॉ राणा प्रताप यादव,सचिव डॉ बलिराज यादव, कोषाध्यक्ष डॉ सुभाष यादव,डॉ रेहान अहमद, डॉ हरीश कुमार गुप्ता, डॉ शोएब आलम, डॉ पूनम यादव, डॉ अंगद यादव, डॉ सन्दीप कुमार, डॉ रामेश्वर सिंह,डॉ फरीदा खातून,डॉ सीमा यादव,डॉ महिमा राणा, डॉ अरविंद कुशवाहा,डॉ आदिल अहमद, डॉ अभिनास पटेल,डॉ अशोक वर्मा, डॉ खुर्शेद आलम, डॉ राजेश कुमार मिश्र, डॉ अजय प्रताप यादव, डॉ सन्दीप कुमार, डॉ वाजिद अली, डॉ दिनेश गुप्ता, डॉ वसीम अंसारी, डॉ अनिल गुप्ता, कमलशंकर पांडेय, राकेश सिंह, अरमान अहमद, अनिल कुमार सिंह, प्रभु, राजा आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा चलाया गया जेल में बैंक चेकिंग अभियान --



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा टीम बनाकर जिले के विभिन्न बैंकों, ग्राहक सेवा केंद्रों, ए.टी.एम. और पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग की गयी ।इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अपराधों की रोकथाम, कानून व्यवस्था को बनाए रखना, और नागरिकों के बीच सुरक्षा का अहसास बढ़ाना ।अभियान के तहत थाना मईल के उ0नि0 श्री रामप्रकाश यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न बैंकों और ए.टी.एम. के आसपास चेकिंग की गयी ।अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों ।इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गाड्र्स और सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य कर रहे है ।

इसी क्रम में अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंको, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई ।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक जख्मी

**सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लखनऊ के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र निवासी सोहेल पुत्र शब्बू अपने दोस्तों जीशान और आदिल के साथ घर में बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक उसके सीने में गोली लग गई। गोली इतनी नजदीक से चली कि सीने को चीरते हुए आर-पार हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल सोहेल ने पुलिस को दिए गए प्राथमिक बयान में बताया कि वह घर में अपने साथियों के साथ बैठा था। इसी दौरान किसी कारणवश उसने पास में रखे तमंचे को हाथ में उठाया। तभी अचानक फायर हो गया और गोली सीधे उसके सीने में जा लगी। मेडिकल कॉलेज रेफर गोली की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में सोहेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। दोनों साथियों से पूछताछ सूचना मिलने पर तंबौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस ने सोहेल के दोनों साथियों से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आकर मानसिक विक्षिप्त की मौत

सिधौली (सीतापुर), कृ सिधौली थाना क्षेत्र के मानपारा क्रॉसिंग के पास शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। खंभा नंबर 57ध11 के समीप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण कुमार सिंह 50 वर्ष, पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम मानपारा, थाना सिधौली, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी बलवन्त साही के अनुसार परिजनों ने बताया कि अरुण कुमार मानसिक रूप से विक्षिप्त थे और अक्सर इधर-उधर भटकते रहते थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया।

### समीक्षा बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारी सम्मानित

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद के पदाधिकारियों द्वारा शहर के होली नगर स्थिति कैंप कार्यालय पर स्थापना दिवस आयोजन समिति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान कार्यक्रम आयोजन का बजट सार्वजनिक किया गया। समीक्षा बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों मे जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला सलाहकार राजीव मिश्रा, जिला उपसचिव डॉ विकास जैन, जिला मंत्री संजय पाण्डेय, अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ दीपक श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अंजुल पाण्डेय को स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने पटका पहनाकर सम्मानित किया।

# कहने को सीएचसी, मगर जांच की कोई सुविधा नहीं

जिला संवाददाता

**पहला (सीतापुर)।** विकासखंड पहला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों का भार है। क्षेत्र की आबादी ही करीब 80 हजार है। ऐसे में चिकित्सा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं। सुबह 10 बजे सीएचसी में मरीजों की भीड़ दिखी। गेट से लेकर बरामदे व पंजीकरण काउंटर तक महिला, पुरुष दिखे। लेकिन डॉक्टर व कर्मचारियों की अनुपस्थिति नजर आई। हालांकि कई डाक्टरों की पोस्टिंग होने के बावजूद समय पर कोई नहीं आता है और सिर्फ एक डाक्टर प्रतिदिन के हिसाब से बटवारा करके ओपीडी देखते हैं। सीएचसी स्तर का अस्पताल होने के बाद भी यहां अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं नहीं हैं। एक्सरे मशीन है मगर कभी कभी काम लिया जाता है लेकिन दो कर्मचारियों की तैनाती है सरकार द्वारा सीवीसी एलएफटी केएफटी टाइफाइड आदि जांच शुरू करने मशीन काफी समय पहले उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन उन्हें आज तक नहीं लगाया गया जबकि नया भवन खंडहर हो रहा है। जांच न होने से गरीब ग्रामीण जनता प्राइवेट पैथालोजी पर महंगे दामों पर जांच करवाने पर मजबूर हैं। जहां डाक्टरों का मोटा कमीशन चलता है। जिससे यह मशीन न लगने से मरीजों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही। जबकि स्वास्थ्य सुविधा मूलभूत सुविधाओं के मामले में सबसे अहम है। इससे जीवन की सुरक्षा का मामला सीधे जुड़ा है। फिर भी लापरवाही बरती जा रही है।

10.04 बजे पंजीकरण काउंटर पर महिला मरीजों की भीड़ थी। 10.07 बजे बरामद में भी मरीज महिला डॉक्टर का इंतजार करते मिले। गेट तक मरीज इंतजार में मिले। 10.08 बजे महिला डॉक्टर का कक्ष बंद था इस महिला डाक्टर को शायद ही किसी ने देखा हो यह घर बैठे साठगांठ कर वेतन लेती हैं। कोई विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति नहीं है। बाल रोग चिकित्सक लंबे समय से नहीं है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी का कक्ष भी बंद मिला। केवल एक वार्ड ब्वाय कार्यरत है जबकि तीन का मानक है। प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत मिलने वाली धनराशि पात्रों को नहीं मिल पा रही है। मरीजों ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में मरीज अनुदान पाने के लिए भटक रही हैं।

## देश दीपक श्रीवास्तव को मिली पीएचडी की उपाधि

अयोध्या। देश दीपक श्रीवास्तव ने वनस्पति विज्ञान मे पीएचडी (शोधकार्य) का. सु. साकेत महाविद्यालय के डॉ. मनीष सिंह के निर्देशन में पूरा किया। .इस अवसर पर डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय के इतिहास एवं संस्कृति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, सहित तमाम शिक्षकों एवं शुभचिन्तकों ने देश दीपक को शोध कार्य पूरा करने के लिए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं।

# शव दफनाने को लेकर दो समुदायों में हुआ विवाद

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** केदारपुर में शव दफनाने को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। मामला दो समुदायों के बीच होने के चलते प्रशासन सूचना मिलते ही सर्तक हाग उठा

- विवादित भमि पर दोनों पक्षों से दखल न देने सहमति बनी
- मामला शांत होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली

और तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कई घंटों की वार्ता के बाद विवादित भूमि पर दोनों पक्षों के दखल ने देने की सहमति बनी।

मामला शांत होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली ।महमूदाबाद के केदारपुर के ओम प्रकाश गौतम की पुत्री सरोजनी देवी की बीमारी के चलते शुक्रवार की सुबह मौत हो गई थी।

मृतका का दाह संस्कार करने के लिए परिजन उसे मरघट लेकर पहुंचे तो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने यह कहते हुए दाह संस्कार करने से मना कर दिया कि यहां पूर्व कब्रिस्तान है और इसके निर्णय के लिए उन लोगां द्वारा सिविल कोर्ट महमूदाबाद में वाद भी दायर किया गया है। देखते ही देखते दोनों समुदाय के सैकड़ों की तादात में लोग इकट्ठा हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही स्थिति की गंभीरता को देखते ही तहसीलदार अनिल कुमार कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों की बात सुनी। सिविल कोर्ट दायर वाद के प्रपत्रों का भी अधिकारियों ने अवलोकन किया।

करीब दो घंटे तक दोनों पक्षों से चली वार्ता के बाद विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने की दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई और मामला शांत हो गया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि विवादित भूमि की पैमाइश कराकर उसपर दोनों पक्षों द्वारा शवों के अंतिम संस्कार करने समेत अन्य कार्यों को करने से रोंक दिया गया है, न्यायालय के निर्णय के बाद मामले का निपटारा हो सकेगा।

# तीन बदमाशों ने दुकानदारों पर किया हमला

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के भकुरहा पुल के पास गुरुवार देर रात देशी शराब की दुकान के सेल्समैन व चाय दुकानदार पर तीन अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में सेल्समैन को डंडे से मारने के बाद गोली मार दी गई। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना तेंदुआ गांव निवासी पंकज पुत्र ज्ञान प्रकाश व गंगा राम राठौर के साथ हुई। पंकज भकुरहा पुल स्थित देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता है। जबकि गंगा राम वहीं चाय की दुकान चलाते हैं।

गुरुवार देर रात दोनों अपनी दुकानें बंद कर बाईक से गांव लौट रहे थे। गांव के मोड़ से करीब सौ मीटर पहले तीन अज्ञात बदमाशों ने पंकज पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे दोनों बाईक से गिर गए। गिरते ही बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली पंकज की पेट में लगी और दोनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर गांव वाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। ग्रामीणों ने घायल पंकज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल होते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पंकज ने बताया कि हमलावर कौन थे, वह पहचान नहीं सका और न ही उनसे किसी ने पैसे मांगे। आशंका है कि हमला शराब खरीद के दौरान हुए किसी विवाद का परिणाम हो सकता है। गंगाराम ने मामले की तहरीर पिसावां थाने में दी है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ब्लॉक स्तरीय आमना -सामना कार्यक्रम आयोजित

पहला (सीतापुर)। ब्लॉक सभागार पहला में पेस संस्थान सिधौली एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय आमना-सामना कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा हस्तक्षेपित 50 ग्राम पंचायत के जागरूक नागरिक नेता, सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर, व पंचायत सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीओ पंचायत पहला राम किशोर वर्मा द्वारा समस्त प्रतिभागियों की समस्याओं को सुना गया। वह उनके उचित समाधान हेतु आवश्यक सुझाव एवं पहल करने हेतु आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था कार्यकर्ता व प्रशिक्षण समन्वयक बीना पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों द्वारा पंच ग्राम पंचायत चुनका, कंडौरा, बनहरा बीरबल, खेतमानी और पारा परसादीपुर के पंचायत भवन में कार्यालय न खुलने की समस्या मुख्य रूप से रखी गई। ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय में केयरटेकर के पद पर कार्यरत महिलाओं के मानदेय की समस्याएं रखी गई व पंचायत सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत की मासिक बैठक के दौरान मिलने वाले मानदेय भत्ता जो कि अभी तक नहीं मिला है आदि समस्याएं रखी गई। कार्यक्रम में यूपीएसआरएलएम से पुष्पेंद्र सिंह व स्थानीय समाचार संवाददाताओं द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम के दौरान आई समस्याओं को एडीओ पंचायत द्वारा गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई एवं समाधान का आश्वासन संस्थान के डॉ॰ ऑफिसर हरिओम बाजपेई, कार्यकर्ता ऋतिक अवस्थी, सचिन सोनी, अंकित मिश्रा, आकांक्षा, तनुजा व राजाराम आदि का विशेष योगदान रहा।

## दशकों पुराने भवनों पर बुलडोजर एक्शन की निंदा

अयोध्या। चैक क्षेत्र की मछली मंडी में नजूल की जमीन पर बने दशकों पुराने भवनों पर अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगर निगम द्वारा चलाए गए बुलडोजर एक्शन की महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने तीव्र निंदा की है। इस कार्रवाई को लेकर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि यह भाजपा सरकार की तानाशाही और गरीब विरोधी नीति का प्रमाण है। सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि बिना कोई विधिवत नोटिस दिए गरीबों के सिर से छत छीन लेना अमानवीय कृत्य है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम कहा कि सरकार ने पहले कोई पुनर्वास योजना नहीं बनाई, न ही इन परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था दी गई। 100 से अधिक परिवारों को अचानक बेघर कर देना लोकतंत्र का मजाक है। यह संविधान की मूल भावना और मानवाधिकारों के विरुद्ध है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उन्हें तुरंत मुआवजा और वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाए।

# लाइनमैन की मौत के बाद परिजन पहुंचे विद्युत कार्यालय, मांगा मुआवजा

जिला संवाददाता

**सिधौली (सीतापुर)।** बिजली के पोल पर मरम्मत के दौरान करंट लगने से घायल हुए लाइनमैन की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर सीधे उपखंड कार्यालय सिधौली पहुंच गए। यहां उन्होंने मृतक को सरकारी मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर हंगामा किया। मामला बढ़ता देख विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। इस दौरान विद्युत एसडीओ अंकुर वर्मा ने परिजनों को आश्वासन दिया कि विभागीय प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही 10 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाएगा।

- एसडीओ ने परिजनों को दिया आश्वासन, विभागीय प्रक्रिया पूरी कर 10 लाख रू0 का दिलाया जायेगा मुआवजा
- पुलिस बल ने संभाली स्थिति

बता दें कि मृतक लाइनमैन कमलेश बीते सोमवार को सिधौली तहसील मार्ग स्थित अफजल क्लीनिक के निकट एक बिजली के पोल पर चढ़कर मरम्मत का कार्य कर रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया और वह पोल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजन शाम करीब पांच बजे विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और परिजन मौके से रवाना हुए। वहीं एसडीओ अंकुर वर्मा ने कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार हरसंभव मदद दिलवाई जाएगी। बता दे कि म्रतक के सह कर्मियों ने बिजली कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध करवाये जाने का मुद्दा उठाया था।

## भीषण गर्मी में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान



मानपुर (सीतापुर)। मानपुर गोबर्धनपुर फीडर के अन्तर्गत मानपुर इलाके के ग्राम पड़रिया में चार पांच दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण इस भीषण गर्मी में 40 से अधिक टेंपरेचर होने के कारण ग्रामीणों का हाल बेहाल है। बच्चे व बुजुर्ग व महिलाएं गर्मी में रात-रात जागकर रहने को मजबूर हैं। इस संबंध में अवर अभियंता अमरीश कुमार से बात करने का कई बार प्रयास किया गया। लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

इस संबंध में एसडीओ विद्युत बितरण खण्ड बिसवां विशाल शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा अभी जानकारी करके कुछ शीघ्र व्यवस्था करते हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने के चार-पांच दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका खामियाजा इस भीषण गर्मी में आम उपभोक्ता को उठाना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर के न बदले जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण जीत बहादुर, रामसिंह भार्गव, बनवारीलाल, धर्मेंद्र सिंह मिंदू, रामनरेश, सभाजीत, मोहन मौर्या, शुसील राज, रामचंद्र भार्गव सहित ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था अतिशीघ्र बहाल करने की मांग की है।

जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। आम उपभोक्ता के साथ-साथ कमर्शियल कनेक्शन उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति न मिलने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फ्रिज में रखी हुई खाद्य सामग्री भी खराब हो रही है। पंखे कूलर अन्य बिजली उपकरण भी बंद पड़े हुए जिससे लोगों में गर्मी से त्राहि-त्राहि मची हुई है।

# कैथाभारी रिक्खीपुरवा मार्ग बना जर्जर, चलने लायक नहीं

जिला संवाददाता

**हरगांव (सीतापुर)।** हरगांव विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत कैथा भारी से रिक्खीपुरवा जाने वाला मार्ग इस समय जर्जर होने के कारण चलने लायक नहीं है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कुछ माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक राज्यमंत्री से की थी। डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद रास्ता आज तक चलने लायक नहीं बनाया जा सका। राहगीर अक्सर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड हरगांव के ग्राम रिक्खी पुरवा से कैथाभारी तक जाने वाले मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। गड्ढों से भरी यह सड़क न सिर्फ आवागमन को बाधित कर रही है। बल्कि ग्रामीणों की जान जोखिम में डाल रही है।

इस मार्ग से स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, गर्भ वती महिलाएं और मरीजों को निकलने पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर कई बार तो लोग गिरकर चोटिल भी हो गए है। ग्रामीणों ने इस बाबत कारागार राज्य मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सुरेश राही से इस मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य कराने की मांग की गई थी। किन्तु डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम रिक्खी पुरवा के कैलाश राना ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को भी सड़क निर्माण के लिए मांग पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। अब गांव के लोगों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कराने की मांग जिला प्रशासन सीतापुर से की है।

- राज्यमंत्री से शिकायत के बावजूद परिणाम शून्य

कैथा भारी मजरा ग्राम पंचायत मदनापुर व रिक्खी पुरवा मजरा ग्राम पंचायत पिपराघूरी के अन्तर्गत आता है। यहां के ग्रामीण अभय, कैलाश, हरभजन, रमाकांत, धनंजय आदि ने शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीण कैलाश राणा ने बताया कि यह सड़क कई ग्रामों को जोड़ती है और यह किसानों के खेतों तक पहुंचने का मुख्य मार्ग भी है। खराब सड़क होने के कारण फसल ढ़ोने में देरी और ट्रैक्टर फंस जाना आम बात हो गई है। जनसुनवाई पर शिकायत दर्ज हो जाने के बाद से ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि प्रशासन इस मुद्दे पर शीघ्र कार्यवाही करेगा।

फिर भी यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो ग्रामवासी सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन व जन प्रतिनिधियों से मुलाकात करने की योजना भी बना रहे हैं। यह केवल सड़क नहीं बल्कि ग्रामीण की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा सवाल है उम्मीद की जा रही है कि शासन प्रशासन जनता की आवाज को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा।

## दुल्हन लाखों के जेवर लेकर गांव के ही अपने प्रेमी के साथ फरार

**सीतापुर।** शादी के एक माह बाद अपनी जीवनसंगिनी यानि दुल्हन को विदा कराने के लिए दूल्हा सुसराल गया था। लेकिन उसी दौरान दुल्हन गांव के ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। मामला तंबौर थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक माह पूर्व धूमधाम से सभी रीति रिवाजों के साथ शादी संपन्न हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों के लोग शामिल भी हुए थे। हंसी खुशी से शादी संपन्न होने के बाद दुल्हन अपने पति के साथ ससुराल विदा हो गयी। रीति रिवाज के मुताबिक दुल्हन पक्ष के लोग लड़की को मायके ले आये।

शादी के एक माह बीत जाने के बाद दूल्हा जब अपनी दुल्हनियां की विदाई कराने गया। तभी दुल्हनियां को गांव का ही निवासी एक युवक भगा ले गया। दुल्हन की माता ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर व प्रभारी निरीक्षक तंबौर को शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया उसकी शादीशुदा लड़की को गांव का एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया है।

## सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, रास्ता बहाल करने की मांग



**सिधौली (सीतापुर)।** ग्राम बनियानी के मजरा बख्तावरपुर में प्राथमिक विद्यालय जाने वाले पुराने सार्वजनिक रास्ते को दीवार खड़ी कर बंद कर देने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने एसडीएम राखी वर्मा को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता यथावत बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मनोहर लाल और उनकी पत्नी ने जबरन दीवार खड़ी कर रास्ता बंद किया था। विरोध में ग्रामीणों ने भी दूसरी तरफ दीवार खड़ी कर दी, जिससे विद्यालय जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। बीते दिनों महिलाओं ने मिलकर दोनों दीवारें गिरा दीं ।एसडीएम ने जांच टीम गठित कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल की सेवाएं बदतर, अधिकारी कर रहे अनदेखी!



उन्नाव। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ रही है। आकस्मिक स्थिति में विभाग की हालत पतली होती जा रही है। वार्ड में गर्मी से बचाव के इंतजाम नहीं हैं। हीटवेव (लू) वार्ड में कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। मरीजों से पूछने पर बताया दो जो कूलर लगे हैं वो भी गर्म हवा देते हैं। नौ माह से बंद है जन औषधिरू मरीजों को सस्ती दरों पर अच्छी दवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने जन औषधि केंद्र योजना की शुरूवात की थी। इसके तहत जिला अस्पताल में साल 2018 से जन औषधि केंद्र खुलवाया गया था। वहां मरीजों को सस्ते दामों पर 282 जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाती थी। इससे आर्थिक रूप से अक्षम मरीज भी दवाएं खरीद पाते थे। व्यवस्थाओं के नाम पर जिला अस्पताल सफेद हांथी साबित हो रहा है। इस भीषण गर्मी में मरीजों और तीमारदारों को पीने का ठंडा पानी खरीदना पड़ रहा है। जबकि अस्पताल में जगह-जगह आरओ और फ्रीजर लगें हैं लेकिन उनसे खौलता पानी निकल रहा है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के व्यवस्थाओं के भेजे जाने वाले बजट की जांच गोपनीयता से की जाए तो दूध का दूध पानी का पानी निकल आएगा।

## बैक के प्रबंधकों के साथ नवागत एसडीएम ने समीक्षा बैठक की

**पुरवा, उन्नाव।** बैंक देयों के वसूली की समीक्षा करने हेतु तहसील क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ नवागत एसडीएम ने आगामी सोमवार को बैठक आहूत की है। स्थानीय तहसील में कार्यभार ग्रहण करने के बाद से अपनी न्यायप्रिय कार्यशैली और फरियादियों की समस्याओं को सहजता और सरलता से हल कराने के लिए नवागत उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव लोकप्रिय हो गये हैं। आम जनमानस में उनकी कार्यशैली एक बेहतर प्रशासनिक अधिकारी के रूप में छाप छोड़ रही है। नगर से लेकर गांवों की समस्याओं को त्वरित संज्ञान लेकर उसे मातहतों के माध्यम से हल कराना उनकी प्रथम वरीयता रहती है। इसी कड़ी में क्षेत्र में संचालित भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व बैंक ऑफ इण्डिया के शाखा प्रबंधकों के साथ आगामी 16 जून सोमवार को एक समीक्षा बैठक आहूत की है जिसमें बैंक देयों के संबंध में समीक्षा करेंगें। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए बताया है कि लंबित बैंक वसूली प्रमाणपत्र सूची व अन्य संबंधित सूचनाओं के साथ पूर्वांह 10रू30 बजे तहसील सभागार में उपस्थित हों। हमारे संवाददाता को उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुसार राजस्व की वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बड़े बकाएदारों से वसूली कराने के लिए ठोस रणनीति पर अमल किया जाएगा।

## राहुल रस्तोगी की अध्यक्षता में संगठन कार्यक्रम की बैठक संपन्न

पहला (सीतापुर)। महमूदाबाद विधानसभा के ब्लॉक पहला के सरैयां राजा साहब में संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर के कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉक्टर ममता वर्मा द्वारा निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष राहुल रस्तोगी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। संगठन ब्लॉक अध्यक्ष न्याय पंचायत अध्यक्ष और बूथ कमेटी बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में वर्तमान जिला उपाध्यक्ष संजीव नाथ गुप्ता, वर्तमान जिला सचिव एजाजुद्दीन अंसारी, वर्तमान जिला सचिव अनिल दीवान कांग्रेस के युवा नेता प्रमोद वर्मा, मेराज अहमद, प्रवेश वर्मा, जगदीश मौर्य, नागेंद्र यादव, रामहर्ष रावत, मोहन लाल, शैलेंद्र यादव, मुन्नीलाल, शुभम पटेल, रघुराज भार्गव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर ताड़ी के मटके नष्ट करवाये



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक द्वारा मय स्टाफ एवं थाना माखी पुलिस के साथ ग्राम नारायणपुर, धाकलखेड़ा, कोंडरा ग्रामों में अवैध ताड़ी के विरुद्ध अभियान चलाते हुए ताड़ के पेड़ों पर लगे हत्थे कटवाए गए तथा उन पर लगी मटकिया नष्ट कराई गई। दविश का दौरान लगभग 20 लीटर अवैध ताड़ी बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया। अवैध ताड़ी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## अधिकारी अपने क्षेत्रों के चिन्हित तालाब में पानी भरवायें: एसडीएम

**पुरवा, उन्नाव।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए नवागत एसडीएम ने प्रत्येक मंगलवार को जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित करेगें। इसके साथ ही तीनों ब्लाकों के खण्ड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित तालाबों में अतिशीघ्र पानी भरवाने का भी सख्त निर्देश दिया है। नवागत उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं के निराकरण हेतु लगातार अपनी सक्रियता से आमजनों में अपनी पैठ बना रहे हैं। इसका नमूना उन्होंने हाल ही में कई महत्वपूर्ण प्रकरणों को हल करके दिखाया है। इसी कड़ी में अगले सप्ताह से प्रत्येक मंगलवार को प्रातरू 11 बजे से 1 बजे तक साप्ताहिक जनता दर्शन का भी आयोजन करेंगे। इस जनता दर्शन में सभी राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, पटल सहायक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात वह राजस्व व न्यायिक कार्यों की समीक्षा करेंगे और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे। इसके अलावा भीषण गर्मी के कारण बेजुबान मवेशियों को गांव में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तीनों विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों को चिन्हित तालाबों में अतिशीघ्र पानी भरवाने तथा उनके फोटोग्राफ्स भेजने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की सूचना जिलाधिकारी महोदय को भेज दी जाएगी।

## नौदिवसीय रामकथा के समापन पर भंडारे का आयोजन



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर के पाटन कस्बा स्थित महादेव मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के समापन अवसर पर शुक्रवार को हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रभु श्रीराम की कथा सुनने के बाद प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।यह धार्मिक आयोजन ग्राम प्रधान कुलदीप चैधरी के संयोजन में कराया गया, जिसमें कथा वाचक ने श्रीरामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला और रामराज्य की महत्ता से जनमानस को अवगत कराया। कथा के समापन के बाद यज्ञ-हवन का आयोजन विधिविधान से पंडितों के निर्देशन में संपन्न हुआ ।इसके उपरांत भंडारे का शुभारंभ हुआ। जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के गांवों से आए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का प्रसाद देर शाम तक वितरित किया जाता रहा। श्रद्धालुओं ने व्यवस्था की सराहना की और आयोजकों को साधुवाद दिया ।ग्राम प्रधान कुलदीप चैधरी ने बताया कि यह आयोजन गांव में धार्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार जताया, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया ।आयोजन के सफल संचालन में ग्रामीणों के साथ स्थानीय स्वयंसेवकों की भूमिका भी सराहनीय रही। पूरा क्षेत्र श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और माहौल भक्तिमय बना रहा।

# मानसून का इंतजार

अगर मानसून की गति सामान्य होती तो अब तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्री. मानसून वर्षा शुरू हो गयी होती। क्योंकि इस साल केरल के तट पर मानसून एक सप्ताह पहले ही आ गया था। लेकिन कुछ राज्यों में वर्षा के बाद मानसून ठहर गया और अब इसके अगले सप्ताह सक्रिय होने की उम्मीद है। फिलहाल आधा देश प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है। उत्तर प्रदेश में पारा 44-45 डिग्री तक पहुंचग या है। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में हालत और खराब है। राजस्थान में तो 47 डिग्री के ऊपर तक पहुंच गया है। जून का महीना उत्तर भारत में सबसे परेशानी वाला होता है। भीषण गर्मी, बिजली कटौती और उमस में उबलते लोगों का एक-एक दिन बीतना कठिन हो जाता है। गर्मी का सितम हर साल बढ़ रहा है। इसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग है। ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा होती रहती है लेकिन इससे बचने के लिए कोई ठोस उपाय वैश्विक स्तर पर देखने को नहीं मिलते हैं। ऊपर से ट्रंप जैसे नेताओं के कारण ग्लोबल वार्मिंग का संकट और जटिल हो गया है। ट्रंप का प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण, कॉर्बन उत्सर्जन जैसी चीजों से कोई सरोकार नहीं है। वे जैसे-तैसे दुनिया भर की विलासिता और संसाधन अमरीका के लिए खींच लेना चाहते हैं। ऐसी छोटी सोच के नेताओं के कारण फिलहाल निकट




भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से निपटने के लिए कोई वैश्विक प्रोटोकॉल विकसित होगा ऐसी संभावना कम ही है। प्रचंड गर्मी के कहर से बचने के लिए सभी देशों विशेषकर भारत को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। इसके लिए जीवाश्म ईंधन के उपयोग को सीमित करने के साथ ही धरती को हरियाली से भरना होगा। बहरहाल यह सब तो दीर्घकालीन उपाय हैं और इनको कब आगे बढ़ाया जायेगा यह सरकार और समाज के जिम्मे है। लेकिन प्रचंड गर्मी जो सिर पर है और हर दिन लोगों को झुलसने-उबलने के लिए विवश कर रही है, उससे बचाव मानसून आने पर ही होगा। प्रचंड गर्मी में ऊर्जा की मांग बहुत बढ़ जाती है जिसके कारण आपूर्ति को सामान्य बनाये रखना कठिन हो जाता है। संभवतः यही कारण है कि ऊर्जा मंत्रालय ने एयरकंडीशनर के नये मानक तय करने को विवश हुआ है। जब नये मानक बनाकर लागू किए जाएंगे, तब एसी 20-28 तापमान के बीच ही चला सकेंगे। फिलहाल न्यूनतम तापमान 16 का है। बहरहाल पूरे उत्तर भारत में आग बरस रही है और लू चलने की चेतावनियां दी जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। लू और हीट स्ट्रोक जानलेवा बन गये हैं। बीते साल 18 जून तक लू (हीट स्ट्रोक) के 40,000 से अधिक मामले सामने आए थे और बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हुई थीं। शायद यही कारण है कि मौसम विभाग लगातार रेड, येलो, ऑरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। इस धधकते, तपते मौसम में सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले कामगारों के लिए है। भारत में 65-70 फीसदी कामगार इस भीषण गर्मी में भी काम करने को विवश हैं, क्योंकि उनका घर-परिवार दिहाड़ी पर ही चलता है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामसुब्रह्मण्यन ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण होने वाली मौतों की रपट का संज्ञान ले और राज्यों को निर्देश दे। एनसीआरबी के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण देश में 3798 लोगों की मौतें हुईं। यह आंकड़ा डरावना है। इसलिए हमे सतर्क रहने की जरूरत है। दिन में 11 बजे से शाम तीन बजे तक खुले में निकलना खतरनाक हो सकता है। इसालिए सबको सतर्क रहने के साथ ही एहतियाती उपाय तब तक करते रहना है जब तक मानसूनी वर्षा शुरू न हो जाये।

---

**विचार**

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

–चाणक्य.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

# देश में सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा

**अरविन्द जयतिलक**

> सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा पेंशन योजना, आयुष्मान योजना, अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, असंगठित ग्रुप बीमा योजना, वन बंधु कल्याण योजना, अल्प संख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास योजना, विकलांगों के लिए योजना, जनश्री बीमा योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना और राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना चलायी जा रही हैं।

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गये हैं। ये आंकड़े. रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक और गौरवान्वित करने वाली है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैये के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है।




यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा है। अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तदनुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गयी है।

**प्रतिबिंब**

भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कर्मगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है। भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। भारत में ढेरां सामाजिक सुरक्षा कानून लागू है मसलन कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट), कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 (डब्लयूसी एक्ट), कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 (ईपीडीएंडएमपी एक्ट), प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961 (एमबी एक्ट), ग्रैच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 (पीजी एक्ट), वैयक्ति क्षति (आपात उपलब्ध) अधिनियम 1962, वैयक्तिक क्षति (प्रतिकर बीमा) अधिनियम 1963 और नियोजक दायित्व अधिनियम 1938 इत्यादि। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलायी जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू कर दिया है। एक अरसे से श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम लागू करने की मांग की जाती रही जिसे सरकार ने 2005 के मध्य में लागू कर दिया। इस अधिनियम के तहत कोई भी वयस्क व्यक्ति जो न्यूनतम मजदूरी पर आकस्मिक श्रम करने के लिए इच्छुक है वह 15 दिनों के अंदर स्थानीय जनकार्य में रोजगार पाने के लिए पात्र होगा।

इसके अंतर्गत लोगों को वर्ष में उसके निवास से एक किमी के भीतर 100 दिनों का काम दिए जाने का प्रावधान लागू किया गया है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। राज्यों के अंतरगत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। इन परिवारों को गेहूं और चावल दिया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के तहत रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन रणनीति के तहत सरकार द्वारा स्वरोजगार योजना और दिहाड़ी रोजगार योजना चलाया जा रहा है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गयी है। सामाजिक सुरक्षा के तहत भारत सरकार ने राष्ट्रीय आवास नीति 1992 संसद में प्रस्तुत की। अगस्त 1994 में संसद ने इसका अनुमोदन कर दिया। राष्ट्रीय आवास नीति का प्रमुख लक्ष्य आवासहीन व्यक्तियों, विस्थापितों, निराश्रित महिलाओं, अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए वातावरण निर्मित करना तथा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चिति किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित ग्रुप बीमा योजना, वन बंधु कल्याण योजना, अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास योजना, विकलांगों के लिए योजना, जनश्री बीमा योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना और राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजन चलायी जा रही हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। यह प्राधिकरण देश भर में कानूनी सहायता कार्यक्रम और स्कीमें लागू करने के लिए राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण पर दिशा निर्देश जारी करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना शुभारंभ की है जिसका उद्देश्य लाभकारी योजनाओं तक निर्धनों और सीमांत लोगों को पहुंचने में सक्षम बनाना है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है जो गरीबों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है।

---

**सोशल मीडिया**



अहमदाबाद में हवाई त्रासदी से हम सब तबाह हो गये, अचानक और हृदय विदारक तरीके से इतने लोगों की जान जाना शब्दों से परे है, सभी शोक संपप्त परिवारों को संवेदना। पीएम मोदी.

# आत्मोन्नति के साधन

ईश्वर ने मनुष्य को अनगिनत उपहार दिये हैं। चुनौतियां जीवन में आती हैं और धैर्य के साथ इन आपत्तियां का सामना करने से व्यक्तित्व का पारिष्कार होता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

**अंतर्दृष्टि**

## आप की बात

### बेरोजगारी का संकट

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

### नियमों का करें पालन

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

# पालक से ज्यादा मेंटर हैं आज के पिता

**एक दो दशकों में सिर्फ शहरी भारत की लाइफस्टाइल ही तेजी से नहीं बदली, न ही सोशल मीडिया और इंटरनेट के आने के बाद शहरी भारत के लोग धीरे धीरे ग्लोबल किचन में परिवर्तित होने लगे हैं बल्कि समग्रता में बहुत सी नई और अनुकरर्णीय पश्चिमी बातों को भी हमारा शहरी समाज खुले दिल से स्वीकार कर रहा है। यही कारण है कि अब फादर्स डे कम से कम भारत के शहरों में एक सम्माननीय दिन बन चुका है।**




फॉदर्स डे (15 जून) पर विशेष

आज के समय विशेषकर शहरी भारत में पिता की पारंपरिक भूमिकाएं कुछ दशकों पहले के मुकाबले बिल्कुल बदल गई हैं। आज के पिता अपने बच्चों के केवल पालक या उन्हें अनुशासन में रखने वाले अनुशासनकर्ता भर नहीं हैं बल्कि कम से कम शहरों में आज के पिता अपने बच्चों के जीवन में भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास में सक्रिय बनाने वाले मेंटर बन चुके हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज के पिता अपने बच्चों को पाल पोसकर बड़ा ही नहीं कर रहे बल्कि उनका व्यक्तित्व भी बना रहे हैं। कहने का मतलब कुछ दशकों पहले तक जहां पिता का काम मुख्य रूप से परिवार का पालन पोषण और उसे आर्थिक रूप से सुरक्षित करना होता था, वह काम तो आज भी पिता के जिम्मे है, लेकिन अब उनकी भूमिकाएं इस पारंपरिक जिम्मेदारी से काफी हदतक आगे बढ़ चुकी हैं। आज के पिता अपने बच्चों के स्कूल प्रोजेक्ट में भाग लेते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी रखते हैं और उस पर अपना जरूरी दखल देते हैं, पैरेंट्स टीचर मीटिंग में शामिल होते हैं तथा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य से लेकर उनके मानसिक स्वास्थ्य तक की परवाह करते हैं।



इस तरह देखें तो आज शहरी भारत के पिता अपने बच्चों के पालन पोषण के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। साल 2025 में 15 जून को मनाये जाने वाले पिता दिवस की इस साल थीम भी कमोवेश यही है। इस साल की थीम, 'फादर्सः नर्चरिंग रिलेशन एंड टैपिंग फ्यूचर' यानी बच्चों का लचीलेपन के साथ पोषण करते हुए उनके भविष्य को आकार देना है। अगर कहा जाए कि इस थीम को भारत के महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे और मझौले शहरों में पहले से ही आज के पिताओं ने अपना लिया है, तो इसमें कोई दो राय नहीं होगी। मसलन आज के पिता पारंपरिक पिताओं की तरह घर में अनुशासन सिखाने वाले वट वृक्ष नहीं हैं बल्कि उनकी भूमिका एक संवेदनशील गाइड के रूप में उभर रही है। जबकि कुछ दशकों पहले तक हमारे पारंपरिक पिता कठोर अनुशासन के प्रतीक हुआ करते थे। आज के पिता अपने बच्चों की भावनाओं को सुनते हैं, उनसे खुले रूप में संवाद करते हैं और उनकी पसंद नापसंद पर ध्यान देते हैं। इन सबके साथ ही वे बच्चों की भौतिक के साथ साथ भावनात्मक जरूरतों को भी समझते हैं।

पहले के पिता अपनी भूमिकाओं को घर के बाहर के कामों तक ही सीमित रखते थे। जबकि आज के पिता घरेलू कामों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे खाना बना रहे हैं, बच्चों को मांओं की तरह लिखा पढ़ा रहे हैं, उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार कर रहे हैं, कई बार स्कूल छोड़ने भी जाते हैं, यही नहीं उन्हें टेक केयर लाने ले जाने की भूमिका भी हंसी खुशी से उठा रहे हैं तथा घर के किसी विशेष आयोजन में साफ-सफाई से लेकर किचन तक की भूमिकाओं में सहयोग करने को तत्पर रहते हैं। अब पिता पहले जैसे घर के बाहर भर काम करने वाले नहीं रहे। आज के शहरी पिता बच्चों के कॅरियर पर भी ध्यान देते हैं, उनकी पसंद नापसंद यानी उनकी हॉबी को विकसित करने में उनमें उसे विशेष पारंगत बनाने में भी जो संभव भूमिका होती है, उसे निभाते हैं। यही नहीं वे बच्चों की आत्मनिर्भरता को गंभीरता से लेते हैं। पहले के पिता बच्चों पर अकसर अपने सपने थोप देते थे, जबकि आज के पिता अपने बच्चों के सपनों को महत्व देते हैं। अगर उनके बच्चे पारंपरिक कॅरियर से हटकर कोई किसी ऐसे कॅरियर में रूचि दर्शातें हैं, जो अभी तक बहुत सफल और स्पष्ट नहीं, तो आज के पिता उनके इस जोखिम पर भी साथ खड़े होने की हिम्मत दिखाते हैं।

आज के शहरी पिता अब डिजिटल दुनिया में बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। जबकि कुछ दशकों पहले तक बच्चे और उनके पिता तकनीक के मामले में अलग अलग दौर में जीते थे। कुछ दशकों पहले तक पिता बड़ी आसानी से यह बात स्वीकार कर लेते थे कि नये जमाने की तकनीक से उनका क्या लेना देना है? यह बच्चों की जरूरत है और उन्हें ही इस पर माहिर होना चाहिए। जबकि आज के पिता न सिर्फ नये जमाने की तकनीक पर दिलचस्पी लेते हैं बल्कि वे इस पर दक्षता भी हासिल करते हैं ताकि अपने बच्चों को भी इसमें दक्ष बना सकें या उनके साथ उनके स्तर पर बरताव कर सकें। यही कारण है कि सोशल मीडिया, गेमें और इंटरनेट से जुड़ी आज की अभिरुचियां बच्चों और उनके शहरी पिताओं में किसी हदतक साझी हो चली हैं। आज के शहरी पिता अपने बच्चों को रिस्पोंसबिल डिजिटल सिटीजन बनने में उनका मार्गदर्शन करते हैं। आज के पिता पालन पोषण को सिर्फ बच्चों की मांओं की जिम्मेदारी नहीं समझते बल्कि को-पैरेंटिंग के विचार पर यकीन रखते हैं। इसलिए आज माता-पिता दोनो मिलकर बच्चों की जिम्मेदारी उठाते हैं। यही कारण है कि पिता अब विकल्प नहीं बल्कि सामान रूप से एक जिम्मेदार अभिभावक बन चुके हैं। विशेष रूप से सिंगल फादर या स्टै एट होम डेड की संज्ञा दिनों दिन बढ़ रही है। इसलिए माना जाता है कि शहरी भारत में पिता की भूमिकाएं कुछ दशकों पहले तक के पिता भूमिकाओं से काफी हदतक बदल गई हैं। भारत में पिताओं के स्वभाव और उनकी इस सोच में परिवर्तन लाने में किसी हदतक पिता दिवस की भी अपनी भूमिका है। हालांकि पश्चिम की तरह भारत में फादर्स डे कोई त्योहार नहीं है, लेकिन यह मानने में कतई गुरेज नहीं करना चाहिए कि आज के शहरी भारत में पिता दिवस जैसे दिनों की अपनी संवेदनशील छाप है। यही वजह है कि आज के शहरी भारत में फादर्स डे और मदर्स डे हमारी पारंपरिक संस्कृति के न होते हुए भी बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। बच्चे भी आजकल मदर्स डे और फादर्स डे का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं और हमारे बच्चे भी पश्चिमी देशों के बच्चों की तरह अपने पिताओं को इस दिन कार्ड देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से संदेश देते हैं, शुभकामनाएं देते हैं और पिताओं के प्रति अपनी स्नेह को प्रकट करते हैं। जबकि पहले हमारे यहां का चलन यह था कि न तो पिता, इस बात को जाहिर होने देते थे कि वे अपने बच्चों को बहुत प्यार करते हैं और न ही बच्चे सार्वजनिक रूप से यह दिखाते थे कि वे अपने पिताओं का बहुत आदर व सम्मान करते हैं।

पिछले एक दो दशकों में सिर्फ शहरी भारत की लाइफस्टाइल ही तेजी से नहीं बदली, न ही सोशल मीडिया और इंटरनेट के आने के बाद शहरी भारत के लोग धीरे धीरे ग्लोबल किचन में परिवर्तित होने लगे हैं बल्कि समग्रता में बहुत सी नई और अनुकरर्णीय पश्चिमी बातों को भी हमारा शहरी समाज खुले दिल से स्वीकार कर रहा है। यही कारण है कि अब फादर्स डे कम से कम भारत के शहरों में एक सम्माननीय दिन और संवेदनशीलता के साथ सोचने वाला विषय बन चुका है और यह हमारे बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहद लाभकारी भी साबित हुआ।

**नयनतारा.**

संक्षेप

## हृदय रोगी के लिए भगवान बने डॉ. आशीष पाठक

**अयोध्या।** पिछले दिनों योगी सरकार ने सभी चिकित्सकों साफ निर्देश दिया था कि किसी गंभीर रोगी की जान बचाने में लगने वाले खर्च को सरकार व्हेन करेगी जिसे धरातल पर उतारने का काम अयोध्या जिला चिकित्सालय के आईएमओ डॉ आशीष पाठक ने बीड़ा उठाया और हृदय घात से पीड़ित श्रीचंद को तत्काल लोकल परचेज कर करीब 50हजार की कीमत का एक इंजेक्शन खरीदवा कर उसकी एक डोज 8 एमएल लगवाते ही मरीज की तबीयत में सुधार आ गया जिसके बाद उन्होंने अपने सीनियर के साथ परामर्श कर उन्हें आरएमएल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। इस बाबत डॉ आशीष पाठक ने बताया कि इस तरह के कुछ गंभीर बीमारियों के लिए शासन से हमे यह निर्देश मिला है कि अगर ऐसे किसी भी मरीज की जान ऐसी जीवन रक्षक दवाओं से बचाई जा सकती है तो उसे तत्काल प्रभाव से लोकल परचेज कर सरकारी खर्चे से उनसे दवा खरीद कर लगाना अनिवार्य होगा जिसका पालन करते हुए हमें उक्त हृदय रोगी को 10 मिनट के भीतर इंजेक्शन लगाबाना होता है।

# रामपथ से जुड़ी 27 गलियों का निर्माण कार्य पूरा: गिरीशपति

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या की कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि रामपथ से जुड़ी 27 गलियों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बैठक का संचालन किया। तिवारी सूर्य ने जोनल स्तर पर वार्डों के संबंध करने में बरती गई विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षण किया। जोनल कार्यालय में टैक्स निर्धारण संबंधी कर्मचारियों की नियमित तैनाती की मांग की, जिस पर नगर आयुक्त ने कर विभाग को निर्देश दिया । नामांतरण प्रक्रिया की लंबे समय तक लंबित रहने पर जिम्मेदार हमले को फटकार भी

- रोड कटिंग के बाद मरम्मत को लेकर नगर निगम सख्त
- जोनल कार्यालय को और प्रभावी बनाने का निर्णय
- डस्टबिन आपूर्ति की जांच 15 दिन में करने के निर्देश

बैठक में फैंसी लाइट लगाने के दौरान नगर निगम की सड़कों की मानक से अधिक कटाई और उसकी मरम्मत न कराए जाने को लेकर नाराजगी जताई गई। इस दौरान जोनल कार्यालय को और अधिक प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया तथा डस्टबिन आपूर्ति में अनियमितता की 15 दिन के अंदर जांच करने की निर्देश भी दिए गए।

बैठक में स्वीकृति के सापेक्ष बची हुई फैंसी फैंसी लाइट लगवाने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र को जोनल कार्यालय स्तर पर अलग करने के लिए पत्राचार करने का फैसला किया गया। पार्षद सूर्यकुमार लगाई गई। इस दौरान पार्षद विशाल पाल ने एक मीटर से अधिक चैड़े नाले की सफाई व्यवस्था का मसला उठाया तथा अभिनव पांडे ने झूलेलाल वार्ड में नालों की सफाई सही ढंग से न होने की शिकायत दर्ज कराई । महापौर ने निर्माण खंड एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पार्षदों के माध्यम से मौके पर वेरीफाई करने सफाई व्यवस्था पुष्टि करवाने तथा तथा श्रमिक आपूर्ति के माध्यम से न्यायालय की सफाई करने का निर्देश दिया।

पार्षदों ने बताया कि अयोध्या प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य के चलते जल निकासी व्यवस्था को ठप कर दिया है। इससे



बारिश के समय विशेष रूप से जल भराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। महापौर ने जलवानपुरा अश्विनीपुरम जौरा गद्दोपुर शिवनगर टकसाल बड़ी देवकाली कांति नगर ऋषि टोला आदि जल भराव की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जनौरा, गद्दोपुर, जलवानपुरा में नाला निर्मित हो चुका है। यहां पंप की स्थापना की जा रही है, ताकि लोगों को जल भराव की समस्या से का सामना न करना पड़े। महापौर ने पार्षद हरिश्चंद्र गुप्त के सुझाव पर रामजानकी मंदिर ऋषि टोला में एक सप्ताह के भीतर रैंप बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान विकास रजिस्टर भी आदतन कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में 851 कमर्शियल भवनों को कर संबंधी नोटिस भेजने डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण व्यवस्था सही करने, खराब हैण्ड पंप रिबोर करवाने, वृहद पौधरोपण से समाज से जोड़ने, सफाई व्यवस्था के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने, अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पास किया गया। यह भी तय किया गया कि राज्य सभा सदस्य श्री दिनेश शर्मा की सहायता से सिंदूर तिराहा विकसित किया जायेगा।

इस दौरान उपसभापति राजेश गौड़, सुल्तान अंसारी, गरिमा, प्रिया शुक्ला, अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल, नागेंद्र नाथ यादव, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता पुनीत ओझा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० आरएम शुक्ला सहित नगर निगम के अधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। वहीं नगर निगम की पांच सदस्य कमेटी डस्टबिन आपूर्ति में बढ़ती गई अनियमित की जांच 15 दिन में पूरा का रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेगी इस संबंध में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने निर्देश दिए। कमेटी में अपर नगर आयुक्त बागीश कुमार शुक्ला, सुमित कुमार, गुरुप्रसाद पांडे, पार्षद सूर्यकुमार तिवारी एवं हरिशचंद्रगुप्त शामिल है। देवकाली वार्ड के अंजनीपुरम में बनाई गई नगर निगम की सड़क को भारी वाहनों के आवागमन से हो रही क्षति को देखते हुए हाइट गेज लगाने का निर्णय किया गया। इससे केवल सामान्य वाहन ही उस रास्ते पर चल सकेंगे। इस संबंध में कार्यकारिणी का ध्यान पार्षद चंदन सिंह ने आकर्षित कराया था।

वहीं नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि हाल ही में नगर आयुक्त का प्रभार संभालने वाले जैनेंद्र कुमार का कार्यकारिणी की पहली बैठक में स्वागत किया गया। इस दौरान नवागत अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ यादव को भी पुष्प कुछ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकारियों का कार्यकारिणी के सदस्यों से परिचय भी कराया गया।

## न्यायमूर्ति ने किया ओपन जिम का उद्घाटन



**बाराबंकी।** नवागन्तुक अहाते के बाहर बने ओपन जिम का शुभारम्भ माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद श्री सिद्धार्थ द्वारा किया गया। उनके द्वारा रुद्राक्ष के पौधे को भी कारागार परिसर मे रोपित किया गया। माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने आज शुक्रवार जिला कारागार बुलंदशहर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने सर्किल में बंदियों को प्रदान किये जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना भी की इसके साथ ही महिला अहाते में महिला बंदियों से ओपन संवाद कर उनके विधिक केस के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओ की स्थिति का माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जायजा भी लिया। महिला आहतो मे निरुद्ध महिला बंदियो के साथ रह रहे बच्चो को स्नैक्स के पैकेट और गिफ्ट भी दिये। निरीक्षण के दौरान जिला जज मंजीत सिंह श्योराण, सीजेएम सुनील कुमार त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, वरिष्ठ कारागार अधीक्षक आर0के जायसवाल मौजूद रहे।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चैकी अंतर्गत भुवापुर गांव निवासी 25 वर्षीय अखिलेश मिश्रा पुत्र श्याम नारायण का शव शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पूरे दहपेल गांव के बाहर एक पेड़ से लटका पाया गया। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार यादव को दी, जिन्होंने संबंधित पुलिस को घटनाक्रम से अवगत कराया। सूचना मिलते ही देवगांव चैकी के प्रभारी शैलेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अखिलेश मिश्रा दो भाइयों में सबसे छोटा था। कुछ समय से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके चलते वह तनाव में रहता था, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और सभी पहलुओं पर नजर रख रही है। देवगांव चैकी प्रभारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

## पत्नी के हिस्से की जमीन पर सह-खातेदारों का कब्जा

जिला संवाददाता



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्राम ढेमा निवासी मिश्रीलाल न्याय पाने के लिए 8 साल से संघर्ष कर रहे है।

किसान की पत्नी रमपता के नाम गाटा संख्या 368/4-748 में 0.950 हेक्टेयर जमीन दर्ज है। सह-खातेदारों ने इस जमीन पर अवैध कब्जा कर

- 8 साल से तहसील के चक्कर काट रहे किसान मिश्रीलाल

रखा है। पीड़ित किसान ने तहसील में एक दर्जन से अधिक बार शिकायत दर्ज कराई। तथा धारा 24 के तहत दो बार एसडीएम कोर्ट से पैमाइश के आदेश मिले।

लेकिन कानूनगो विनोद दीक्षित ने मिल जुमला नंबर बताकर फाइल खारिज कर दी। पीड़ित किसान ने उनकी पत्नी के हिस्से की भूमि की पैमाइश कराकर उन्हें न्याय दिलाया जाने की प्रशासन से पुनः मांग की है। इस संबंध में रामसनेहीघाट के नवागत उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। शिकायत मिली है। टीम लगाकर पैमाइश करवाया जाएगा और किसान को न्याय मिलेगा।

# बुलडोजर कार्रवाई से पीड़ित लोगों से मिले सांसद

**अयोध्या।** शुक्रवार को सांसद अवधेश प्रसाद पूर्व मंत्री पवन पांडे व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं का पदाधिकारियों के साथ चैक क्षेत्र के पुरानी सब्जी मंडी पहुंचे जहां पर उन्होंने बुलडोजर की कार्रवाई से पीड़ित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान सांसद अवधेश प्रसाद ने एक-

- जिलाधिकारी से मिलकर सांसद ने पीड़ित लोगों को पुनर्स्थापित करने की मांग की

एक कर सभी पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। पीड़ित लोगों ने सांसद से रो-रोकर अपनी व्यथा बताई। साथ ही साथ सांसद ने कहा कि लोगों का मकान व दुकान तोड़ा जाना भगवान श्री राम की मयार्दा के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि बिना किसी नोटिस के लोगों के मकान व दुकान को उजाड़ दिया गया यह किस प्रकार



का न्याय है। भीषण गर्मी में लोग बेघर होकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद सांसद अवधेश प्रसाद ने मामले को लेकर जिलाधिकारी अयोध्या से मुलाकात की और पीड़ित लोगों को पुनर्स्थापित करने की मांग की। सांसद अवधेश प्रसाद ने पीड़ित लोगों को उचित मुआवजा व आवास देने की भी मांग जिलाधिकारी से की। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही पीड़ित लोगों को पुनर्स्थापित किया जाएगा।

सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि इस मौके पर पूर्व मंत्री पवन पांडे, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान आकिब खान, जय सिंह राणा, श्रीचंद यादव, साहब लाल यादव, अनस खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

## चेकिंग मे 6 वाहनों को थानों में किया निरुद्ध



**बाराबंकी।** निजी वाहनो का व्यावसायिक प्रयोग करने वालो वाहनो के विरुद्ध परिवहन आयुक्त के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज शुक्रवार को प्रवर्तन टीमो ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर संघन चेकिग के दौरान 6 वाहनो को थानो में निरुद्ध किया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने संघन चेकिंग के दौरान गुजर रहे वाहनो की पत्रावलियो की जांच करते हुये 6 वाहनो को सीज किया।

## सिपाहियों की भर्ती के नियुक्ति पत्र बांटने को लेकर एसपी ने की बैठक



**बाराबंकी।** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों को कमिश्नरेट लखनऊ में 15 जून 2025 को प्रस्तावित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर पुलिस लाइन सभागार मे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने गोष्ठी की। गोष्ठी मे पुलिसकर्मियो को ब्रीफिंग करते हुये पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों के रात्रि प्रवास हेतु निर्धारित स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण व यातायात व्यवस्था हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा समुचित प्लान तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थलों पर आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रकाश व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, महिला अभ्यर्थियों हेतु पृथक सुरक्षा व सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गोष्ठी मे पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने क्षेत्र के रात्रि ठहराव स्थलों पर समय-समय पर भ्रमण कर सुरक्षा का निरीक्षण करने एवं नियुक्ति पत्र वितरण के दिन अभ्यर्थियों की लखनऊ यात्रा के दौरान भी समुचित समन्वय हेतु निर्देशित किया। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, सम्बन्धित थाना प्रभारी, ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सिविल कोर्ट का स्टे आदेश भी बेअसर

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** न्यायपालिका के आदेशों की अवहेलना और दबंगों की दबंगई का एक ताजा मामला हैदरगंज थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां सिविल कोर्ट द्वारा जारी स्थगन आदेश (स्टे) को पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने नजरअंदाज कर दिया है।

पीड़ित विधवा महिला कुसुम सिंह न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक उसे राहत नहीं मिल सकी है। ग्राम बैंतीकला निवासी कुसुम सिंह, जिनके पति और ससुर की मृत्यु 16 वर्ष पूर्व

- प्रधान व जिला पंचायत सदस्य की दबंगई के आगे बेबस हैदरगंज पुलिस

हो चुकी है, अपनी पैतृक जमीन गाटा संख्या 740 पर वर्षों से काबिज हैं। लेकिन आरोप है कि गांव के ही प्रधान अनिल सिंह और जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह राजपूत ने दबंगई और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए बगल की गाटा संख्या 742 में जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

कुसुम सिंह का आरोप है कि उनके भूखंड पर लगभग 5 गुणे 40 मीटर क्षेत्र में अतिक्रमण किया गया है।

इस मामले में कुसुम सिंह ने न्यायालय की शरण ली और वाद संख्या 926/2024 में दीवानी न्यायालय से विपक्षियों के विरुद्ध 22 अगस्त 2024 को स्टे आदेश प्राप्त किया, जिसमें अदालत ने विपक्षी राम आधार सिंह व अन्य को कुसुम सिंह के कब्जे में हस्तक्षेप न करने और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

अगली सुनवाई की तारीख 5 जुलाई 2025 निर्धारित है। अदालत के आदेश के बावजूद न तो हैदरगंज पुलिस और न ही बीकापुर तहसील प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवाने की कोशिश की। जब पीड़िता थानाध्यक्ष विवेक राय से मिलीं तो उन्होंने स्टे आदेश को पुराना बता कर दुबारा लाने की बात कहते हुए कथित रूप से पीड़िता को थाने से डांटकर भगा दिया। पीड़िता द्वारा प्रस्तुत सिविल कोर्ट की अमीन माप रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट हुआ कि गाटा संख्या 742 में 5 गुणे 40 मीटर का अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया है। यह माप दोनों पक्षों की उपस्थिति में अदालत के निर्देश पर की गई थी और रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है। हालात यह हैं कि प्रशासन और पुलिस दोनों ही दबंगों के सामने मौन साधे बैठे हैं। पीड़िता दर-दर की ठोकरें खा रही है, लेकिन न्याय अब तक उससे कोसों दूर है। इस मसले पर एसओ हैदरगंज से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिससे उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## ग्रामीणो की शिकायत मिलने पर कार्यो की जांच करते पहुंचे डीसी मनेरगा

**टिकैतनगर, बाराबंकी।** पूरेडलई ब्लॉक के ग्राम पंचायत सराही खुटौली व चंदामाऊ मे चल रहे नाला खुदाई कार्य की ग्रामीणो द्वारा की गई शिकायत का डीसी मनरेगा बृजेश कुमार त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा श्री त्रिपाठी ने कार्य कर रहे श्रमिकों की संख्या एंव गुणवत्ता की जांच की। तथा ग्राम प्रधान को झील की तरफ से बांध का प्लाटनेस स्थाई रूप से कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। इसके बाद कुटौली एंव सराही में खुदवाए जा रहे तालाब का भी निरीक्षण किया। इस सम्बन्ध मे डीसी मरनेगा श्री त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणो द्वारा बड़ी नहर से भगवान दास तालाब तक नाला खुदाई का कार्य व तहत नाला से चांद शाहिद तक सड़क पटाई कार्य नहीं किये जाने की शिकायती मिली। मौके पर पहुंच जांच करते हुये ग्रामीणों के बयान दर्ज किये। तथा कराये जा रहे दोनो कार्यो का निरीक्षण कर सम्बधितो को आवश्यक निर्देश दिये।

## पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू चलाकर 5 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त



**बहराइच।** आज 13 जून को पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/ नोडल अधिकारी ए0एच0टी0यू0 के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बालश्रम रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें थाना एएचटी जनपद बहराइच से उ0नि0 गर्जन प्रसाद मय टीम, श्रम विभाग अधिकारी श्री सूरज तिवारी व एनजीओ के साथ थाना जरवल रोड व थाना कैसरगंज में अभियान चलाकर छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखाने, उद्योगों, दुकान, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम/भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाकर जरवल रोड कस्बे से 03 व कैसरगंज कस्बे से 02 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को इस संबंध में जागरूक किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090,1098,108,112,1076,181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर कांग्रेसियो ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** अहमदाबाद की विमान दुर्घटना ह्रदय विदारक आपदा है। इसमें सैंकड़ों यात्रियों तथा दर्जनों डाक्टरों को अपनी जान गवानी पड़ी। इस त्रासदी ने हमें बहुत पीड़ा दी है। उक्त शोक संवेदना पूर्व सांसद डा0पी0एल0 पुनिया ने अपने ओबरी आवास पर अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या ए1-171 टेक ऑफ के दौरान भीषण हादसे पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे व्यक्त किये। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायल लोगों को शीघ्र स्वास्थ होने की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि अहमदाबाद में ए1-171 विमान हादसा देश के नागरिक उड्डयन के इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है इस दुर्घटना ने देश एवं विदेश के अनेक परिवारों को हमेशा के लिए तोड़कर असहनीय पीड़ा दी है। ऐसी संकट की घड़ी में हमें पीड़ित परिवारों के साथ एकजुट होकर मजबूती से खड़े रहना होगा केन्द्र सरकार तथा एयर इण्डिया को चाहिये कि इस दर्दनाक हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराकर तकनीकी तथा मानवीय त्रुटियों को उजागर करें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो हमारी शोक संवदेनाएं इस हादसे से प्रभावित परिवारों के साथ है। श्रद्धाजंलि सभा मे जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, विजय पाल गौतम, अनुराग यादव, मोहम्मद सलमान, आनन्द रावत, धनन्जय सिंह, अभय प्रताप सिंह, सुशील वर्मा मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

बहराइच 13 जून। बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि 16 जून से प्रारम्भ होने वाले नवीन शिक्षण सत्र के लिए समयपूर्व सभी तैयारियां कर ली जायें। डीएम ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए प्राप्त होने वाली पुस्तकें भण्डार कक्ष में डम्प न रहें बल्कि प्रत्येक पंजीकृत बच्चे को समय से पाठ्य पुस्तके प्राप्त हो जायें। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवीन ऊर्जा के साथ नवीन शिक्षण सत्र का आगाज करें तथा स्वमूल्यांकन यह सुनिश्चित करें कि पिछले सत्र में जो कमियां रह गईं थीं उनकी पुनरावृत्ति न होने पाये।

बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि नवीन शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित कर लें कि विद्यालय पूरी तरह से नीट एण्ड क्लीन हो जाये। इसके अतिरिक्त विद्यालय से सम्बन्धित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सभी सम्बन्धित को निर्देशित कर दिया जाय ताकि स्कूल में आने पर बच्चों को खुशनुमा माहौल मिले। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि असंतृप्त विद्यालयों को शीघ्र से शीघ्र विद्युत कनेक्शन से आच्छादित कर दिया जाय।

जिससे बच्चों को गर्मी में असुविधा न हो। गर्मी के मौसम को देखते हुए डीएम ने विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्थाओं को क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिये।

बैठक के दौरान आधार सीडिंग कार्य की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड मिहींपुरवा की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सराहना की। डीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों का आहवान किया कि ब्लाक मिहींपुरवा से सीख लेते हुए अपने-अपने ब्लाकों में प्रगति को बढ़ायें।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में डीएम ने खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वप्रथम न्यून उपस्थिति वाले विद्यालयों को चिन्हित कर कम उपस्थिति का कारण पता कर समस्या का समाधान कराएं। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को



गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में संचालित स्मार्ट क्लासों की जानकारी लेते हुए डीएम ने कहा कि क्लास में आवश्यक लॉजिस्टिक की कमी नहीं होनी चाहिए। डीएम ने निर्देश दिया कि मध्यान्ह भोजन योजना के तहत विद्यालयों में उपलब्ध नये बर्तनों का उपयोग किया जाय। किसी भी विद्यालय में नये बर्तन स्टोर रूम की शोभा न बढ़ायें।

सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मानक एवं मेन्यू के अनुसार ही मिड-डे-मिल में फल, दूध एवं मध्यान्ह भोजन में उच्च गुणवत्ता की सामग्री परोसी जाय। डीएम ने सचेत किया कि निरीक्षण के दौरान निम्न गुणवत्ता की सामग्री मिलने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

डीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि माह जून में आयोजित होने वाले 02 बड़े कार्यक्रमों योग दिवस व वृक्षारोपण कार्यक्रम की समय से तैयारी कर लें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी तथा सम्बन्धित एबीएसए सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## परेड का निरीक्षण किया गया



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक, बहराइच द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार दौड़ व ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन परिसर स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल व परिवहन शाखा व अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो वांछित अपराधी

**डलमऊ, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत डलमऊ पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी जिसमें दो वांछित अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।पुलिस ने दोनों वांछितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।शुक्रवार को डलमऊ पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वाहन एवं संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध अवस्था में दिख रहे दो व्यक्ति चित्रसेन पुत्र महारथी चैहान निवासी गुम्दापुर मुजरे भीरा गोविंदपुर लालगंज एवं विश्वनाथ सिंह पुत्र गिरजा शंकर सिंह निवासी बसंत खेड़ा हरचंदपुर को थाना क्षेत्र के सरिस्तापुर नहर पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए आरोपियों के पास से लाखों रुपए की कीमत के सोने व चांदी का सामान बरामद किया गया। आरोपियों के पास से चोरी का सामान बेचने के 9600 रुपए भी बरामद किए गए कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वांछित अपराधी हैं जिन पर जनपद के विभिन्न स्थानों में दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है

## रिक्शा पलटने से महिला की मौत

**रायबरेली।** उन्नाव हाई वे पर मुबारकपुर गांव के पास अचानक सामने गाय आ जाने से बैट्री रिक्शा पलट गया।जिसमें सवार एक महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मो. सरवर अली नगर लालगंज का रहने वाला है। इसकी पत्नी मायके सातनपुर से वापस आ रही थी जैसे रिक्षा मुबारक पुर गांव के सामने पहुंचा वैसे ही अचानक गाय के आ जाने पर पलट गया। फलस्वरूप उसमें सवार 32 वर्षीय रिजवाना की मौत हो गयी।

## ट्रेन से फिसलने पर युवक का पैर जख्मी

**रायबरेली।** लालगंज रेलवे स्टेषन पर ऊँचाहार एक्सप्रेस से पैर स्लिप हो जाने से एक युवक का पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।यह युवक प्रयागराज से दिल्ली जा रहा था। बताया गया है कि प्रयागराज जिले के थनवारी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर के रहने वाला आकाष (20) पुत्र षिवकुमार के साथ यह घटना घटी है।प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

## शिवाकांत के प्रदर्शन से जीता चिंतामणि

**अमेठी ।** जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रथम स्वर्गीय निर्मला मौर्या स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का पांचवा दिन आज का मैच ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी एवं चिंतामणि फाउंडेशन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करा और 32.5 ओवर मे 10 विकेट के नुकसान पर 244 रन बनाये ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी के लिए सर्वाधिक रन शिवांश मिश्रा ने 60 रन बनाये उनके अलावा नितिन मौर्या ने 30 रन सुधांशु ने 40 शशांक जायसवाल एवं प्रतियूष तिवारी ने 23-23 रन बनाये चिंतामणि फाउंडेशन क्रिकेट क्लब की तरफ से अथर्व यादव ने 4 विकेट, मनीष यादव ने 2 और सिखर मिश्रा और समर को एक एक विकेट मिला । जवाब में उतरी चिंतामणि फाउंडेशन क्रिकेट क्लब मे शिवाकांत यादव ने 93, आदर्श ने 25 , एवं दीपक ने 23 रन बनाये टीम ने 34 ओवर्स मे ही लक्ष्य हासिल कर लिया ड्रीम चेसर्स क्रिकेट अकादमी की तरफ से सुधांशु ने 4 अभिषेक मौर्या ने 2 , शिवांश मिश्रा और नितिन मौर्या ने 1-1 विकेट लिया मैच मे मैन ऑफ द मैच शिवाकांत यादव फाइटर ऑफ द मैच सुधांशु बेस्ट बैट्समैन शिवांश मिश्रा, बेस्ट बॉलर अथर्व यादव रहे।मैच के मुख्य अथिति डॉ निपेंद्र त्रिपाठी रहे जिन्होंने खिलाड़ियों को और मेहनत करने एवं अच्छा करने का सन्देश दिया एवं अहमदाबाद विमान दुर्घटना मे मृत लोगो के परिवार के लिए दो मिनट का मौन मैच शुरू होने से पहले किया गया ।मैच मे अवार्ड्स देने के लिए संजय मोबाइल शॉप गौरीगंज के ओनर अरुण यादव मौजूद रहे एवं पांडेय पुस्तक भंडार के ओनर राकेश पांडेय मौजूद रहे।जिला क्रिकेट संघ अमेठी के उपाध्यक्ष गोविन्द मौर्या एवं तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे। कल का मैच भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी अमेठी का मैच द क्रिकेट स्कूल जगदीशपुर के बीच खेला जायेगा।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने कई संस्थानों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चैधरी ने आज जनपद भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

उपाध्यक्ष ने निरीक्षण के समय अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। अस्पताल में साफ-सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मरीजों को समय पर दवाएं और उपचार उपलब्ध कराया जाए, किसी भी मरीज को अनावश्यक रिफर न किया जाए। अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराई जाए।मरीजों के परिजनों के लिए बैठने और अन्य सुविधाओं का बेहतर प्रबंध किया जाए।उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए दवा, जांच व उपचार निःशुल्क है, इसलिए यह सुनिश्चित कराया जाए कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा, जांच न लिखी जाए। मरीजों व तीमारदारों से चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा अच्छा मधुर व्यावहार किया जाए, इसके लिए कार्यशाला कर स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाए।उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुवे कहा कि आज के निरीक्षण में जो भी कमियां मिली है, उन्हें शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाए, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

त्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने बाल गृह (बालिका) चक धरौरा का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान 54 बालिकाएं आवासित पाई गई। उपाध्यक्ष ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उनसे बाल ग्रह में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने बाल गृह के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बच्चों को समय पर भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उनकी सुरक्षा और कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।बच्चों के मनोरंजन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

## राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा 17 को

**सुलतानपुर ।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज, बी ए षष्ठ्?म सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की मौखिक प्रायोगिक परीक्षा 17 जून दिन मंगलवार को महाविद्यालय में प्रातः 08:00 बजे कला संकाय राजनीति विज्ञान विभाग में सम्पन्न होगी। छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र, प्रोजेक्ट एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ उक्त तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित रहें। परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी।यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ मंजू ठाकुर ने दी।

## संविधान की रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी

**अमेठी ।** शुक्रवार को अमेठी में संविधान बचाओ अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि दीपक सिंह पूर्व एमएलसी व विशिष्ट अतिथि फरहान वारसी प्रदेश सचिव रहे सभा को पीसीसी सदस्य नरेंद्र मिश्रा , देवेंद्र सिंह , एआईसीसी सदस्य जीत लाल सरोज श्रीमती कलावती मौर्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी , जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरविंद चतुर्वेदी विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र नरेंद्र मिश्र अमेठी विधानसभा के चारों ब्लॉकों के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवमणि तिवारी वीरेंद्र सिंह राजा अजीत यादव हीरामणि कनौजिया कुद्दूस खान , डॉ संजय सिंह, पवन दुबे अशोक सिंह हिटलर हरी लाल यादव सुरेश शुक्ला राम मदन शुक्ला जियालाल पूर्व ब्लाक प्रमुख सूर्यभान तिवारी कृपा शंकर यादव दयाराम यादव शिवदयाल शर्मा आदि ने संबोधित किया सभा में सभी न्याय पंचायत के अध्यक्ष एवं सभी ग्राम सभा के अध्यक्ष एवं फ्रंटल संगठनों के विस पदाधिकारी का एवं ग्राम सभा के अध्यक्ष उपस्थित रहे सभा की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आशीष शुक्ला ने की संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया ।

## एम्स रायबरेली के सीटीवीएस विभाग ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**रायबरेली।** एम्स अपने आदर्श वाक्य, स्वास्थ्यं सर्वार्थ साधनमको सार्थक बनाने हेतु रोगियों की भलाई के लिए कार्य करने को तत्पर है।इसी कड़ी में संस्थान के हृदय वक्ष एवं वाहिका सर्जरी विभाग द्वारा एक रोगी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का थीम था, हृदय की आवाज एवं इलाज। इसका उद्देश्य कार्यक्रम में शामिल रोगियों एवं को हृदय संबंधी बीमारियों के लक्षण एवं पहचान करने, नियमित व्यायाम करने तथा खान-पान पर नियंत्रण रखने के विषय में जागरूक करना था।विभाग से जुड़े चिकित्सा कर्मियों ने नाटक एवं व्याख्यान के माध्यम से शामिल रोगियों एवं उनके परिजनों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सह-प्रोफेसर डॉ. स्वाति पाठक ने किया।डीन अकादमिक प्रो. नीरज कुमारी, डीन परीक्षा डॉ. प्रगति गर्ग, उप-निदेशक प्रशासन कर्नल अखिलेश सिंह, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित गुप्ता, अपातकाल विभाग-प्रभारी डॉ. जैनब मेहदी सहित संकाय सदस्य, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्साकर्मी आदि शामिल थे।

## युवती के साथ छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाही

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज के क्षेत्र के पिलखा गांव में एक युवती के साथ छेड़खानी और अभद्रता कर रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बसंतपुर कठोइया निवासी सुरेंद्र पुत्र कल्लू के खिलाफ पिलखा गांव के वीरेंद्र ने शिकायत किया था। वीरेंद्र का कहना है कि सुरेंद्र खेत में उसकी बहन के साथ छेड़खानी कर रहा था और मोबाइल देकर कह रहा था कि इससे बात किया करो।बहन के चिल्लाने पर सब लोग इकट्ठा हो गए और सुरेंद्र को पड़कर डायल 112 पुलिस के हवाले किया गया। गांव वालों का यह भी कहना था कि सुरेंद्र गांव में आए दिन महिलाओं के साथ अभद्रता करता था।मामले में लालगंज पुलिस में पकड़े गए युवक सुरेंद्र के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्यवाई किया है।

## सोशल ऑडिट से पंचायतों में हस्तांतरित धन का सही इस्तेमाल : लोकपाल

**अमेठी।** निदेशक सोशल आडिट ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के अंतर्गत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट आरंभ हो गया है।इसके लिए कलैंडर भी जारी किया जा चुका है। ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट, ग्राम सभाओं द्वारा आयोजित होने वाली आवधिक बैठकें होती हैं।इन बैठकों में किसी परियोजना से जुड़े सभी विवरणों की जांच की जाती है।सोशल ऑडिट, प्रशासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अधिकारियों और पीआरआई प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने का एक मंच है। यह भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं, जैसे महात्मा गांधी नरेगा और इन्दिरा आवास योजना के पारदर्शी, जनसहभागी और जवाबदेह तरीके से संचालन में भी अहम भूमिका निभाता है।सोशल ऑडिट से पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है और हस्तांतरित धन का सही इस्तेमाल होता है। सोशल आडिट से कागजों पर दिखने वाले विकास औ ? वास्तविक धरातल पर होने वाले विकास के बीच की खाई पाटने का सोशल आडिट एक अचूक हथियार है।शुक्रवार को अमेठी विकास खंड गौरीगंज के ग्राम पंचायत ओरीपुर में जिले के लोकपाल (मनरेगा) ओजस्कर पाण्डेय ने सोशल आडिट का निरीक्षण किया।इस औचक निरीक्षण के तहत ग्राम पंचायत कार्य तो संतोषजनक पाया गया। परंतु मनरेगा से संबंधित सात रिजस्टर में कुछ खामियां थी।लोकपाल (मनरेगा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना में हुए कार्य की स्वीकृति-तकनीकी, प्रशासनिक-वित्तीय, एस्टिमेट, कार्य आदेश, बिल-वाउचर, माप पुस्तिका, श्रम सामग्री भुगतान उपयोगिता प्रमाण पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र, परिसंपत्ति रजिस्टर, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर, अंतिम संपन्न सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट सहित अन्य रिकॉर्ड की जांच की गई।इसके अतिरिक्त मनरेगा द्वारा हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया गया।भौतिक सत्यापन में मनरेगा नागरिक सूचना बोर्ड में कमी को भी जल्द दूर करने के निर्देश दिए।

# गुरु गोविंद सिंह उद्यान में 15 को योग दिवस का होगा उद्घाटन

- मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शासन के निर्देशों के तहत 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सकुशल संपन्न कराने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर ने बताया कि योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाना है। जनपद स्तर पर 15 जून को कार्यक्रम का उद्घाटन गुरु गोविंद सिंह उद्यान में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 6 बजे किया जाएगा।16 जून को सभी विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा।17 जून को सामुदायिक योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प लगाए जाएंगे। 18 जून को विशिष्ट वर्ग के लिए योग सत्र का आयोजन अनाथालय, वृद्ध आश्रम, जेल, कुष्ठ आश्रम में किया जाएगा। 19 जून को सरकारी और कॉरपोरेट कार्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा।20 जून को महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु योग कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें कुंवारी, गर्भवती, कामकाजी एवं प्रौढ़ महिलाओं को शामिल किया जाएगा।21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन जनपद मुख्यालय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील, ऐतिहासिक स्थल ,विद्यालय और महाविद्यालय में भी कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। बैठक में सीडीओ अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, एडीएम न्यायिक विशाल यादव, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार वर्मा, पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रतिष्ठित बैंक में हुआ चयन, खुशी की लहर



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एसबीआई जूनियर एसोसिएट (क्लर्क) भर्ती परीक्षा का आयोजन का करवाया गया था, जिसका रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। रिजल्ट जारी होते ही चयनित अभ्यर्थियों के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।तहसील क्षेत्र के उघड़पुर निवासी राम प्रताप गुप्ता के पुत्र अंकुर गुप्ता का चयन भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में क्लर्क पद पर हुआ है, जिससे नात रिश्तेदार समेत चहेतों में खुशी की लहर है। अंकुर गुप्ता ने सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल शास्त्रीनगर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा पास किया है।उसके बाद प्रयागराज में रहकर नौकरी के लिए तैयारी में जुट गए थे।भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमें अंकुर गुप्ता का चयन हुआ है चयन होने की खबर सुनकर परिजन सहित रिश्तेदार और बाजारवासियों ने खुशी जाहिर किया और मिलकर व फोन के माध्यम से बधाई देने वालों की तांता लगा रहा।अंकुर गुप्ता ने बताया कि नौकरी के साथ साथ अभी तैयारी जारी रहेगी।हमारा सपना अधिकारी बनाना है।

## परमात्मा के सामने समर्पण करने का प्राप्त होता है सुखद परिणाम



**हरचंदपुर, रायबरेली।** क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर श्री धाम वृंदावन से आये कथा व्यास पंडित गोपाल शास्त्री ने कृष्ण रुक्मिणी के विवाह का वर्णन करते कहा कि रुक्मिणी जी भगवान कृष्ण के अद्भुत रूप सौंदर्य का गुणगान सुनकर बिना देखे ही उन्हें मन ही मन अपना पति मान लेतीं हैं।परमात्मा के सामने समर्पण करने का सुखद परिणाम प्राप्त होता है। भागवताचार्य ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा भगवान के बाल सखा, सहपाठी सुदामा स्वाभिमानी ब्राह्मण है।दुख संकट के झंझावातों से घिरे सुदामा अपने मित्र कृष्ण के पास मदद के लिए जाने नहीं तैयार है।भगवान साधु वेश में उनके दरवाजे पर भिक्षा मांगने आते हैं।सुदामा की पत्नी सुशीला कहती है हमारे घर में आपको देने के लिए कुछ भी नहीं है। तब भगवान सुशीला से कहते हैं जिसके मित्र स्वयं द्वारकाधीश हो वह कैसे गरीब हो सकता है।सुदामा भगवान के पास क्यों नहीं जाते हैं। पत्नी के समझाने पर सुदामा द्वारिका जाने के लिए तैयार हुए।सुदामा ने पत्नी से कहते है मित्र के पास खाली हाथ नहीं जाना चाहिए।सुशीला घरों से चावल मांगकर लाती है। रास्ते में नाविक रूप में भगवान उन्हें नाव पर बैठाकर नदी पार कराते हैं। वहां का वैभव देख सुदामा चावल भेट करने में सकुचाते हैं।कृष्ण पोटली छीनकर दो मुट्ठी चावल खाकर दो लोक की सम्पत्ति दे देते हैं। कथा के दौरान कृष्ण रुक्मिणी, सुदामा की भव्य झांकी निकाली गयी। यजमान सपत्नीक पत्नी इंद्रेश कुमार चैरसिया, गायत्री चैरसिया ने व्यास पीठ का पूजन किया।इस मौके पर राज कुमार चैरसिया, रामदास चैरसिया, दीपक चैरसिया, हरि ओम, प्रेम शंकर, विक्रम चैरसिया, ऊषा, दीपिका, संजना, बिंदन, बिट्टो, सरोज, कोमल, कमला, नीलम, संदीप शर्मा, मुल्ली चैरसिया, अजय साहू, अंजनी पाठक, रमाकांत द्विवेदी, राजाराम चैरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पुरुष व महिला वॉलीबाल के मुकाबलों में डीवीए ने स्टेडियम को हराया

- विमान दुर्घटना पर स्टेडियम में खिलाडियों ने रखा मौन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला वॉलीवाल संघ के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को किट वितरित किया गया।साथ ही वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। आज हुए इस आयोजन में खिलाड़ियों द्वारा विमान दुर्घटना को लेकर खिलाडियों ने एक मिनट का मौन रखा और नवनिर्वाचित भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के पदाधिकारियों को बधाई भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डीवीए और स्टेडियम के बीच महिला पुरुष वॉलीबाल के मैत्री मैच का भी आयोजन हुआ, जिसमें महिला पुरुष दोनों वर्गों में डीबीए ने स्टेडियम को पांच सेटों के मुकाबले में 3-2 से मात दी स पुरुषों में करन, भानू, जीशान और महिला वर्ग में प्रियांशी, प्रिया, कसिस, ने बढ़िया प्रदर्शन किया। निर्णायक स्टेडियम कोच प्रदीप यादव, सर्वेश सिंह और दिनेश तिवारी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चैहान और विशिष्ट अतिथि श्री उपाध्याय एवं भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह की मौजूदगी में किट वितरित किया गया साथ ही मौजूद अन्य संघों के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया आज हुए इस आयोजन को लेकर जिला वालीबाल संघ के सचिव एसएन सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन से जिले में वॉलीबॉल को बढ़ावा मिलेगा और संघ द्वारा खिलाड़ियों को पूरी मदद प्रदान की जाएगी। संघ के मीडिया प्रभारी कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश वालीबाल संघ के सचिव माननीय सुनील तिवारी जी के निर्देश पर जिले में वालीबॉल संघ पूरी तत्परता से कार्य करेगा, जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, रणधीर सिंह, रामेंद्र सिंह राणा, सहित अन्य सदस्य व पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रतियोगिता संपन्न हुई।इस अवसर पर गन्ना विकास समिति अध्यक्ष गाँधी सिंह, अजय सिंह लीडर, कनिष्ठ सहायक फायजा, अजय सिंह फौजी जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, आरिफ नियाज, जिला संघ के सचिव एम एस बेग हॉकी संघ के सचिव तारिक वसीम, टेबल टेनिस संघ के सचिव मोहम्मद सईद हैंडबॉल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## चौपाल में सुनी गयीं जनता की समस्याएं

**नसीराबाद, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत नसीराबाद देहात में प्रधान सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में ग्राम चैपाल आयोजित की गई जिसमें अधिकारियों ने जनता की समस्याए सुनी। अधिकारियों ने उनके समाधान का आश्वासन भी दिया।लोगों ने बिजली की समस्या पर जोर दिया लोगों का कहना था कि अकसर ट्रांसफार्मर से फेस उड़ जाता है और बिजली चली जाती है। पूरे तकी में पांच दिन से बिजली न आने की बात सामने आई तो खंड विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के एसडीओ से बात की।उन्होंने जल्दी ही इस समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। रामा देवी रामवती, ज्ञानवती, श्याम कली, बन्दना देवी, आदि ने वृद्धावस्था पेंशन की मांग उठाई। ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, और खड़ंजा लगाने के लिए भी लोगों ने दबाव बनाया।

# 'द जैम स्पॉट' इवेंट में श्रेयस को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब

- सुलतानपुर में हुआ पहली बार ओपन माइक इवेंट, युवा प्रतिभाओं ने दिखाया दम





**सुलतानपुर (वीओएल)।** पयागीपुर स्थित ड्रीम जोन कैफे में आयोजित द जैम स्पॉट के भव्य कार्यक्रम में सुलतानपुर की युवा प्रतिभाओं ने अपनी कला से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीमा सिंह और अजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में कुल- 20 परफॉर्मर शामिल हुए और 50 से 60 दर्शकों की मौजूदगी में यह आयोजन एक यादगार शाम में बदल गया।

इवेंट की शुरूआत इंडी फ्यूजन बैंड की शानदार ओपनिंग परफॉर्मेंस से हुई, जिसने पूरे माहौल को बदल दिया। वहीं, क्लोजिंग परफॉर्मेंस मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैग्नेटो जीम राजदीप ने दी, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण रही।इस मंच पर गायन, कविता, रैप, बीट बॉक्सिंग और स्टैंडअप कॉमेडी का मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला।कुशाग्र ठाकुर, अंशिका सोनी, मितांशी निगम, आकाश तिवारी, अविरल तिवारी, तनवी मिश्रा, कशिश मौर्या, अभिराज सिंह, और अभय प्रताप जैसे प्रतिभागियों ने अपनी गायन, रैप और कविता प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सुप्रिंस कुमार यादव, अमन यादव, युवराज श्रीवास्तव, आनंद कृष्ण पांडेय और अनुभव विक्रम सिंह चैहान की कविताओं ने श्रोताओं को भावनाओं से भर दिया। वहीं विराज तिवारी की स्टैंडअप कॉमेडी और सुधांशु अग्रहरि की बीट बॉक्सिंग ने सबको गुदगुदा दिया। वोटिंग की प्रक्रिया पारदर्शी रही, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को वोट दिया। इस प्रक्रिया के बाद श्रेयश को बेस्ट परफॉर्मर घोषित किया गया। उन्हें द जैम स्पॉट ग्रुप की ओर से शील्ड, सर्टिफिकेट तथा स्पॉन्सर द नॉर्थ साइड की ओर से उपहार प्रदान किए गए। सभी अन्य प्रतिभागियों को भी सम्मान स्वरूप उपहार दिए गए। इस आयोजन के विशेष क्षण में, ड्रीम जोन कैफे के मालिक अनुराग पाठक ने दो बाल प्रतिभाओं कशिश मौर्या और अंशिका सोनी को 1100-1100 का नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस पूरे आयोजन की मुख्य भूमिका में संस्थापक अभिराज सिंह, सृष्टि सिंह, अर्पिता गौतम एवं सह-संस्थापक आदित्य पांडेय, आदर्श तिवारी, युवराज श्रीवास्तव शामिल रहे। सोशल मीडिया पार्टनर के रूप में सुल्तानपुरिया अर्पित, यश ठाकुर (सुलतानपुर 4444) और पाठक जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि मीडिया पार्टनर ड्रीम वेडिंग स्टूडियो रहे।

## सीडीओ ने किया विकास खंड कार्यालय शाहगढ़ का निरीक्षण

**अमेठी।** सीडीओ सूरज पटेल द्वारा आज विकास खंड शाहगढ़ के खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी क्षेत्रीय भ्रमण पर पाए गए। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी अधिकारी/कर्मचारी क्षेत्रीय भ्रमण पर जाए, उसका स्पष्ट अंकन टूर रजिस्टर अथवा भ्रमण पंजिका में अनिवार्य रूप से किया जाए।साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि कार्यालय परिसर में कार्यरत सभी कर्मी अनिवार्य रूप से आई.डी. कार्ड धारण करें और अपनी पटल मेज पर नाम पट्टिका यथावत लगाएं।पत्रावली के सुव्यवस्थित रख-रखाव हेतु भी निर्देश दिए गए। इसके पश्चात मनरेगा सॉफ्ट पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर खंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई।खंड विकास अधिकारी शाहगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खंड की कुल 39 ग्राम पंचायतों में से 27 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य वर्तमान में संचालित हैं, जबकि शेष ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि विकास खंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के अंतर्गत अनिवार्य रूप से न्यूनतम एक कार्य संचालित कराया जाए।

संक्षेप

## मदरसे में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म कर मौलवी ने बनाया वीडियो

हापुड़। जिले के एक मदरसे में नाबालिग छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के आरोप में एक मौलवी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गढ़मुक्तेश्वर थानाक्षेत्र के एक गांव स्थित मदरसे में 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा पढ़ने जाती थी, जहां मौलवी हाफिज वसीम ने 12 अप्रैल और 10 मई को उससे दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। गढ़मुक्तेश्वर थाना के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि लड़की के परिजनों ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि मौलवी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर उनकी बेटी को ब्लैकमेल करने लगा और विरोध करने पर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दिया। परिजनों की तहरीर पर बृहस्पतिवार देर शाम पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर बहादुरगढ़ निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी मौलाना हाफिज वसीम को जेल भेज दिया।

## खून से लथपथ मिला होमगार्ड का शव

एटा। जिले में एक पुलिस चौकी की छत से होमगार्ड विभाग के एक कर्मी का खून से लथपथ शव बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि अवागढ़ थानाक्षेत्र की पोंडीरी पुलिस चौकी की छत पर शुक्रवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। घटना के समय होमगार्ड चौकी पर अकेला तैनात था। मृतक की पहचान सर्वेंद्र पाल सिंह (40) के रूप में हुई है और शव के पास से एक अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षकने बताया कि मृतक कुछ पारिवारिक तनाव से गुजर रहा था और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के समय सिंह किससे संपर्क में था, यह पता लगाने के लिए मोबाइल कॉल डिटेल की जांच की जा रही है।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

बरेली। विशेष जिला अदालत ने चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी ने शुक्रवार को बताया, पॉक्सो मामलों के विशेष न्यायाधीश देवाशीष पांडेय ने बृहस्पतिवार को आरोपी ऋषिपाल सिंह को नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। घटना के समय ऋषिपाल की उम्र 20 साल थी। तिवारी ने बताया कि दुष्कर्म की घटना 11 नवंबर 2023 को जिले के आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। तिवारी के अनुसार, चार-वर्षीय पीड़िता के पिता ने आंवला थाने में ऋषिपाल सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि नाबालिग लड़की गांव के एक तालाब के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी, तभी ज षिपाल उसे बहला-फुसलाकर एक बाग में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

रिपोर्ट के अनुसार, ऋषिपाल को पड़ोसी गांव के बाहरी इलाके में एक बाग में देखा गया। ग्रामीणों ने ऋषिपाल को घेर लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

# बांके बिहारी कॉरिडोर के समर्थन में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** वृंदावन में बिहारीजी कोरिडोर के पक्ष में अब सामाजिक संगठन खुलकर सामने आ रहे है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कोरिडोर को आवश्य बताते हुए निर्माण की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को दर्जन भर संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को वृंदावन में कोरिडोर बनाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिए। जिलाधिकारी कार्यालय पर बांके बिहारी कॉरिडोर के समर्थन में संयुक्त किसान संगठन के बैनर तले भाकियू टिकैत भाकियू सुनील कियू अजय भाकियू अराजनैतिक भाकियू चै चरणसिंह के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की।

इनके आलावा सामाजिक संगठनों में महाराजा सूरजमल स्मृति न्यास शहीद भगत सिंह संगठन इंडियन मेडिकल एसो. अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति अखिल भारतीय प्रधान संगठन आदि के जिला मंडल एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। सभी के स्तर पर कॉरिडोर बनवाने की मांग की गयी। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में प्रतिनिधि मंडलों में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि ब्रह्मांड नायक योगिराज भगवान श्री कृष्ण की जन्म एवं क्रीड़ा स्थली ब्रजभूमि में करोड़ों देश विदेश एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था है। आज अपने आराध्य की झलक मात्र पाने के लिए यहां करोड़ों श्रद्धालुओ को अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ना चुका है। भीड़ का दबाव और संकरा रास्ता श्रद्धालुओं का हाल बेहाल कर देता है। आए दिन श्रद्धालु बेहोश होकर गिरते है। महिला और बुजुर्ग की हालत दर्शन की लम्बी कतार में खराब हो जाती है। इस स्थितियों से निजात दिलाने सहित अन्य सुविधाओं के लिए कोरिडोर की अत्यंत आवश्यकता है। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय की मांग एवं जनभावनाओं के अनुसार वृहद कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना अवश्यंभावी हो गया है। पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा है कि ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं कि श्री बांकेबिहारी मंदिर की स्थापना 1863 में भरतपुर के राजा रतन सिंह (महाराजा सूरजमल के वंशज) द्वारा कराई गई थी। पदाधिकारियों ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण से समूचे ब्रज क्षेत्र के धार्मिक/आध्यात्मिक पर्यटन व्यापार को नए पंख प्राप्त होंगे वहीं न केवल मथुरा वृंदावन वरन दिल्ली एनसीआर और आसपास के जनपदों में लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

## शादी वाले घर में घुसे दबंग, महिलाओं को पीटा, युवतियों से की छेड़खानी

**आगरा।** पूर्व प्रधान के बेटे की शादी वाले घर में दबंगों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने तहरीर के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। आगरा के खंदौली क्षेत्र के एक गांव में दलित पूर्व प्रधान के बेटे की शादी वाले घर में घुसकर दबंगों ने छेड़खानी की। विरोध पर महिलाओं की पिटाई भी की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पूर्व प्रधान के बेटे की बरात बृहस्पतिवार को अलीगढ़ गई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व उनके घर पर शादी की तैयारियों के साथ देवी जागरण का कार्यक्रम चल रहा था। घर पर रिश्तेदार भी थे। आरोप है कि मंगलवार की दोपहर गांव के 5 युवक उनके घर में घुस आए। महिलाओं से छेड़खानी करने लगे। विरोध पर गाली-गलौज करते हुए महिलाओं की पिटाई की। गांव में शादी नहीं करने की धमकी दी, जिससे परिवार के लोग दहशत में आ गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सूचना पर पीआरवी पहुंची लेकिन बिना कोई कार्रवाई के लौट गई। उन्होंने दो दिन पूर्व थाने में तहरीर दी थी लेकिन कोई भी पुलिसकर्मी गांव नहीं आया और न ही उनका केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के वाद कार्रवाई की जाएगी।

## दो मंजिला बिल्डिंग का अगला हिस्सा गिरा, दो घायल, अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका

**आगरा।** शुक्रवार शाम थाना शाहगंज क्षेत्र स्थित पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के पास एक दो मंजिला इमारत का अगला हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में सड़क पर मौजूद दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मलबे में अन्य लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल और राहत टीमें तैनात हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज धमाके की आवाज के साथ बिल्डिंग का अगला हिस्सा अचानक जमीन पर आ गिरा। आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए और मौके पर पहुंचे। सड़क पर चल रहे दो लोग इसकी चपेट में आ गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें घटनास्थल पर मौजूद हैं। मलबा हटाने का कार्य तेजी से जारी है। प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीनें लगाकर यह देखा जा रहा है कि मलबे में कोई दबा तो नहीं है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इमारत में कितने लोग मौजूद थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई है।

## लुप्तप्राय पीली नदी का पुनरुद्धार अभियान शुरू

जौनपुर। जिले में लुप्तप्राय पीली नदी के पुनरुद्धार के प्रयासों के तहत एक अभियान शुरू किया गया है। पीली नदी, बदलापुर विधानसभा क्षेत्र की ओर प्रवाहित होती है और यह नदी क्षेत्र में रहने वाले किसानों के लिए जीवनदायिनी है। बदलापुर संकल्पित, पीली नदी संरक्षित नारे के तहत संचालित इस परियोजना की आधिकारिक शुरुआत 12 जून को भूमिपूजन के साथ हुई। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने अभियान का नेतृत्व किया है। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि बदलापुर विधानसभा के लिए यह नदी जीवनदायिनी है और इस नदी के पुनरुद्धार से क्षेत्र के किसानों व जीव जंतुओं को भी राहत मिलेगी। नदी के किनारों की मरम्मत का कार्य सक्रिय रूप से जारी है। भाजपा विधायक ने कहा कि नदी के संरक्षण को लेकर 11 जून को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के साथ बैठक हुई थी। पुनरुद्धार अभियान के तहत नदी के किनारों को दुरुस्त करने के लिए जेसीबी जैसी भारी-भरकम मशीनें लगायी गयी हैं। विधायक ने बताया कि जिलाधिकारी और अन्य उच्चाधिकारियों के साथ हुई बैठक में नदी को संरक्षित और निरन्तर जल प्रवाह के लिए कार्ययोजना तैयार करने की रणनीति तैयार की गई। उन्होंने बताया कि नदी के जीर्णोद्धार के लिए विधानसभा क्षेत्र के जिन गांवो से यह नदी गुजर रही है, वहां के स्थानीय नागरिकों के साथ समाजसेवी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी।

सुलतानपुर-प्रतापगढ़ की सीमा पर स्थित तातो मुरैनी के ताल से निकली पीली नदी की लंबाई 70 किलोमीटर है और इसका उद्गम सुलतानपुर जिला है। यह नदी प्रतापगढ़ होकर जौनपुर जिले के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवो से गुजरते हुए गोमती नदी में मिलती है। अधिकारियों ने बताया कि नदी में पानी नहीं होने से आसपास के गांव में भूजल का स्तर नीचे तेजी से जा रहा है और नदी के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नदी की भूमि पर अवैध कब्जे के खतरे से इसका अस्तित्व समाप्त हो सकता है। इस वर्ष मार्च के महीने में ही पीली नदी का पानी सूखना शुरू हो गया था।

# सेवायत परिषद ने किया बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर और अधिग्रहण का विरोध

जिला संवाददाता (vol)




**मथुरा।** वृन्दावन के बिहारी पुरा मोहल्ला में अंतर्राष्ट्रीय सेवायत परिषद की एक सभा का आयोजन प्रस्तावित बांके बिहारी मंदिर न्यास और कॉरिडोर के विरोध में किया गया। जिसकी आड़ में सरकार मंदिर का अधिग्रहण करना चाहती है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीहित योगेंद्र बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि वृन्दावन की रसोपासना और यहाँ की संस्कृति और विरासत को बृजवासी ही समझ सकते हैं। सरकार को चाहिये कि मठ, मंदिर, देवालयों की परंपरा में हस्तक्षेप ना करे और वृन्दावन की कुंज गली सम्यक परंपरा को नष्ट ना करे। परिषद के राष्ट्रीय संयोजक श्रीहित हितेंद्र कुमार गोस्वामी जी (छोटी सरकार) ने कहा कि वृन्दावन धाम दिव्य और चिन्मय है। यहाँ की परंपरा, पूजा और सेवा सदियों से यहाँ के गोस्वामी संभालते आ रहे हैं और जहाँ सरकार कॉरिडोर बनाना चाह रही है। वहाँ बिहारी जी से भी पुराने और प्राचीन मंदिर है। राधाबल्लभ संप्रदाय के ही चार मंदिर, आचार्यों की समधियाँ, शिव मंदिर है।, सरकार को चाहिये कि इन मंदिरों नष्ट ना करे और कोई बीच का मार्ग निकाले, जिससे कि वृन्दावन का अस्तित्व भी बचा रहे और भीड़ का प्रबंधन भी हो जाये। इतिहासकार प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि सरकार वृन्दावन के इतिहास, भूगोल व नागरिक शास्त्र को ही बदलना चाहती है। अगर सरकार ऐसा करती है तो यह भारी अपराध होगा। सभा का संचालन मधु मंगल शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पं. मुकेश पुरोहित, गोपेश गोस्वामी, मनमोहन गोस्वामी, पवन बिहारी गौड़, समीर शुक्ला, सोहन लाल मिश्र, गोविन्द खंडेलवाल, राजू गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, राधारमण अग्रवाल, सुमित मिश्र, हिमांशु गोस्वामी, विप्रांश गोस्वामी, अंकित गोस्वामी , मुन्नाश्याम गोस्वामी, दीपक पाराशर आदि उपस्थित थे।

# मां पाटेश्वरी विवि में नही पढ़ाया जाएगा विदेशी आक्रांताओं का इतिहास

गोंडा। बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि विश्वविद्यालय में विदेशी आक्रमणकारियों का इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा। एक दिवसीय दौरे पर गोंडा पहुंचे कुलपति श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज (एलबीएस डिग्री कॉलेज) में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन्होंने भारतीय संस्कृति को नष्ट किया, उन्हें विश्वविद्यालय की पाठ्यपुस्तकों (पाठ्यक्रमों) में महिमामंडित नहीं किया जाएगा। पाठ्यक्रमों में भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपराओं को महत्व मिलेगा। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज (एलबीएस डिग्री कॉलेज) में आयोजित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक बैठक में शामिल होने के लिए गोंडा पुहंचे प्रो. सिंह ने कहा कि अब विश्वविद्यालय में विदेशी आक्रमणकारियों के वह पाठ नहीं होंगे, जो भारतीय संस्कृति का दमन करते हैं बल्कि इनके स्थान पर विद्यार्थियों को भारतीय गौरवशाली इतिहास, वैदिक परंपरा, संत परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम के अनछुए पहलुओं पर केंद्रित अध्ययन कराए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्र की आत्मा के अनुरूप ढालना आवश्यक है, न कि उन लोगों के अनुसार जो केवल विनाश और उपनिवेशवाद लेकर आए। अब समय आ गया है कि पाठ्यक्रम में वही बातें रहें, जो देश की आत्मा से जुड़ी हैं। विदेशी आक्रमणकारियों के महिमामंडन की बजाय भारतीय संस्कार, आचार, ग्रंथ, समाज और शौर्य को महत्व दिया जाएगा। कुलपति ने बताया कि श्रावस्ती को बौद्ध व जैन शिक्षा का प्राचीन केंद्र माना जाता है।

उन्होंने कहा कि वहां तिब्बती समुदाय और बौद्ध तीर्थयात्रियों की निरंतर उपस्थिति को देखते हुए विदेशी भाषाओं का विभाग खोला जाएगा, जिससे श्रावस्ती को अंतरराष्ट्रीय भाषा केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी पाठ्यक्रम की मांग तेजी से बढ़ी है और विश्वविद्यालय ने इस मांग को समझते हुए रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए इनकी शुरुआत की है। कुलपति ने बताया कि गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के सभी संबद्ध महाविद्यालयों में आगामी 23 जून को शोध प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध की दिशा में बेहतर अवसर मिलेंगे।

## आगरा के दंपती की अहमदाबाद विमान हादसे में मौत

**आगरा।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में आगरा के कपल की मौत हो गई। नीरज लवानिया और उनकी पत्नी अपर्णा लवानिया आगरा में अकोला कस्बे के रहने वाले थे। नीरज के बड़े भाई सतीश लवानिया अपने परिवार के साथ अकोला में ही रहते हैं। उन्होंने बताया, नीरज अहमदाबाद के वडोदरा क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। कई साल पहले वह वहीं पर शिफ्ट हो गए थे। वह अपनी पत्नी अपर्णा को लंदन घुमाने ले जा रहे थे। उनका 10 दिन का टूर था। घटना की जानकारी मिलते ही अकोला गांव के लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंचने लगे। इखढ सांसद राज कुमार चाहर भी परिवार से मिले, उन्होंने फोन पर अहमदाबाद एथॉरिटी से जानकारी ली।

## बगैर चिकित्सा प्रमाणपत्र के संचालित अवैध नर्सिंग होम सील

भदोही। जिले में बिना वैध मेडिकल योग्यता के एक महिला द्वारा संचालित अवैध नर्सिंग होम और क्लिनिक को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि कथित चिकित्सक सरोजिनी जायसवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो निरीक्षण के दौरान कोई वास्तविक चिकित्सा डिग्री या स्वास्थ्य विभाग से पंजीकरण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाई थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक ने बताया कि शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय ने गोपीगंज क्षेत्र की डॉक्टर कॉलोनी स्थित क्लिनिक एवं नर्सिंग होम की जांच की। चक ने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया कि कुछ दलाल गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल की जगह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने स्थित सरोजिनी जायसवाल के नर्सिंग होम में ले जा रहे हैं।

## अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



सिद्धार्थनगर। जिले के गोल्हौरा थानाध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया , गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया । डां. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व शुभेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण व राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के नेतृत्व में थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 60/2025 धारा 69 बीएनएस-2023 में वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र चुनमुन साकिन पीपरा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर को महुआ खुर्द पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करतेन्यायालय भेजा गया । पुलिस के अनुसार अभियुक्त को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम में शामिल 01.उ0नि0 रणविजय सिंह थाना गोल्हौरा , 02. हे0का0 जयसिंह चौरसिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जिले के कठेला समयमाता थानाध्यक्ष शेषनाथ यादव के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने सामूहिक दुश्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया । पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व सुजीत राय क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन व शेषनाथ यादव थानाध्यक्ष थाना कठेला समयमाता के नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 55/2025 धारा 70(1) बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त को आज दिनांक 13 जून को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया ।

## कार व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार मां बेटा हुए घायल



बांसी। सिद्धार्थनगर।एन एच 28 पर कस्बे के नरकटहा स्थित फल मंडी के पास बृहस्पतिवार की रात नौ बजे कार व मोटरसाइकिल में टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल सवार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को इलाज के लिए उच्चीकृत संयुक्त अस्पताल बांसी पहुंचाया जहां दायित्वों के तत्परता दिखाते हुए डा 0 अश्वनी कु0 चौधरी ने दोनों घायलो का प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया है। कस्बे के नरकटहा निवासी 22 वर्षीय विशाल अग्रहरि ऊर्फ मोनू पुत्र विश्वनाथ प्रसाद अग्रहरि और

बेबी 45 वर्ष पत्नी विश्वनाथ प्रसाद अग्रहरि मोटरसाइकिल से नौगढ़ गए थे और वहां से लौटकर घर आ रहे थे जैसे ही फल मंडी के पास पहुंचे सामने से आ रही कार से टक्कर हो गया। जिससे मां बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस से बांसी अस्पताल पहुंचाया गया।

## खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई



सिद्धार्थनगर- आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ और जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने तहसील डुमरियागंज के तीन बाजारों में छापेमारी की। ये बाजार हैं - डुमरियागंज, हल्लौर और अजगरा। इस दौरान सहायक आयुक्त खाद्य आर.एल. यादव और नायब तहसीलदार डुमरियागंज भी मौजूद रहे। टीम ने मानक के अनुरूप न होने के संदेह पर 7 नमूने लिए। इनमें जगत पान मसाला, खोपरा लीची फ्लेवर, शाह जीरा, पोस्ता दाना, लौंग, जीरा और फ्रूट जूस लीची फ्लेवर शामिल हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है ।जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कार्रवाही की जाएगी। व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और मिलावटी खाद्य पदार्थों व खुले मसालों की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए।इस टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्र भानु, पी.के. वर्मा, जय प्रकाश, आर.एन. वर्मा और नीरज कुमार चौधरी शामिल थे।

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जोगिया उदयपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ऐस मोहम्मद उर्फ समीर अंसारी के रूप में हुई है। वह तुरकौलिया तिवारी, थाना पथरा बाजार का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी बांसी प्रवीण प्रकाश के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को जगमोहनी तिराहे से पकड़ा। आरोपी के खिलाफ थाना बांसी में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा उस पर गौ हत्या निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी समेत पुलिस की एक टीम शामिल रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## निजी अस्पताल में लगी आग, दो लोग घायल

नोएडा। नोएडा के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई जिसके कारण मरीजों को बाहर निकालना पड़ा। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए हैं। घटना सेक्टर-24 थाना क्षेत्र स्थित सुमित्रा अस्पताल की है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग भूतल पर बने रिकॉर्ड रूम में लगी जिससे अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और दमकल की छह गाड़ियों को मौके के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि आग भूतल तक सीमित रही, लेकिन एहतियातन पहली और दूसरी मंजिल के मरीजों को बाहर निकालना पड़ा जबकि तीसरी मंजिल के मरीजों को निकालने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने बताया कि एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## हाथरस सत्संग भगदड़ मामले में अगली सुनवाई 30 को

हाथरस। जिले में पिछले वर्ष एक सत्संग में मची भगदड़ को पूर्व नियोजित बताते हुए आरोपियों के वकील ने अदालत में पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया। हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील में दो जुलाई 2024 को प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के एक आध्यात्मिक कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गयी थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। प्रवचनकर्ता को छोड़कर कार्यक्रम के कुछ प्रमुख आयोजकों को मामले में आरोपी बनाया गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता एपी सिंह ने में शुक्रवार को बताया कि मामले में कुल 11 आरोपी हैं, जिनमें से 10 शुक्रवार को जिला अदालत में पेश हुए जबकि एक आरोपी अस्वस्थता के कारण पेश नहीं हो सका। सूरजपाल के कानूनी सलाहकार सिंह ने अदालत में आरोप लगाया कि यह एक पूर्व नियोजित भगदड़ थी और उन्होंने दावा किया कि पुलिस द्वारा सूचीबद्ध गवाहों सहित पूरा आरोपपत्र झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने जल्दबाजी में आरोप पत्र तैयार किया है। हम अदालत के सामने सच्चाई पेश कर रहे हैं और झूठ को उजागर कर रहे हैं।

वकील ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा, मौके पर मौजूद 73 पुलिसकर्मी चुप क्यों रहे? क्या वे नारायण साकर हरि की आध्यात्मिक उपस्थिति और शब्दों से प्रभावित थे, या वे आस्था और श्रद्धा से काम कर रहे थे? उन्होंने दावा किया कि अगर इन अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई की होती, तो षड्यंत्रकारियों द्वारा जहरीले स्प्रे के कथित इस्तेमाल को रोका जा सकता था और लोगों की जान बचाई जा सकती थी। नारायण सागर हरि ने कभी नहीं कहा कि चरण राज लेने से लोगों के जीवन में फायदा मिलेगा।

# यूपीएससी परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी वाला गिरफ्तार

- पुलिस ने शातिर से लाखों रुपये की नकदी व सोने के सिक्के किये बरामद



**मथुरा।** वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के पीआरओ बनकर हरियाणा की युवती से ठगी करने वाले आरोपी के पिता को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पिता के कब्जे से 13 लाख 95 हजार रुपए और 19 सोने के सिक्के बरामद किये है। आरोपी ने यूपीएससी परीक्षा पास कराने के नाम पर युवती से 27 लाख रु. और 19 सोने की सिक्के ठगे थे। आरोपी युवक को वाराणसी पुलिस ने गत दिन गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी ने बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपयों और सोने के सिक्कों की ठगी करने वाले आमीन पुत्र सरदार खां निवासी गांव देवसेरस थाना गोवर्धन को ठगी के 13 लाख 95 हजार रुपया व 19 सोने के सिक्के के साथ देवसेरस से डींग जाने वाले रास्ता, थाना क्षेत्र गोवर्धन से किया गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का गिरोह है जिसमें शातिर अपराधियों द्वारा जनता के लोगों से यूपीएससी में आफीसर पद की नौकरी दिलाने के नाम से लाखों रूपयों की ठगी करने का काम करते है। ये लोग जनता से फेसबुक अथवा विभिन्न सोशल

मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जुड़कर अपनी पहचान छिपाकर लोगों को गलत नाम बताकर यूपीएससी में आफीसर पद की नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करते है। इसी क्रम में इनके द्वारा माह फरवरी में वादिया मुकदमा से फेसबुक के माध्यम से जुडकर उनकी पुत्री को यूपीएससी में आफीसर पद की नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया देकर विभिन्न तिथियों में कुल 27 लाख रुपए व 19 सोने के सिक्के की ठगी की गयी थी। गिरोह के अभियुक्त सन्दीप जिसका सही नाम मुनफेद द्वारा वादिया मुकदमा से ठगी की गई थी। गिरोह के मुख्य अभियुक्त मुनफेद को कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस ने द्वारा गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त मुनफेद ने पूछताछ पर बताया की मैने माह फरवरी में एक पानीपत हरियाणा की रहने वाली एक महिला से कुल 27 लाख रुपए व 19 सोने सिक्को की ठगी करी थी। जिसका सारा पैसा व सोने के सिक्के मैने अपने घर अपने पिता को दिये थे। पूछताछ के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा द्वारा सहअभियुक्त (मुख्य अभियुक्त के पिता) को 13 लाख 95 हजार रुपए व 19 सिक्के के साथ गिरफ्तार किया गया है।

संक्षेप

## वेस्टीज ने लॉन्च किया एश्योर प्रीमियम फ्रेगरेंस कलेक्शन

नई दिल्ली। वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी पर्सनल केयर रेंज में नया सब-ब्रांड एश्योर प्रीमियम लॉन्च किया है। इस सब-ब्रांड के तहत एश्योर प्रीमियम फ्रेगरेंस को पेश करते हुए वेस्टीज ने प्रीमियम फ्रेगरेंस सेगमेंट में कदम रखा है। इस रेंज को आपकी मौजूदगी को खास बनाने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। बेहतरीन क्वालिटी के साथ खूबसूरती से तैयार की गई इस रेंज में दो नए फ्रेगरेंस: एश्योर प्रीमियम ब्लू (फॉर मेन) और एश्योर प्रीमियम एमोर (फॉर वीमेन) को लॉन्च किया गया है। इन परफ्यूम में टॉप, मिडिल और बेस नोट्स का खूबसूरत ब्लेंड मिलता है और एक लॉन्ग लास्टिंग इम्प्रेशन पड़ता है। फ्रेश टॉप नोट्स से शुरूआत करते हुए इसकी हर लेयर धीरे-धीरे खुलती है और खास मिडिल नोट की ओर पहुंचती है। आखिर में यह परफ्यूम लॉन्ग लास्टिंग बेस नोट पर सेटल हो जाता है। एश्योर प्रीमियम ब्लू एक बोल्ड और सॉफिस्टिकेटेड फ्रेगरेंस है, जो ड्राई वुडी, फ्रेश साइट्रस और फ्रूटी फैमिली से मिलता है। यह पाइनएप्पल, बर्गमॉट, ब्लैक करेंट और एप्पल के बेहतरीन टॉप नोट के साथ शुरूआत करता है, जिससे एक रिफ्रेशिंग एवं जिंदादिल एहसास होता है।

## भारतीय उपभोक्ताओं को मिलेगी डिजिटल फाइनेंसिंग की सुविधा

नई दिल्ली। सैमसंग ने अपने लोकप्रिय डिजिटल लेंडिंग प्रोग्राम, सैमसंग फाइनेंस+ का विस्तार किया है। यह प्रोग्राम लोगों को सैमसंग के बीस्पोक एआई उपकरणोंआसानी से खरीदने में मदद करता है। बैंगलोर और दिल्ली में सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया, सैमसंग फाइनेंस+ फाइनेंसिंग का पूरी तरह डिजिटल और आसान अनुभव देता है, जिसमें 15 मिनट में लोन मिल जाता है। यह प्रोग्राम बिना कागजी कार्रवाई के तेजी और आसानी से लोन प्रदान करता है। फाइनेंसिंग से ग्राहकों को सैमसंग के नए एआई-इनेबल्ड उपकरण जैसे रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीनें और एयर कंडिशनर्स आसानी से मिलेंगे। सैमसंग फाइनेंस+ को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को कम से कम कागजी कार्रवाई में फौरन लोन स्वीकृति मिल सके। सैमसंग फाइनेंस+ के लोन डीएमआई फाइनेंस जैसे बड़े वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर दिए जाते हैं, जो डिजिटल लोन में माहिर हैं, ताकि ग्राहकों को तेज और सुगम अनुभव मिले।

## आईपीक्यू अध्ययन के सातवें संस्करण की रिपोर्ट जारी

बंगलुरु। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है। आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं।

## वायदा बाजार में कच्चे तेल का भाव सार्वकालिक उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में तेज उछाल के मद्देनजर शुक्रवार को 578 रुपये की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 578 रुपये यानी 10.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में यह 423 रुपये या 7.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,156 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 6,907 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं और प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं ने कच्चे तेल के वायदा कारोबार में मजबूत खरीदारी को बढ़ावा दिया है। इज़राइल के ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है।

# सेंसेक्स में 573 अंकों की गिरावट




मुंबई। कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही। मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.30 प्रतिशत की सुस्ती रही। सबसे ज्यादा 2.06 प्रतिशत की गिरावट सेवा क्षेत्र में देखी गई जबकि बैंक खंड में 1.01 प्रतिशत और एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाइयां) खंड में 0.94 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,469 गिरावट के साथ बंद हुईं जबकि 1,516 शेयरों में तेजी रही और 137 अन्य परिवर्तित रहे। कमजोर वैश्विक संकेतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के कारण भारतीय शेयर बाजार में गिरावट रही। इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले के बाद तनाव बढ़ने से बाजार की धारणा पर खासा असर पड़ा, जिससे निवेशकों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति काफी बढ़ गई। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं, जो इस साल का उच्चतम स्तर है।

# सोना 2,200 रुपये उछलकर फिर एक लाख के पार, चांदी भी चमकी



नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई जो रिकॉर्ड स्तर के करीब है।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ने से सोने के दाम में तेजी रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले, 22 अप्रैल को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को भी चांदी 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही थी। सोने की कीमतों ने एक नई उंचाई को छुआ और एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, सर्राफा 3,440 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चला गया। इसका कारण निवेशकों ने बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के बीच सुरक्षित-संपत्तियों की ओर रुख किया। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 28.30 डॉलर प्रति औंस या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 3,415.13 डॉलर प्रति औंस हो गया। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद सोने में तेज उछाल आया।

## दो दिनों में निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी बाजार के निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच पिछले दो दिनों में बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट आई और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में खासी तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र में सेंसेक्स में कुल 1,396.54 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.30 प्रतिशत की सुस्ती रही। इस तीव्र गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्रों में 8,35,799.85 करोड़ रुपये घटकर 4,47,21,343.34 करोड़ रुपये रह गया। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर



मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त सप्ताह में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आंकड़ों के मुताबिक, छह जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर पहुंच गया।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी वित्त मंत्री

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में नरमी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी।

इस दौरान वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने हाल में नीतिगत दर रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती की थी और साथ ही बैंकों के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु नकद आरक्षित अनुपात में अप्रत्याशित रूप से एक प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में फैसला किया। इसके अलावा नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकों में नकदी में 2.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन और चालू वित्त वर्ष के लिए उनके लक्ष्यों की समीक्षा करेंगी। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उत्पादक क्षेत्रों को अपना ऋण बढ़ाने के लिए कह सकती हैं।

# वित्तीय नतीजों, वार्षिक रिपोर्टों के बीच अंतर कम करें: सेबी




मुंबई। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से आग्रह किया कि वित्तीय नतीजों की घोषणा और पूर्ण वार्षिक रिपोर्टों के प्रकाशन के बीच समय अंतराल को कम करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।

इसके अलावा, सीएफओ को लेखा परीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया है, ताकि अधिक जवाबदेह वित्तीय खुलासे किए जाएं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नारायण ने जन विश्वास को बनाए रखने में सीएफओ की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करने के साथ ही पूंजी निर्माण में हाल के रुझानों, आगे के अवसरों और जोखिमों तथा निरंतर पूंजी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विनियमों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस समय, वार्षिक नतीजों और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट के बीच का अंतर 70-140 दिनों तक है। खातों की टिप्पणी, आंतरिक नियंत्रण रिपोर्ट, लेखापरीक्षा के मुख्य मामले और सीएआरओ (कंपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट आदेश) खुलासे के साथ पूर्ण रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है। इस अंतर को कम करने से निवेशकों के लिए पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नारायण ने शुक्रवार को ईटीसीएफओ नेक्स्टजेन 2025 कार्यक्रम में लेखापरीक्षा योजना को आकार देने में लेखापरीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों की सुविधा के लिए सीएफओ की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि लेखापरीक्षकों को केवल अपने विशिष्ट मदों पर चर्चा करने से आगे बढ़कर लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में भाग लेना चाहिए। नारायण ने कहा कि इससे भरोसा बढ़ेगा और संबंधित पक्षों के बीच संचार के अधिक माध्यम खुलेंगे।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 55 पैसे टूटकर 86.07 पर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 55 पैसे टूटकर 86.07 (अस्थायी) पर आ गया। ईरान के परमाणु स्थलों पर इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में उछाल और डॉलर के मजबूत होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 7.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 74.40 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 55 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को रुपया 85.52 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू शेयर बाजार और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेश) निकासी ने स्थानीय मुद्रा में गिरावट को और बढ़ा दिया। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, रुपया 86.25 के निचले स्तर तक गिर गया, फिर 85.92 तक सुधरने के बाद अंततः 86.07 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 573.38 अंक टूटकर 81,118.60 अंक पर, जबकि एनएसई निफ्टी 169.60 अंक गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ।

छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला सूचकांक 0.33 प्रतिशत चढ़कर 98.24 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 3,831.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

पेज एक का शेष

## पीएम मोदी ने

हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इस दुर्घटना में सिर्फ एक यात्री बच पाया। विमान में दो पायलट तथा चालक दल के 10 सदस्य भी थे। इसके बाद मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से यहां सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने विमान में सवार यात्रियों में से एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मुलाकात की। मोदी अस्पताल के सी7 वार्ड में पहुंचे जहां 25 घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने सिविल अस्पताल के चिकित्सकों से भी बातचीत की। उन्होंने अस्पताल में करीब 10 मिनट का समय बिताया। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड (गुजसेल) के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस निरीक्षक चिराग गोसाई ने कहा, हमने छह शव परिजनों को सौंप दिए हैं। हमने शवों की पहचान के लिए डीएनए के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि पूरी तरह झुलस चुके शवों की पहचान की जा सके। 215 मृतकों के रिश्तेदारों ने अपने नमूने देने के लिए हमसे संपर्क किया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम कक्ष में पहुंचने वाले परिजनों से जानकारी जुटाने के बाद उन्हें डीएनए के नमूने देने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है। निरीक्षक ने बताया, डीएनए नमूने के मिलान की प्रक्रिया पूरी होने में करीब 72 घंटे लगेंगे। एक बार मिलान हो जाने पर शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। भारत आई ब्रिटेन की रहने वाली भूमि चौहान, अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुई एअर इंडिया की उड़ान छूटने पर भगवान का धन्यवाद कर रही हैं और अपनी किस्मत को सराह रही हैं। भूमि भारी ट्रैफिक में फंसने की वजह से हवाई अड्डे पर देरी से पहुंची थीं। भूमि ने कहा कि वह लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई 171 में सवार होने से सिर्फ 10 मिनट से चूक गईं। एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भूमि ने एक चैनल से कहा जब से मुझे दुर्घटना के बारे में पता चला है, मैं कांप रही हूं। मैं दोपहर 1.30 बजे हवाई अड्डे से निकली, क्योंकि यातायात के कारण मेरी फ्लाइट छूट गई थी। मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं। एक अधिकारी ने बताया कि विमान कर्मी दल के कम से कम नौ सदस्य महाराष्ट्र के थे जिनमें दोनों पायलट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विमान के पायलट कैप्टन सुमित पुष्करराज सभरवाल (56) मुंबई के पवई इलाके के जल वायु विहार के निवासी थे और अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ रहते थे। विमान के सह-पायलट क्लाइव कुंदर भी मुंबई के निवासी थे। चालक दल के सदस्य दीपक पाठक ठाणे जिले के बदलापुर में रहते थे। पाठक की बहन ने पहले बताया था कि लंदन जाने से पहले उन्होंने अपनी मां से बात की थी। उन्होंने बताया कि दीपक 11 वर्ष से एअर इंडिया में काम कर रहे थे। चालक दल की एक अन्य सदस्य मैथिली पाटिल (23) नवी मुंबई के न्हावा गांव की रहने वाली थीं। मैथिली दो वर्ष पहले एअर इंडिया से जुड़ी थीं और उनके पिता मोरेश्वर पाटिल ओएनजीसी में ठेकेदार हैं। न्हावा के एक पूर्व सरपंच ने बताया कि मैथिली ने लंदन जाने से पहले अपने पिता से बात की थी और शहर पहुंचने पर उन्हें फोन करने का वादा किया था। एक अन्य सदस्य अपर्णा महादिक (43) गोरेगांव की निवासी थीं और उनके पति भी एअर इंडिया में चालक दल के सदस्य के तौर पर काम करते हैं। अपर्णा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता सुनील तटकरे की रिश्तेदार थीं। रोशनी राजेंद्र सोनघरे डोंबिवली व सैनीता चक्रवर्ती जुहू कोलीवाड़ा की रहने वाली थीं और दोनों ही चालक दल सदस्य के रूप में विमान में सवार थीं। रोशनी के इंस्टाग्राम पर 54,000 से ज्यादा फॉलोअर थे और वह एक ट्रैवल इन्फ्लुएंसर भी थीं।

## इजराइल ने

मारे गए हैं। इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी। इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के बीच हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। क्षेत्र के देशों ने इजराइल के हमले की निंदा की, जबकि विश्वभर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान के लगभग 100 ठिकानों पर शुरुआती हमले में लगभग 200 विमान शामिल थे। दो सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि देश (इजराइल) की जासूसी एजेंसी मोसाद समय से पहले ईरान के अंदर विस्फोटक ड्रोन तैनात करने और फिर उन्हें तेहरान के पास ईरानी बेस पर मिसाइल लॉंचर को निशाना बनाने के लिए सक्रिय करने में भी सक्षम थी।

उन्होंने कहा कि इजराइल ने मध्य ईरान में हथियारों के साथ-साथ वाहनों पर हमला करने वाली प्रणालियों की भी तस्करी की थी, जिन्हें ईरानी हवाई सुरक्षा पर हमला शुरू होते ही सक्रिय कर दिया गया था। अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर इस बेहद गोपनीय मिशन के बारे में बात की हालांकि उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं हो सका। कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इजराइली हमले के लक्ष्यों में कई स्थान शामिल थे, जिनमें नतांज में ईरान की मुख्य परमाणु संवर्धन सुविधा भी शामिल थी, जहां से काला धुआं उठता देखा जा सकता था। बाद में सुबह, इजराइल ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में दर्जनों रडार प्रतिष्ठानों और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लॉन्चरों को भी नष्ट कर दिया है। मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी और गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक जनरल अमीर अली हाजीजादेह, शामिल हैं।

ईरान ने तीनों मौतों की पुष्टि की है, जो तेहरान की शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है और इससे इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के प्रयास जटिल हो जाएंगे। खामेनेई ने कहा कि अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक भी मारे गये। अपनी पहली प्रतिक्रिया में, ईरान ने इजराइल पर 100 से ज़्यादा ड्रोन दागे, इराक और जॉर्डन दोनों ने पुष्टि की कि वे उनके हवाई क्षेत्र से होकर गुजरे थे। इजराइल ने कहा कि ड्रोन को उसके हवाई क्षेत्र के बाहर ही मार गिराया जा रहा था और यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि कोई ड्रोन उसके हवाई क्षेत्र में घुसा या नहीं। हमलों के बारे में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से अपने परमाणु कार्यक्रम पर वाशिंगटन के साथ समझौता करने का फिर से आग्रह किया, तथा अपने ट्रुथ सोशल मंच पर चेतावनी दी कि इजराइल के हमले और भीषण होंगे।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि अब भी समय है कि इस नरसंहार को रोका जाए, क्योंकि पहले से योजनाबद्ध आगामी हमले और भी भीषण होंगे। ट्रंप ने ईरान से अपील की कि वह परमाणु समझौता कर ले, इससे पहले कि कुछ भी न बचे और जिसे कभी ईरानी साम्राज्य के रूप में जाना जाता था, उसे बचा ले। अब और मौत नहीं, अब और विनाश नहीं, बस कर डालो, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। वाशिंगटन ने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम पर जारी वार्ता के दौरान इजराइल को हमले के प्रति आगाह किया था। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि इन हमलों में उसका कोई हाथ नहीं है। साथ ही उसने अमेरिकी हितों या कर्मियों को निशाना बनाकर किसी भी प्रकार की कार्वाई किए जाने के प्रति चेतावनी दी है। ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका को संदेह हो गया था कि हमला हो सकता है क्योंकि बुधवार को वाशिंगटन ने इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। इजराइली नेताओं ने इस हमले को राष्ट्र के अस्तित्व की लड़ाई बताया और कहा कि इस बात का खतरा था कि ईरान परमाणु बम बना सकता है और इस आसन्न खतरे को रोकने के लिए यह हमला आवश्यक था। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान इस लक्ष्य को प्राप्त करने के कितने करीब है या क्या ईरान वास्तव में निकट भविष्य में हमला करने की योजना बना रहा था। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया, इसमें एक साल लग सकता है। यह कुछ महीनों में भी हो सकता है। उन्होंने इस खतरे को दूर करने के लिए जब तक आवश्यक हो, हमले जारी रखने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा, यह इजराइल के अस्तित्व के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा खतरा है। घबराये हुए इजराइली लोग बोतलबंद पानी और अन्य सामान खरीदने के लिए तेल अवीव, यरुशलम और अन्य स्थानों के सुपरमार्केट की ओर निकल पड़े, तथा व्हाट्सएप ग्रुप पर संदेश प्रसारित करते हुए एक-दूसरे को सलाह दी कि वे अपने आश्रय स्थलों को संभावित दीर्घकालिक उपयोग के लिए तैयार रखें। इस बीच, ईरान में संग्रहालयों को बंद कर दिया गया और मूल्यवान वस्तुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना शुरू कर दिया गया। राज्य से संबद्ध बोर्ना समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। ईरान का दावा है कि इजराइल ने आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाया। खामेनेई ने एक बयान में कहा, इजराइल ने हमारे प्यारे देश में अपराध के लिए अपना दुष्ट और खून से सना हाथ फैलाया है, तथा आवासीय केंद्रों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को पहले से कहीं अधिक उजागर कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में ईरान के नतांज स्थित यूरेनियम संवर्धन केंद्र को निशाना बनाया गया और कहा कि वह विकिरण के स्तर पर करीबी नजर रख रही है।

## नेतन्याहू ने

बेहद चिंतित है और बन रही स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारत ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के मुताबिक इजराइल ने ईरान के विभिन्न स्थानों पर हमले किए हैं, जिनमें परमाणु और मिसाइल स्थलों तथा शीर्ष सैन्य अधिकारियों को निशाना बनाया गया है।

## छात्रावास परिसर

अहमदाबाद में एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 241 लोगों की मौत होने के एक दिन बाद दिया गया है। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और टेक-ऑफ (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअरइंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को जीईएनएक्स इंजन से लैस अपने बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्वाई करने का तत्काल प्रभाव से निर्देश दिया है।

ये कार्वाई डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से की जाएंगी।




# भारतीय महिला हॉकी टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा



लंदन। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी।

भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि हमने हर विभाग में काम किया है। लेकिन मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग। मैच के परिणाम में इन दोनों की भूमिका काफी अहम होती है। सिंह ने यह भी बताया कि ड्रैग फ्लिकर दीपिका और मनीषा ने दौरे से पहले नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ टून सीपमैन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष शिविर में भाग लिया था। सिंह ने कहा, ड्रैग फ्लिकिंग के लिए दीपिका और मनीषा ने टून सीपमैन से प्रशिक्षण लिया, जिनके पास दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को कोचिंग देने का वर्षों का अनुभव है। भारतीय महिला टीम फरवरी में प्रो लीग के भारत चरण के दौरान मिली लय को जारी रखना चाहेगी। टीम ने भुवनेश्वर में विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड को 2-2 से ड्रॉ पर रोका था और शूटआउट के जरिए बोनस अंक अर्जित किया था। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पांच मैत्री मैचों से टीम को सामंजस्य को बेहतर बनाने का मौका मिला है। सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि टीम चार (प्रो लीग) मैचों में अच्छा परिणाम हासिल करेगी। प्रो लीग के जरिये भारतीय टीम के पास विश्व कप का टिकट पक्का करने का भी मौका होगा। बेल्जियम और नीदरलैंड पहले ही विश्व कप के सह-मेजबान के रूप में क्वालीफाई कर चुके हैं और जर्मनी पिछले साल प्रो लीग जीतने के कारण विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। दो टीमें मेजबान के रूप में स्वतः क्वालीफाई कर चुकी हैं। जर्मनी ने पिछली प्रो लीग जीती थी और वह भी क्वालीफाई कर चुका है। इसलिए हमें इंग्लैंड और स्पेन से ऊपर रहना होगा। इंग्लैंड पांच अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है जबकि स्पेन 12 मैचों में 14 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

# मां के अस्पताल में भर्ती होने के बाद स्वदेश लौटे कोच गंभीर



बेकेनहैम (ब्रिटेन)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी।

सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा कि गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था। वह और उनका परिवार गुरुवार को भारत के लिए रवाना हुए और वे दिल्ली पहुंच गए हैं। गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे भारत और भारत ए के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच के दौरान मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक जैसे अन्य कोचिंग स्टाफ से सहायता मिलेगी। अगर गंभीर के घर पर सब कुछ ठीक रहा तो उनके एक सप्ताह के भीतर इंग्लैंड लौटने की उम्मीद है। उनकी मां की स्थिति में सुधार दिख रहा है हालांकि वह अभी आईसीयू में हैं। पूरी संभावना है कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह शुरुआती टेस्ट (20 जून से शुरू होने वाला) से पहले वापस ब्रिटेन आ जाएंगे।

# मराठा रॉयल्स ने टी-20 मुंबई लीग का खिताब जीता

मुंबई। राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया।

मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

## संक्षेप

### अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल

गुरुग्राम। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि 29 नवंबर से शुरू होने वाले अल्टीमेट खो-खो (यूकेके) के तीसरे सत्र में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि आगामी सत्र के लिए नीलामी में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र की शुरुआत 29 नवंबर 2025 से हो रही है। हम गर्व के साथ यह घोषणा कर रहे हैं कि इसमें पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल लीग की प्रतिस्पर्धा को नयी ऊंचाई देगा बल्कि भारत को खो-खो का वैश्विक केंद्र बनाने की हमारी दृष्टि को भी दर्शाता है। इस अवसर पर केकेएफआई ने खो-खो सहित स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैक्षिक और वैज्ञानिक संसाधन विकसित करने के लिए एसजीटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत

एंटवर्प। भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया।

### अवनि दूसरे स्थान पर

हुलेनकोर्ट (बेल्जियम)। भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने चार अंडर 68 के स्कोर के साथ सत्र की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की, जिससे वह हुलेनकोर्ट महिला ओपन के पहले दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गयीं। अवनि ने दोपहर के समय अंतिम ग्रुप में खेलते हुए तीन बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाईं। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट पहले दिन 67 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। अवनि और जर्मनी की हेलेन ब्रीम उनसे एक शॉट पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

# भारतीय खिलाड़ियों ने विमान दुर्घटना के पीड़ितों के प्रति शोक व्यक्त किया



बेकेनहैम (इंग्लैंड)। भारतीय खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने शुक्रवार को यहां इंट्रा-स्क्वाड (भारत और भारत ए के खिलाड़ियों की टीमें) मैच की शुरुआत से पहले अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखा और बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरे।

बृहस्पतिवार दोपहर 242 लोगों को ले जा रहा बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई 171) विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें एक विमान सवार को छोड़कर सभी की मौत हो गयी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि बेकेनहैम में इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे हैं। बयान में कहा गया, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन भी रखा गया। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले लॉर्ड्स में भी एक मिनट का मौन रखा गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में क्रिकेट जगत ने अहमदाबाद त्रासदी में मारे गए लोगों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरे। इससे पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा सहित इंग्लैंड दौरे पर गये सदस्यों ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में दुर्घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने भी सोशल मीडिया के जरिये इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले और उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# एफआईएच प्रो लीग में भारत की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर



एंटवर्प। लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका। ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ भारत को अब किसी भी तरह की गलती से बचना होगा और जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। भारत ने पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और टीम उस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। भारत अपने यूरोपीय चरण का समापन 21 और 22 जून को बेल्जियम के खिलाफ दो मैचों के साथ करेगा।

# सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



म्यूनिख। उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी।

अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 574 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं। फाइनल मुकाबले के दौरान कमेंट्री कर रहीं भाकर ने अपनी हमवतन के स्वर्ण पदक जीतने पर खुशी जाहिर की।

# इंग्लैंड में निरंतरता बनाये रखना महत्वपूर्ण होगा: मोर्कल



बेकेनहैम (केंट)। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा कि मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है, हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं, इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही बेसिक्स (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेंगे। मोर्कल ने कहा, कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा, हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है। आपको टेस्ट श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि अब तक परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। मोर्कल ने कहा कि अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। यह बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी थी, जिससे उन्हें आगामी चुनौती के लिए तैयार होने में भी मदद मिली। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 20 जून को लीड्स में शुरू होगा।

# भारत के तायडे ने चमक बिखेरी, टीम एमजीडी1 दूसरे दिन संयुक्त बढ़त पर



लंदन। भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम एमजीडी। यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में हेक्सामाइंड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ हेक्सामाइंड और टीम एमजीडी। तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम डब्ल्यूआर शतरंज के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है। यह टीम अभी छठे पायदान पर है। पांचवे चरण में आनंद की अगुआई वाली फ्रीडम के साथ ड्रॉ के बाद अर्जुन एरिगैसी की अगुआई वाली टीम एमजीडी। ने छठे चरण में शीर्ष वरीयता प्राप्त डब्ल्यूआर शतरंज को 4-2 से हराया। सातवें राउंड में एमजीडी। ने जर्मनी और फ्रेंड्स पर 3.5-2.5 की मामूली जीत दर्ज की। दिन के आठवें और अंतिम चरण में हेक्सामाइंड ने एमजीडी। को 4-2 से करारी शिकस्त दी। टीम इस जीत से तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गयी।

# स्वास्थ्य और शिक्षा का केंद्र एम्स : नड्डा

## शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते है



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रत्येक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ये संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा जुड़े विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने एम्स नागपुर में मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों पर आयोजित प्रथम सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही।

इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न एम्स द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय विधियों को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, संचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश भर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय ने सम्मेलन में सहयोग किया। नड्डा ने एम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक एम्स उन्नत चिकित्सकीय देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। उन्होंने प्रत्येक नये एम्स की सर्वोत्तम विधियों और नवाचारों को अन्य एम्स के साथ साझा करने के महत्व पर जोर दिया ताकि उनका व्यापक रूप से उपयोग किया जा सके। उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाने और सर्वोत्तम विधियों पर पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए एम्स नागपुर की सराहना की। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सकों को तैयार करने में एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षण-अध्ययन के क्षेत्र में, योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम को अपनाना, डिजिटल शिक्षण में निवेश, अत्याधुनिक सिमुलेशन प्रयोगशालाएं और संरचित मेंटरशिप कार्यक्रमों का कार्यान्वयन शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस बात को भी रेखांकित किया कि नये एम्स क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक अध्ययनों, नैतिक क्लिनिकल परीक्षणों और अनुवाद संबंधी शोध के माध्यम से देश की वैज्ञानिक प्रगति में योगदान दे रहे हैं।

# एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का किया दौरा



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान बृहस्पतिवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 की मौत हो गई। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि एआई171 विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी। नागर विमानन मंत्रालय के तहत आने वाले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। भारतीय हवाई क्षेत्र में परिचालन करने वाले विमानों से जुड़ी सुरक्षा संबंधी घटनाओं को दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं में वर्गीकृत करने की जिम्मेदारी एएआईबी की है। गुजरात पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स बरामद करने के प्रयास जारी हैं, क्योंकि इसके विश्लेषण से इस हादसे के कारणों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलेंगे। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है।

# ईडी ने बिहार सरकार में निविदा अनियमितता मामले में छापे मारे

नयी दिल्ली। बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।



संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें कहा गया कि ठेकेदार से जुड़े कुछ लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। धन शोधन का मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है। ठेकेदार की कंपनियां बिहार सरकार के विभिन्न विभागों जैसे जल संसाधन, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी विकास, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम, शिक्षा, भवन एवं निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग में अनुबंध और उप-अनुबंध हासिल करती हैं। ईडी ने कहा कि ऐसा आरोप है कि ठेकेदार ने अवैध व्यक्तिगत लाभ के खातिर निविदाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न सरकारी अधिकारियों के साथ सांठगांठ की। एजेंसी ने मार्च में इस मामले में कुछ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी की थी और 11.64 करोड़ रुपये जब्त किए थे।

# भाजपा ने पौराणिक सरस्वती सभ्यता को दिया बढ़ावा

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विश्वसनीय साक्ष्य के बिना पौराणिक सरस्वती सभ्यता को बढ़ावा दिया, लेकिन तमिल संस्कृति की प्राचीनता को खारिज कर दिया।

स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट किया, कीझाड़ी में खुदाई पर कार्बन उम्र निर्धारण पद्धति से निर्धारित पुरातन कलाकृतियां और अंतराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं की एक्सेलेरेटर मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एएमएस) रिपोर्ट पेश किए जाने के बावजूद वे अधिक सबूत मांग कर रहे हैं। और सबूत यहां है। स्टालिन ने कहा कि लेकिन इसके विपरीत प्रतिष्ठित इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के कड़े विरोध के बावजूद भाजपा ने पौराणिक सरस्वती सभ्यता को बढ़ावा देना जारी रखा है।

उन्होंने कहा कि वे (भाजपा नेता) ऐसा बिना किसी विश्वसनीय सबूत के करते हैं, जबकि तमिल संस्कृति की प्राचीनता को पूरी तरह से खारिज करते हैं। स्टालिन ने कहा कि जब बात कीझाड़ी और तमिल विरासत की स्थायी सच्चाई की आती है, तो भाजपा-आरएसएस का तंत्र पीछे हट जाता है, इसलिए नहीं कि सबूतों का अभाव है, बल्कि इसलिए कि सच्चाई उनकी पटकथा के अनुकूल नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने इतिहास को उजागर करने के लिए सदियों तक संघर्ष किया है। वे इसे मिटाने के लिए हर दिन संघर्ष करते हैं। दुनिया देख रही है। समय भी देख रहा है। कीलाड़ी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की टिप्पणी पर स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार तमिल लोगों की प्राचीनता को छिपाने और नष्ट करने की कोशिश कर रही है। शेखावत ने कहा था कि शिवगंगा जिले के कीलाड़ी में एक प्राचीन सभ्यता पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के निष्कर्षों को स्वीकार्य बनाने के लिए और अध्ययन की जरूरत है।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल, कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में हैं जयशंकर



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं।

बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फ्रांस में आर्मीनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग व क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और विशेष रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति से दूसरे देशों को अवगत कराने के लिए यूरोप की यात्रा के तहत फ्रांस में हैं। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को बैठक के बाद एक्स पर लिखा, आज मार्सिले में आर्मीनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारे घनिष्ठ सहयोग के साथ साथ क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। मिर्जोयान ने मार्च में भारत का दौरा किया था। यात्रा के दौरान, उन्होंने राजनीतिक आदान-प्रदान, व्यापार, आर्थिक, संपर्क, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों सहित बढ़ते भारत-आर्मीनिया द्विपक्षीय सहयोग की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की थी।

# सह-पायलट कुंदर अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे उन्हें क्रिकेट खेलना पसंद था

मुंबई। एअर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के सह-पायलट क्लाइव कुंदर के मित्रों ने उन्हें एक अच्छे स्वभाव वाला एवं खेलों का शौकीन व्यक्ति बताया और कहा कि वे यह विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी मृत्यु हो गई है।

सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बृहस्पतिवार दोपहर उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे के एक दिन बाद, कुंदर के दोस्तों ने कहा कि टेलीविजन समाचार चैनलों पर दिखाए जा रहे दृश्य उन्हें परेशान कर रहे हैं।

विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री जीवित बचा है। क्लाइव और उनका परिवार बोरीवली और फिर गोरेगांव जाने से पहले सांताक्रूज के कलिना में जेरोम अपार्टमेंट में रहते थे। उनके एक मित्र ने यह जानकारी दी। जेरोम अपार्टमेंट में कुंदर परिवार के पड़ोसी फ्लॉयड डिसूजा ने बताया कि पायलट बनने के अपने सपने को सफलतापूर्वक पूरा करने से पहले क्लाइव ने एक साल तक एयरोनॉटिकल इंजीनियर के तौर पर काम किया था। डिसूजा ने कहा कि वह और उनके परिवार के सदस्य बहुत अच्छे स्वभाव के थे। जब क्लाइव पायलट बने तो वे बहुत खुश हुए। मेरे एक मित्र ने जब मुझे अहमदाबाद विमान दुर्घटना और क्लाइव के बारे में बताया तो मैं स्तब्ध रह गया। क्लाइव के पिता क्लिफोर्ड के मित्र बोनाफेसियो मुर्जेलो ने बताया कि क्लाइव आवासीय परिसर में क्रिकेट खेला करते थे। उन्होंने कहा कि हम उनके पिता को रैम्बो कहते थे क्योंकि उन्हें बॉडीबिल्डिंग का शौक था।

# अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ छापेमारी को लेकर राष्ट्रव्यापी विरोध

ऑस्टिन। अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ छापेमारी के खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर विभिन्न शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के लगभग 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। एक अपीलीय अदालत ने संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें।

न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने इस आदेश को अभूतपूर्व बताया और कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा। संघीय सरकार ने तुरंत इस आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। अपीलीय अदालत ने कहा कि वह 17 जून को इस मामले पर सुनवाई करेगी। हिंसक प्रदर्शनों के कारण अधिकारियों को लास एंजिलिस और स्पोकेन में कर्फ्यू लगाना पड़ा। टेक्सास और मिसौरी के रिपब्लिकन गवर्नरों ने नेशनल गार्ड सैनिकों को तैनात किया है ताकि वे अपने राज्यों में प्रदर्शनों को नियंत्रित करने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की मदद कर सकें।

## इंटरटेनमेंट...

# ‘हेरा फेरी-3’ में नहीं लौटेंगे परेश रावल



**मुंबई।** परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी-3 छोड़ दी है, जिससे मेकर्स और उनके बीच लीगल लड़ाई शुरू हो चुकी है। परेश रावल ने साइनिंग अमाउंट भी लौटा दिया है। हालांकि दूसरी तरफ हेरा फेरी फ्रेंचाइजी के फैंस लगातार उनकी फिल्म में वापसी की मांग कर रहे हैं। इन फैंस में इन्फ्लूएंसर आशीष चंचलानी भी शामिल हैं। हालांकि परेश रावल ने फैंस की रिक्वेस्ट पर साफ इनकार कर दिया है। इसी बीच जब एक फैन ने कहा कि परेश रावल हेरा फेरी के हीरो हैं, तो एक्टर ने टोकते हुए अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी को भी फिल्म का हीरो बताया है। दरअसल, हाल ही में एक फैन ने परेश रावल से फिल्म छोड़ने पर दोबारा विचार करने की बात कही। फैन ने लिखा, सर प्लीज सोचिए, हेरा फेरी को फिर जॉइन करने के बारे में। आप इस फिल्म के हीरो हैं। इस पोस्ट के जवाब में परेश रावल ने लिखा, नहीं, हेरा फेरी में 3 हीरो हैं। परेश रावल का रिएक्शन आने के बाद पॉपुलर इन्फ्लूएंसर ने कमेंट में लिखा, सर मैं जानता हूं कि आप बाबू भैया के रोल से थका हुआ महसूस कर रहे होंगे और ये आपके लिए मुश्किल सिचुएशन होगी, जिसे कोई और नहीं समझ सकता। लेकिन हम सब दिल से रिक्वेस्ट कर रहे हैं कि लौट आइए। आप वाकई इस फ्रेंचाइजी की आत्मा हैं। आशा है आप कोई रास्ता ढूंढ निकालेंगे। दरअसल, परेश रावल हेरा फेरी 3 का हिस्सा थे, हालांकि उन्होंने अचानक फिल्म छोड़ दी। फिल्म को अक्षय कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। ऐसे में परेश के फिल्म छोड़ने की खबर आने के बाद एक्टर की टीम ने उन्हें लीगल नोटिस भेज दिया। विवाद बढ़ने पर परेश रावल ने फिल्म का साइनिंग अमाउंट 11 लाख रुपए 5 प्रतिशत ब्याज के साथ लौटा दिया। विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि परेश रावल ने मेकर्स से फिल्म छोड़ने की बात करने से पहले मीडिया में इसकी अनाउंसमेंट कर दी थी। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने मिड डे को दिए इंटरव्यू में कहा- अक्षय कुमार का फिल्म के साथ भावनात्मक लगाव है। जब उनको जब परेश के फिल्म छोड़ने के फैसले के बारे में पता चला तो वे इमोशनल हो गए। वे रोने लगे और मुझसे पूछा- परेश ऐसा क्यों कर रहे हैं? अगर परेश फिल्म नहीं करना चाहते हैं तो इसकी वजह से अक्षय कुमार को पैसों का नुकसान नहीं होना चाहिए। मैं समझता हूं कि अक्षय ने नोटिस भेजने का कदम क्यों उठाया है? परेश को जो भी फैसला लेना था, एक बार हमसे बात करते। हम सब सालों से दोस्त हैं, एक कॉल पर सारी बात बताई और समझी जा सकती थी।

# गायक सिद्धू मूसेवाला की जयंती पर उनके तीन नये गीत रिलीज

चंडीगढ़। पंजाबी गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला की 32 वीं जयंती के अवसर पर उनके परिजन ने उनके तीन नए गीत रिलीज किए हैं। इस मौके पर 0008, नील और टेक नोट्स इन गीतों को बुधवार को दिवंगत गायक के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जारी किया गया और यूट्यूब पर इन्हें लाखों व्यूज मिले हैं। रिलीज किए गए नए गीत मूसे प्रिंट के प्ले (ईपी) का हिस्सा हैं। मूसेवाला के सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में लिखा गया जन्मदिन की बधाई सिद्धू मूसेवाला मूसे प्रिंट अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और यूट्यूब पर उपलब्ध है। टेक नोट्स को यूट्यूब पर 85 लाख से अधिक व्यूज मिले, 0008 और नील को 65 लाख से अधिक व्यूज मिले हैं।




# मालदीव ग्लोबल टूरिज्म की एम्बेसडर बनीं कैटरीना



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं। गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा, मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं।

# पीड़ित परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं

नयी दिल्ली। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास सहित फिल्म जगत की हस्तियों ने अहमदाबाद में निकट एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया।



बृहस्पतिवार दोपहर 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के आवासीय क्वार्टर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एअर इंडिया ने विमान दुर्घटना में 241 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इस दुर्घटना में एक यात्री बाल-बाल बच गया, जबकि मेडिकल कॉलेज के क्वार्टर में रह रहे कुछ लोगों की भी मौत हो गयी। शाहरुख खान, अक्षय कुमार, आलिया भट्ट, अल्लू अर्जुन और करण जौहर समेत कई जानी-मानी हस्तियों ने बृहस्पतिवार को इस घटना पर दुख जताया। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा बेहद दुखद। एअर इंडिया विमान हादसे में प्रभावित सभी लोगों और अकल्पनीय क्षति का सामना कर रहे परिवारों के लिए प्रार्थना कर रही हूं। अभिनेता सलमान खान ने भी इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। सलमान ने इस घटना के मद्देनजर इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के लिए अपना एक कार्यक्रम रद्द कर दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। यात्रियों, चालक दल और प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के लिए हार्दिक प्रार्थनाएं। अभिनेता-फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने कहा कि इस घटना के बारे में जानकर दिल टूट गया। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने अपने परिवार के सदस्य या दोस्त को खोया है, उनके प्रति गहरी संवेदना।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com